RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net वर्ष 34 ■ अंक 08 ■ मुंबई, रविवार 3 अगस्त 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 संरक्षक : आरएन सिंह



भगवा आतंकवाद का नैरेटिव ध्वस्त पेज-4



प्रयागराज में गंगा और यमुना खतरे के निशान के पहुंची पार पेज-6



रोजाना क्यों करना चाहिए महा मृत्युंजय मंत्र का जाप? पेज-8



मोहम्मद सिराज ने बुमराह का रिकॉर्ड किया ध्वस्त पेज-9

## Short News एक नजर

### झारखंड के पूर्व CM शिबू सोरेन की हालत गंभीर

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता शिबू सोरेन वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं और उनकी हालत गंभीर है। वह एक महीने से ज्यादा समय से दिल्ली के श्री गंगा राम अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें जून के आखिरी हफ्ते में किडनी संबंधी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 81 वर्षीय शिबू सोरेन लंबे समय से अस्पताल में नियमित उपचार ले रहे हैं। 24 जून को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना था। उन्होंने कहा था कि उन्हें हाल ही में यहां भर्ती कराया गया था, इसलिए हम उनसे मिलने आए थे। उनकी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की जा रही है।

### केदारनाथ यात्रा फिर शुरू



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण यह यात्रा कई दिनों से बाधित थी। हालांकि अब बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के लिए अब श्रद्धालुओं को पहले से ज्यादा पैदल चलकर बाबा के धाम पहुंचना होगा।

### अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले बंद

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा को शुक्रवार से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है।

### किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार यानी 2 अगस्त को किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना की 20वीं किस्त जारी की। PM मोदी वाराणसी उत्तर प्रदेश से 9.7 करोड़ किसानों के अकाउंट में 20वीं किस्त के रूप में 20.84 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। इससे पहले 24 फरवरी को पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त जारी की थी। तब 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई थी। इस योजना के तहत किसानों के खाते में हर साल तीन किश्तों में 2-2 हजार रुपए ट्रांसफर किए जाते हैं। पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है।

# ट्रंप के 'टैरिफ बम' पर मोदी का 'ब्रह्मास्त्र'

## देशवासियों से कर दी बड़ी अपील : वही खरीदेंगे-बेचेंगे जिसे बनाने में भारतीय का पसीना बहा

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 25 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपनी मंशा साफ कर दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशवासियों से 'स्वदेशी' की भावना को पुनर्जीवित करने की पुरजोर अपील की और भारतीयों से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के दौर में एकजुट होने का आग्रह किया। अपने वाराणसी लोकसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने आगाह किया कि विश्व अर्थव्यवस्था अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर में प्रवेश कर रही है। आर्थिक प्रगति की चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं आपका ध्यान वर्तमान वैश्विक परिदृश्य की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। विश्व अर्थव्यवस्था अस्थिरता और अनिश्चितता का सामना कर रही है। ऐसे समय में देश केवल अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और उसे अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं के प्रति सचेत रहना चाहिए।



### अब वह समय आ गया है कि...

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वदेशी उद्योग को समर्थन देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि हर भारतीय, चाहे वह किसी भी राजनीतिक विचारधारा का हो, पक्षपात से ऊपर उठकर स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करे। उन्होंने कहा कि यह केवल मोदी के कहने की बात नहीं है, बल्कि हर भारतीय को यह कहना चाहिए। अगर हम चाहते हैं कि भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने, तो हर राजनीतिक दल और हर नेता को अपनी झिझक छोड़कर राष्ट्रहित में काम करना होगा और लोगों में स्वदेशी की भावना जगानी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि सरकार किसानों, लघु उद्योगों और युवाओं को रोजगार देने के लिए अपनी भूमिका निभा रही है। लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि नागरिकों की भागीदारी के बिना राष्ट्रीय परिवर्तन संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है। लेकिन नागरिकों के रूप में हमारी भी जिम्मेदारियां हैं।

### त्यौहार और शादी में देश निर्मित सामान ही बेचें

प्रधानमंत्री मोदी ने दुकानदारों और व्यापारियों से सीधी अपील करते हुए कहा कि वे केवल भारत में निर्मित सामान ही बेचें, खासकर त्यौहारों और शादियों के मौसम को देखते हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, आइए हम अपनी दुकानों और बाजारों से केवल स्वदेशी सामान बेचने का संकल्प लें। भारत में निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देना ही देश की सच्ची सेवा होगी।

### सिंदूर के बदले का वचन पूरा

पीएम मोदी ने कहा- मैंने बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो पूरा हो गया। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो हमारी मिसाइलें आतंकियों को तबाह कर देंगी। भारत पर वार करने वाला दुश्मन पाताल में भी नहीं बचेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखी। ड्रोन, मिसाइलें, एयर डिफेंस ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया है।

## मालेगांव ब्लास्ट पर प्रज्ञा ठाकुर का दावा

# मोदी-योगी का नाम लेने के लिए डाला गया भारी दबाव

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भाजपा की पूर्व सांसद और मालेगांव बम धमाके में हाल ही में बरी हुईं प्रज्ञा ठाकुर ने एक सनसनीखेज दावा किया है। उन्होंने कहा है कि जांचकर्ताओं ने मालेगांव ब्लास्ट मामले में पीएम मोदी, आरएसएस चीफ मोहन भागवत, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ समेत अन्य का नाम लेने के लिए उन पर दबाव बनाने की कोशिश की थी।

प्रज्ञा ठाकुर ने दावा किया कि पीएम मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा, आरएसएस से जुड़े चार लोगों को फंसाने के लिए उन्हें मजबूर किया गया था। आरएसएस नेताओं में इंद्रेश कुमार का भी नाम शामिल था। प्रज्ञा ठाकुर ने शनिवार को कहा, "उन्होंने मुझे राम माधव समेत कई लोगों के नाम लेने को कहा था। यह सब करने के लिए मुझे प्रताड़ित किया गया। मेरे फेफड़े जवाब दे गए और मुझे अस्पताल में अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। यह सब उस



कहानी का हिस्सा होगा, जो मैं लिख रही हूं। सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता है। मैं गुजरात में रहती थी, इसलिए मुझसे पीएम मोदी का नाम लेने के लिए भी कहा गया। हालांकि, मैंने किसी का नाम नहीं लिया, क्योंकि वे मुझसे झूठ बोलने के लिए कह रहे थे।"

इससे पहले पूर्व एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) के सदस्य रहे महबूब मुजावर ने भी कुछ ऐसा ही दावा किया था। उन्होंने कहा था कि टीम के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनसे आरएसएस चीफ मोहन भागवत को अरेस्ट करने के लिए कहा था, लेकिन मैंने उसे मानने से इंकार कर दिया। मुजावर ने शुक्रवार को भी यह दावा किया कि इसके पीछे उद्देश्य जांच को गलत दिशा में ले जाकर भगवा आतंकवाद का मामला बनाना था।

एनआईए की विशेष अदालत ने गुरुवार को प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित और पांच अन्य को मालेगांव ब्लास्ट मामले में बरी कर दिया। इसके बाद, प्रज्ञा समेत अन्य ने कांग्रेस की पूर्व सरकार पर इस मामले में फंसाने का आरोप लगाया और जमकर निशाना साधा। महाराष्ट्र के मालेगांव शहर में 29 सितंबर 2008 को हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत के लगभग 17 साल बाद मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि उनके खिलाफ कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है।

# अब स्कूल में ही तय होगा भविष्य

## छात्रों को मिलेगा 'कैरियर कार्ड'



**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**

स्कूली छात्रों के लिए अब कैरियर की राह स्कूल से ही तय होगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT) ने स्कूली शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत SCERT ने 'कैरियर कार्ड' की शुरुआत करने का निर्णय लिया है, जो छात्रों को 13 क्षेत्रों में उपलब्ध 500 से अधिक नौकरियों की विस्तृत जानकारी देगा। बता दें कि यह कैरियर कार्ड कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें कैरियर का नाम, कार्य का विवरण, आवश्यक व्यक्तिगत कौशल, शैक्षणिक योग्यताएं, प्रवेश प्रक्रिया, संबंधित शैक्षणिक संस्थान, कोर्स की लागत, वित्तपोषण के विकल्प, संभावित कार्यस्थल, पदोन्नति की संभावनाएं और अनुमानित आय जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। इससे छात्र अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार भविष्य की योजना बना सकेंगे। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह कार्ड जल्द ही जिला स्तर पर वितरित किया जाएगा।

# जेटली पर आरोप लगाकर घिरे राहुल



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को किसान कानून और सरकार का विरोध करने पर पूर्व वित्त मंत्री अरूण जेटली पर धमकाने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि मुझे याद है कि जब में किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, तो अरूण जेटली को मुझे धमकाने के लिए भेजा गया था। राहुल ने बताया कि जेटली ने उनसे कहा था कि तुम सरकार के खिलाफ विरोध करना जारी रखोगे और किसान कानूनों के खिलाफ लड़ोगे तो तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, इसके बाद मैने जेटली की तरफ देखा और कहा कि आपको कोई भी आइडिया नहीं है कि आप किससे बात कर रहे हैं।

## बेटे रोहन जेटली ने LOP को दिया जवाब

राहुल के बयान पर अरूण जेटली के बेटे रोहन जेटली ने कहा कि राहुल गांधी कह रहे हैं कि मेरे पिता ने उन्हें किसान कानूनों पर धमकाया। लेकिन सच्चाई ये है कि मेरे पिता का निधन 2019 में हुआ था और कानून 2020 में लाए गए थे।

### रोहन बोले- जो हमारे बीच नहीं, उनके लिए सोच-समझकर बोलना चाहिए

रोहन जेटली ने कहा कि ऐसे लोग जो अब हमारे बीच नहीं हैं, उनके बारे में बोलते वक्त सोच-समझकर बोलना चाहिए। राहुल गांधी ने पहले भी मनोहर पर्रिकर जी के अंतिम दिनों पर भी राजनीति की थी, जो बहुत ही गलत था।

### ठाकुर बोले- राहुल माफी मांगे

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैं राहुल गांधी को याद दिलाना चाहता हूं कि अरुण जेटली जी का निधन 24 अगस्त 2019 को हुआ था, जबकि कृषि कानून 17 सितंबर 2020 को लोकसभा और 20 सितंबर 2020 को राज्यसभा में पास हुए थे। जब ये बिल संसद में लाए गए, तब तक अरुण जेटली जी का निधन हो चुका था।

# प्रज्वल रेवन्ना को उम्रकैद

## कोर्ट ने पीड़ित को ₹7 लाख देने को कहा



**महानगर नेटवर्क**
**मैसूरु**

बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व JDS सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को मेड से रेप मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया और पीड़ित को 7 लाख रुपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।

कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है।

दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की एक महिला ने पिछले साल अप्रैल में उसके खिलाफ FIR दर्ज कराई थी। उसने रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। रेवन्ना ने कम सजा दिए जाने की अपील की थी। उन्होंने दावा किया कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया। रेवन्ना ने कहा कि राजनीति में तेजी से आगे बढ़ना उसकी एकमात्र गलती थी। प्रज्वल शनिवार को अदालत में रो पड़ा, जब उसने न्यायाधीश से कम सजा देने की अपील की।

### प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप

पिछले साल प्रज्वल रेवन्ना का नाम कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में सामने आने के बाद चर्चा में आया था। उस पर 50 से ज्यादा महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है। उनके खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोपों से जुड़े अब तक 4 FIR दर्ज की गई हैं। पिछले साल रेवन्ना के सोशल मीडिया पर 2,000 से ज्यादा अश्लील वीडियो क्लिप सामने आए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में रेवन्ना ने कर्नाटक की हासन संसदीय सीट पर दूसरी बार चुनाव लड़ा था, लेकिन वह अपनी सांसदी नहीं बचा सके। उसके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद JDS ने उसे पार्टी से निलंबित भी कर दिया था।

# संकट में फंसेंगे रॉबर्ट वाड्रा!

## दिल्ली की एक कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

दिल्ली की एक कोर्ट ने शनिवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह नोटिस प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले में जारी किया है।



रिपोर्ट के मुताबिक, राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) सुशांत चंगोत्रा ने कहा कि वह अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले मामले में वाड्रा और 10 अन्य प्रस्तावित आरोपियों की दलीलें सुनेंगे। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

बता दें, यह मामला वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी द्वारा फरवरी 2008 में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी गई 3.5 एकड़ ज़मीन से जुड़ा है। इस लेनदेन में कथित तौर पर झूठे दस्तावेज़ों का इस्तेमाल किया गया था। दावा है कि इसके तुरंत बाद, संपत्ति का स्काईलाइट के पक्ष में म्यूटेशन कर दिया गया और 24 घंटे के भीतर वाड्रा को हस्तांतरित कर दिया गया।

आरोप है कि तत्कालीन कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ने वाड्रा की कंपनी को तुरंत व्यावसायिक लाइसेंस दे दिया, जिससे जमीन का बाज़ार मूल्य नाटकीय रूप से बढ़ गया। सितंबर 2012 में स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने यह जमीन रियल्टी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेच दी, जिससे कथित तौर पर वाड्रा को अप्रत्याशित लाभ हुआ।

# 'वोटर लिस्ट में मेरा नाम नहीं : तेजस्वी'

## चुनाव आयोग ने झूठ कर दिया उजागर

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा शनिवार को किए गए दावे को चुनाव आयोग ने खारिज कर दिया। तेजस्वी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि उनका नाम बिहार में वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट से गायब है। बताना होगा कि चुनाव आयोग ने बीते दिन ही वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशित किया था। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि उन्होंने Special Intensive Revision (SIR) के दौरान मतगणना फॉर्म भरा था, लेकिन वोटर लिस्ट का जो ड्राफ्ट प्रकाशित हुआ है उसमें उनका नाम नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि वह विधानसभा का चुनाव कैसे लड़ेंगे? तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग के पोर्टल पर ECIP (Electors Photo Identity Card) No. RAB2916120 डालकर सर्च किया तो No Records Found लिखा हुआ आया।



### तेजस्वी के आरोपों पर आयोग ने दिया जवाब

तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग ने SIR में पारदर्शिता को बनाए रखने को लेकर जो भी आश्वासन दिए थे, वह उन सभी से मुकर गया। इसके तुरंत बाद चुनाव आयोग ने उनके दावे का फैक्ट चेक किया और बताया कि तेजस्वी गलत बोल रहे हैं।

# पवई आईआईटी के छात्र ने की आत्महत्या



### पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला

सूचना मिलते ही पवई पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली है और छात्र की आत्महत्या के पीछे की वजहों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अब तक इस घटना से जुड़ा कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस छात्रों और परिजनों से भी पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि रोहित ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया।

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 26 वर्षीय छात्र रोहित सिन्हा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे परिसर में शोक और सन्नाटा पसर गया।

मूल रूप से दिल्ली के रहने वाले रोहित सिन्हा आईआईटी बॉम्बे में मेटा साइंस विभाग के चौथे वर्ष के छात्र थे। जानकारी के अनुसार, उन्होंने देर रात हॉस्टल की छत से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। जैसे ही यह हादसा हुआ, उसी समय हॉस्टल की छत पर मौजूद एक अन्य छात्र ने शोर मचाकर मदद बुलाई। इसके तुरंत बाद रोहित को नजदीकी हीरानंदानी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# कश्मीर में दो आतंकी ढेर

**महानगर नेटवर्क**
**श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में सुरक्षाबलों ने शनिवार को अब तक दो आतंकवादियों को मार गिराया है। दोनों के शव भी बरामद हुए हैं। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है।

हारिस शनिवार सुबह मारा गया था, जबकि दूसरा आतंकी दोपहर में मारा गया। हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से AK-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ है। कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शुक्रवार रात से मुठभेड़ शुरू हुई थी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और CRPF 'ऑपरेशन अखल' को अंजाम दे रहे हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है।

# मीठी नदी घोटाला : 47 करोड़ की संपत्ति जब्त

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मीठी नदी से कीचड़ निकालने के ठेके में 65 करोड़ रुपए के कथित घोटाले में ईडी ने मुंबई में आठ स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने इस कार्रवाई में ठेकेदारों की 47 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति को फ्रीज किया है, जिसमें बैंक खाते, सावधि जमा और डीमैट खाते शामिल हैं।

मनपा द्वारा नियुक्त ठेकेदार कंपनियां-एक्यूट डिझाइन्स, कैलाश कंस्ट्रक्शन, निखिल कंस्ट्रक्शन, एन.ए. कंस्ट्रक्शन प्रा. लि., जे.आर. एस. इन्फ्रास्ट्रक्चर और साथ ही सेवानिवृत्त उप मुख्य अभियंता प्रशांत तायशेटे से संबंधित ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की। इस दौरान जब्त की गई संपत्ति की कुल कीमत



49 करोड़ 80 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है।

छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और संदेहास्पद स्थावर संपत्ति के लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए गए है जिसकी जांच जारी है। ईडी ने इस मामले में सहायक अभियंता प्रशांत रामुगडे, उप मुख्य अभियंता गणेश बेंद्रे और प्रशांत तायशेटे (सेवानिवृत्त), तथा ठेकेदार कंपनियों के निदेशक-दीपक मोहन, किशोर मेनन, जय जोशी, केतन कदम और भूपेंद्र पुरोहित के खिलाफ मुंबई पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धाराएं 406, 409, 420, 465, 467, 468, 471 और 120-बी के तहत मामला दर्ज किया है। इस घोटाले से मनपा को 65 करोड़ रुपये का नुकसान होने का आरोप है, जिस आधार पर ईडी जांच कर रही है। ईडी को जांच में पता चला है कि मीठी नदी के कीचड़ सफाई की निविदा प्रक्रिया में कई अनियमितताएं पाई हैं। ईडी के अनुसार ठेकेदारों ने फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए जिनमें समझौता ज्ञापन और नकली अनापत्ति प्रमाणपत्र शामिल हैं। इसके अलावा कुछ मनपा अधिकारियों पर व्यक्तिगत आर्थिक लाभ के लिए पद का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया गया है, जिस पर ईडी जांच कर रही है। इससे पहले ईडी ने 6 जून को भी 18 स्थानों पर छापे मारे थे, जिसके बाद अभिनेता डिनो मोरिया और उनके भाई से पूछताछ की गई थी। इस बीच आर्थिक अपराध शाखा ने शुक्रवार को इस मामले में सात हजार पन्नों का आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। आरोपपत्र केतन कदम और जय जोशी के खिलाफ दाखिल किया गया है, जबकि कुल 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज है। अब तक 15 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं। अदालत ने अभी तक आरोप पत्र को संज्ञान में नहीं लिया है। इस आरोपपत्र में भारतीय न्याय संहिता की धारा 474 भी जोड़ी गई है।

# शेतकरी क्रांति संगठन का यूबीटी में विलय

महानगर संवाददाता
मुंबई

मनपा चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे की शिवसेना मजबूत होती दिखाई दे रही है। दरअसल, महाराष्ट्र में शेतकरी क्रांति संगठन का शनिवार (02 अगस्त) को उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) में विलय हो गया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष भाऊसाहेब बिलेवर समेत प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी भी उद्धव ठाकरे की पार्टी में शामिल हुए। शिवसेना (UBT) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने सभी का अपनी पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत, पार्टी प्रवक्ता जयश्री शेलके, विधायक संजय डेकर, जिला प्रमुख जालिंदर बुढावत के साथ ही अन्य पदाधिकारी और शिवसैनिक उपस्थित थे। उद्धव ठाकरे को उम्मीद है कि शेतकरी संगठन के उनकी पार्टी में विलय होने से शिवसेना (यूबीटी) की ताकत बढ़ेगी।



**सभी लोग पैसों के लिए नहीं बिकते- उद्धव ठाकरे**

उद्धव ठाकरे ने किसान क्रांति संगठन के कार्यकर्ताओं से बातचीत भी की। उन्होंने कहा, "कई लोग शिवसेना यूबीटी को खत्म करने पर तुले हुए हैं। वे उद्धव ठाकरे को खत्म करने पर तुले हुए हैं। अब उनके सामने असली सवाल है कि उद्धव ठाकरे खत्म क्यों नहीं हो रहे? सभी लोग पैसों के लिए नहीं बिकते। कुछ गद्दार पैसों के लिए बिक सकते हैं लेकिन वफादार नहीं बिक सकते, इसलिए मेरे सभी पुराने साथी मेरे साथ हैं।"

# इतिहास में पहली बार कबूतरों को दाना डालने पर एफआईआर



**मुंबई।** मुंबई में इतिहास में पहली बार कबूतरों को दाना डालने पर एफआईआर (FIR) दर्ज की गई है। यह मामला माहिम पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है,जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चलती गाड़ी से कबूतरों को दाना डालने का आरोप है। आरोपी की पहचान न हो पाने के कारण फिलहाल एफआईआर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज की गई है। यह कार्रवाई बॉम्बे हाईकोर्ट के उस हालिया आदेश के बाद की गई है, जिसमें अदालत ने खुले में कबूतरों को दाना डालने पर रोक लगाने और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। यह देश का पहला ऐसा मामला है जिसमें कबूतरों को दाना डालने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मुंबई पुलिस ने पहली FIR माहिम इलाके में दर्ज की है, जिससे इस मुद्दे को लेकर प्रशासन अब ज्यादा सख्त रुख अपना रहा है। 30 जुलाई को बॉम्बे हाईकोर्ट ने पशु प्रेमियों द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई की थी। इस दौरान कोर्ट ने मुंबई नगर निगम को निर्देश दिया था कि सार्वजनिक जगहों पर दाना डालने के खिलाफ FIR दर्ज की जाए।

# गणेशोत्सव पर फ्री बस सेवा की दौड़ में कूदे नेता

## कोंकण जानेवालों के लिए बुक की 400 से अधिक बसें

**ठाणे।** गणेशोत्सव के मद्देनजर इस बार कोंकणवासियों की घर वापसी न केवल भावनाओं से भरी होगी, बल्कि इसमें राजनीतिक रस्साकशी भी देखने को मिल रही है। राज्य परिवहन विभाग ने ठाणे क्षेत्र से कोंकण के लिए 2500 एसटी बसों की योजना बनाई है,जिनमें से अभी तक 774 बसों की बुकिंग हो चुकी है। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 400 बसें विभिन्न राजनीतिक दलों और नेताओं द्वारा पहले ही बुक की जा चुकी हैं। बता दें कि हर साल की तरह इस साल भी गणेश चतुर्थी से पहले मुंबई और ठाणे से हजारों श्रद्धालु अपने मूल गांव कोंकण लौटते हैं। यह घर वापसी यात्रियों के लिए भावनात्मक होती है,लेकिन इस बार इसका राजनीतिकरण हो चुका है।



**श्रद्धालुओं के लिए 'मुफ्त बस सेवा'**

आगामी ठाणे नगर निगम चुनावों के चलते विभिन्न राजनीतिक समूहों ने इसे एक सुनहरा अवसर मानते हुए श्रद्धालुओं के लिए 'मुफ्त बस सेवा' का आयोजन शुरू कर दिया है। नेता अपने-अपने वार्डों में इस योजना को प्रचारित कर रहे हैं कि वे अपने क्षेत्र के लोगों को गणपति दर्शन के लिए निःशुल्क बस सेवा दे रहे हैं। पिछले वर्ष राज्य परिवहन विभाग ने कुल 2,465 बसों की व्यवस्था की थी, जबकि इस बार यह आंकड़ा बढ़कर 2,500 तक पहुंच गया है। बुकिंग अब चरणबद्ध तरीके से की जा रही है और जैसे-जैसे गणेश चतुर्थी की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे बसों की मांग भी तेज हो रही है।

# वीवीसीएमसी के उप-संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

## करोड़ों की अवैध संपत्ति बरामद

**नालासोपारा।** वसई-विरार शहर महानगरपालिका (वीवीसीएमसी) के उप-संचालक वाय.एस. रेड्डी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर अपनी ज्ञात आय से कई गुना ज्यादा संपत्ति जमा करने का आरोप है। पुलिस निरीक्षक सचिन मोरे की शिकायत के आधार पर की गई कार्रवाई में रेड्डी के नालासोपारा (पूर्व) और हैदराबाद स्थित दो ठिकानों पर तलाशी ली गई। इस तलाशी में पुलिस ने 31.48 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति बरामद की है। इसमें 26.33 किलो सोने और हीरे के आभूषण (अनुमानित मूल्य 23.25 करोड़) और लगभग 8.23 करोड़ की नकदी शामिल है। यह कार्रवाई अचोले पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। इस मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय गोविलकर कर रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 41 अवैध इमारतों के मामले में रेड्डी के ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें भारी मात्रा में नकदी और आभूषण मिले थे। इसके बाद उन्हें महानगरपालिका से निलंबित कर दिया गया था।

# भावना शर्मा जैन कांग्रेस की निष्ठावान सिपाही : हर्षवर्धन सपकाल



**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने शनिवार को दादर के तिलक भवन स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस की नवनियुक्त महासचिव बनाए जाने पर भावना शर्मा जैन का अभिनंदन किया। हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि भावना शर्मा जैन पार्टी के प्रति हमेशा वफादार और समर्पित रहीं हैं। विषम परिस्थितियों में भी इन्होंने कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा। यही कारण है कि पार्टी ने इन्हें प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। सपकाल ने कहा कि भावना जैन 18 साल पहले जब यूथ कांग्रेस में थी,तब मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। 2017 के गुजरात इलेक्शन में भी राहुल गांधी की टीम के तौर पर गुजरात के इलेक्शन में इन्होंने पार्टी को मजबूत करने तथा राहुल गांधी के हर इलेक्शन कैंपेन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भावना शर्मा जैन ने कहा कि हमने हमेशा लोगों के बीच पार्टी में कार्यकर्ता की तरह हमने काम किया है और दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन वे पूरे मनोयोग और समर्पण के साथ करेंगी। ज्ञातव्य हो कि भावना शर्मा जैन मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय गुरुदास कामत की करीबी मानी जाती रही हैं।

# टैंकर दुर्घटना में महिला की मौत

**मुंबई।** अंधेरी पूर्व में शुक्रवार को एक टैंकर दुर्घटना में 63 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान मेघाबेन पटेल के रूप में हुई है और वह अपने पति के साथ दोपहिया वाहन पर जा रही थीं। टैंकर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गईं और टैंकर की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया और एमआईडीसी पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मेघाबेन अपने पति रामजी पटेल (62) के साथ विले पार्ले में रहती थीं। रामजी की एक सौंदर्य प्रसाधन की दुकान है। शुक्रवार सुबह 6.30 बजे दोनों दोपहिया वाहन से गोरेगांव की आरे कॉलोनी स्थित तपेश्वर मंदिर गए थे।

# बंदूक की नोक पर छेड़छाड़

## तलोजा में सनसनीखेज मामला

**ठाणे।** नवी मुंबई के तलोजा इलाके में एक महिला से बंदूक की नोक पर छेड़छाड़ और जबरदस्ती यौन संबंध बनाने के प्रयास की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोपी कुंदन नेटके के खिलाफ तलोजा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। घटना 28 जून को घटी,जबकि पीड़िता ने साहस दिखाते हुए एक जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज कराई। बता दें कि पीड़िता के अनुसार,आरोपी ने पहले दोस्ती का दिखावा किया और फिर एक दिन कार में बैठाकर उसे सुनसान जगह ले गया। बातचीत के दौरान उसने अचानक जेब से पिस्तौल निकालकर धमकी दी और शारीरिक संबंध के लिए मजबूर करने लगा। पीड़िता ने जैसे-तैसे हिम्मत जुटाकर मौके से भागने में कामयाबी पाई और सीधे तलोजा पुलिस स्टेशन पहुंची। पुलिस ने आरोपी कुंदन नेटके के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की नई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिनमें बीएनएस की धारा 75 (यौन उत्पीड़न) और 351(2) (आपराधिक धमकी) शामिल हैं। पुलिस अब आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।



# पानी सप्लाई कारोबारी से हफ्ता वसूली की कोशिश

## मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**भिवंडी।** शहर के कारवली रोड इलाके में पानी सप्लाई का कारोबार करने वाले एक युवक से जबरन हफ्ता वसूली की कोशिश की गई। पैसे न देने पर आरोपी ने पहले गाली-गलौच की, फिर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है,हालांकि अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।



पुलिस के अनुसार, फिरोज जुबेर अंसारी,जो कारवली रोड क्षेत्र में पानी सप्लाई का कार्य करते हैं, 28 जुलाई की रात लगभग 8:30 बजे जब अपने काम से लौट रहे थे, तभी पप्पू किराना स्टोर के पास पहुंचा ही था तभी हारून फारूक मोमिन ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान सद्दुद्दीन जमालुद्दीन अंसारी नामक युवक भी वहां पहुंचा और बिना किसी उकसावे के कहा, "ये इलाका मेरा है, बिना पैसे दिए काम नहीं कर सकता," कहते हुए गाली-गलौच कर हाथ से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद, 29 जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे, जब फिरोज साबीरा अपार्टमेंट के पास पानी सप्लाई का कार्य कर रहे थे, तो हारून अंसारी ने वहां पहुंचकर फिर से उन्हें रोका और धमकी दी, "हर महीने 5 हजार रुपये देने होंगे, नहीं तो तुझे यहां काम नहीं करने देंगे, हाथ-पैर तोड़ देंगे।" इस दौरान फिर से धक्का-मुक्की और गाली-गलौच की गई। पीड़ित फिरोज ने इस संबंध में भोईवाडा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

# मीरा-भायंदर में युवा सेना का आंदोलन

महानगर संवाददाता
भायंदर

कांग्रेस नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के बयान पर शिवसेना युवा सेना द्वारा आंदोलन किया गया। भायंदर (पूर्व) के गोल्डन नेस्ट सर्कल पर युवा सेना प्रमुख पूर्वेश सरनाईक के नेतृत्व में मीरा-भायंदर शिवसेना युवा सेना पदाधिकारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इन लोगों ने बताया की पृथ्वीराज चव्हाण द्वारा दिए गया बयान अत्यंत आपत्तिजनक और हिंदू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बयान है,इस बयान से पूरे महाराष्ट्र में आक्रोश की लहर फैल गई है। इसी के विरोध में मीरा-भायंदर में युवा सेना की ओर से जोरदार आंदोलन किया गया। इस दौरान पृथ्वीराज चव्हाण की तस्वीरें और बैनर जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान युवा सेना ने जोरदार नारेबाजी भी की। युवा सेना पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पृथ्वीराज चव्हाण ने अपना बयान वापस लेकर जनता से माफी नहीं मांगी, तो भविष्य में मीरा-भायंदर समेत पूरे महाराष्ट्र में युवासेना और भी तीव्र आंदोलन करेगी।युवा सेना द्वारा कहां गया की हिंदू धर्म, भगवा और सनातन संस्कृति पर हो रहे ऐसे हमलों को युवा सेना कभी भी सहन नहीं करेगी। यह समस्त हिंदू समाज की अस्मिता का अपमान है, और इसका जवाब युवा सेना सड़कों पर उतरकर देगी।

# जश्न स्वच्छता विजय रैली का आयोजन

**भायंदर।** केंद्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण में देश के 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों में मीरा-भायंदर शहर ने प्रथम क्रमांक का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया हैं। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में मनपा द्वारा कल स्वच्छता विजय रैली का आयोजन किया गया था।मनपा आयुक्त राधाविनोद शर्मा के मार्गदर्शन में यह रैली सुबह 10 बजे मॅक्सस मॉल से मीरा-भायंदर मनपा मुख्यालय तक निकाली गई। स्वच्छता कार्य में प्रत्यक्ष रूप से सहभागी महिला एवं पुरुष सफाई कर्मचारियों में से पांच- पांच प्रतिनिधियों को मंच पर आमंत्रित कर विधायक नरेंद्र मेहता एवं मनपा आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। आयुक्त ने यह पुरस्कार देश के राष्ट्रपति द्वारा सफाई कर्मियों व शहरवासियों को समर्पित बताया और सभी सफाई कर्मचारियों के कार्य का यथोचित सम्मान किया। मनपा आयुक्त राधाविनोद शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस विजय रैली में विधायक नरेंद्र मेहता के अलावा पूर्व नगरसेवक , मनपा , पुलिस विभाग, यातायात विभाग , अग्निशमन विभाग के अलावा सफाई कर्मचारी और नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।



# समुद्र में डूबे युवक को स्थानीय मछुआरों ने रात में निकाला

**मुंबई।** जुहू स्थित सिल्वर बीच गोदरेज गेट पर शुक्रवार की सुबह करीब 8:30 बजे दो युवक के समुद्र में डूबने की घटना घटी। यह घटना समुद्र तट से लगभग 200 मीटर के अंदर हुई थी। घटना की जानकारी मुंबई फायर ब्रिगेड को मिलने तक स्थानीय सुरक्षा रक्षक केजी मदद से एक युवक को बचाया जा सका था,लेकिन समुद्र में फिर हाइटाइड आ गया,जिससे बचाव कार्य बंद कर दिया गया था। जिससे समुद्र में डूबे एक युवक को ढूंढने का काम बंद करना पड़ा था । फायर ब्रिगेड ने शुक्रवार की रात लगभग 10 ,30 बजे समुद्र में डूबे युवक को खोजने के लिए



स्थानीय मछुआरों की सहायता लेकर दोबारा खोजबीन शुरू की। फायर ब्रिगेड और स्थानीय मछुआरों ने समुद्र में डूबे विघ्नेश मुर्गेश देवेन्द्रम उम्र 20 वर्ष को ढूंढने में कामयाबी हाथ लगी। समुद्र में डूबे युवक को फायर ब्रिगेड और मछुआरों ने युवक को कूपर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने इलाज के पूर्व ही युवक को मृत घोषित कर दिया।

# वसई–विरार में बोगस डॉक्टर पर कार्रवाई

## एलोपैथी इलाज करते पकड़ा गया

**विरार।** वसई-विरार शहर महानगरपालिका ने बोगस डॉक्टरों के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखते हुए एक और बड़ी कार्रवाई की है। नालासोपारा (पूर्व) के संतोष भवन परिसर में एक अवैध क्लिनिक पर छापा मारा गया, जहां एक डॉक्टर एलोपैथी चिकित्सा करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी, जिसकी पहचान मोहम्मद नसीम खान के रूप में हुई है,उसके पास केवल बी.ई.एम.एस. की डिग्री है,फिर भी वह एलोपैथिक इलाज कर रहा था। यह कार्रवाई मनपा आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी और



मुख्य वैद्यकीय अधिकारी डॉ. भक्ति चौधरी के निर्देश पर की गई। बिलाल पाड़ा नागरी प्राथमिक आरोग्य केंद्र की वैद्यकीय अधिकारी डॉ. शाहीन जमीर शेख के नेतृत्व में एक टीम ने 'तसनीम हेल्थ केअर' नामक क्लिनिक पर छापा मारा। टीम ने देखा कि मोहम्मद नसीम खान एक 8 महीने के बच्चे का एलोपैथिक इलाज कर रहा था और पर्चा लिख रहा था। जांच में पता चला कि आरोपी के पास एलोपैथी प्रैक्टिस करने का कोई अधिकार नहीं है। क्लिनिक से बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाएं, इंजेक्शन और अन्य चिकित्सा उपकरण जब्त किए गए। डॉ. शाहीन शेख की शिकायत के आधार पर, तुलिंज पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुख्य वैद्यकीय अधिकारी डॉ. भक्ति चौधरी ने बताया कि महानगरपालिका क्षेत्र में अब तक 31 बोगस डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है और यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत और अधिकृत डॉक्टरों से ही इलाज कराएं और किसी भी संदिग्ध चिकित्सा गतिविधि की सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग या पुलिस को दें।यह कार्रवाई शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और नागरिकों को ऐसे अवैध डॉक्टरों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बिजली के झटके से मजदूर की मौत

**भिवंडी।** कल्याण-भिवंडी रोड के गोवेगांव इलाके में निर्माणाधीन इमारत में काम कर रहे एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 34 वर्षीय नारायण युगेश्वर कामत के रूप में हुई है,जो मूल रूप से मधेपुर, बिहार का निवासी था और कल्याण पश्चिम इलाके के बारावे गांव में रहता था। घटना 30 जुलाई की सुबह करीब साढ़े 9 बजे भिवंडी के गोवेगांव में घटित हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब नारायण कामत इमारत की कटावनी बिल्डिंग के पास काम कर रहा था। इस दौरान बगल से गुजर रही MSEB की इलेक्ट्रिक वायरिंग के संपर्क में आने से उसे जोरदार करंट लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई अनिल चौधरी उर्फ कामत ने ठेकेदार मनोज दिलीप पाटील और मुरली यादव के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थल पर आवश्यक सुरक्षा उपाय और सुविधाएं नहीं दी गई थीं।

# अग्रवाल समाज कल्याण ने शुरू किया 24 वां प्याऊ



**कल्याण।** समाज सेवा की दिशा में अग्रसर अग्रवाल समाज कल्याण ने अपने 24 वें प्याऊ का शुभारंभ किया। यह प्याऊ भिवंडी तालुका के पडघा स्थित शारदा विद्यालय व जूनियर कॉलेज परिसर में लगाया गया है। कार्यक्रम का आयोजन सादगीपूर्ण तरीके से किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी गई। प्याऊ का उद्घाटन आराधना गुप्ता ने किया। उन्होंने समाज के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि "गर्मियों में ठंडे पानी की व्यवस्था बच्चों के लिए एक अमूल्य सेवा है। समाज द्वारा किया गया यह कार्य निश्चित ही प्रेरणादायी है।" इस मौके पर समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार गर्ग ने जानकारी दी कि अब तक विभिन्न क्षेत्रों में कुल 24 प्याऊ लगाए जा चुके हैं और भविष्य में और भी जगहों पर प्याऊ लगाने की योजना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सचिव नितिन अग्रवाल, कार्याध्यक्ष अनिल बंसल, कोषाध्यक्ष रजनीश अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, आत्मा राम डिडवानिया और आर.के. आर्य का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बच्चों ने भी प्याऊ से पानी पीकर खुशी जताई और समाज का आभार प्रकट किया। विद्यालय प्रबंधन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को गर्मी में राहत मिलेगी और पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी।अग्रवाल समाज कल्याण का यह प्रयास न केवल जनसेवा की मिसाल है, बल्कि समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश भी है।

# उधना और खुर्दा रोड के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से ट्रेन संख्या 09059/09060 उधना-खुर्दा रोड साप्ताहिक स्पेशल के फेरों को मौजूदा संरचना, समय, ठहराव और मार्ग पर विस्तारित किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार है।

1. ट्रेन संख्या 09059 उधना-खुर्दा रोड साप्ताहिक स्पेशल को 24 सितंबर तक विस्तारित किया गया है।
2. ट्रेन संख्या 09060 खुर्दा रोड-उधना साप्ताहिक स्पेशल को 26 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में व्यारा, नंदुरबार, धरणगांव, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, तुमसर रोड, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, महासमुन्द, खरियार रोड, कांटाबांजी, टिटिलागढ़, केसिंगा, मुनिगुडा, रायगड़ा, पार्वतीपुरम टाउन, बोब्बिली, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर और बालुगांव स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09059 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 3 अगस्त से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# रेलवे ने स्वच्छता अभियान का किया आगाज

## 1 अगस्त से 15 अगस्त तक देश के सभी प्रमुख स्टेशनों पर चलेगा अभियान

**मुंबई।** स्वतंत्रता दिवस के उल्लास को स्वच्छता अभियान से जोड़ते हुए रेलवे ने 1 अगस्त से 15 अगस्त तक देशभर के स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इस अभियान की शुरुआत करते हुए रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर श्रमदान में भी भाग लिया। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। सतीश कुमार ने स्टेशन पर प्रयोग में लाई जा रही सफाई मशीनों का भी निरीक्षण किया और यात्रियों से संवाद कर स्वच्छता पर फीडबैक भी



प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से यात्रियों में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। इसके लिए रेलवे स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जाएगा। स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश में शुरू की गई स्वच्छ भारत की मुहिम में रेलवे बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में फेज-1 में 15 दिनों का ये कार्यक्रम चलेगा। इसके बाद 16 अगस्त से अक्टूबर तक फेज-2 में स्वच्छता का ये कार्यक्रम चलेगा। ये अक्टूबर तक ही सीमित नहीं रहेगा। हम अपनी दिनचर्या में, अपने कार्य में साफ-सफाई को ढाल रहे हैं, जिससे कि यात्रियों को एक साफ स्टेशन दे सकें। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहले और अब में बहुत फर्क है। यही नहीं, पहले जो जगह डंपिंग ग्राउंड थी, आज वहां पर गार्डन है। लोगों को अच्छा वातावरण मिला है। मैने कई जगह आज निरीक्षण किया और सफाई का जायजा लिया। रेलवे के सभी कर्मचारी और अधिकारी देशभर में 7,000 रेलवे स्टेशनों पर साफ-सफाई की निगरानी कर यात्रियों को अच्छी व्यवस्था देने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि सफाई केवल स्टेशनों तक सीमित नहीं है। ट्रेनों में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जा रही है।

# खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी : फडणवीस

## विश्व शतरंज प्रतियोगिता विजेता दिव्या देशमुख का किया सत्कार

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य की सरकार ने खेल क्षेत्र को हमेशा प्राथमिकता दी है। खिलाड़ी बड़े लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं और इसके लिए तकनीकी प्रशिक्षण,पौष्टिक आहार, विदेशी कोचों का मार्गदर्शन जैसी चीजें आवश्यक हैं। यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता पाना है तो ये चीजें जरूरी हैं। खिलाड़ियों को अधिक से अधिक गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और दिव्या देशमुख ने विश्व प्रतियोगिता में जो शानदार सफलता प्राप्त की है,वह देश के हजारों बच्चों के



लिए प्रेरणादायक होगी। शनिवार को नागपुर के कविवर्य सुरेश भट सभागार में स्कूल शिक्षा और खेल विभाग तथा महाराष्ट्र शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व शतरंज प्रतियोगिता विजेता ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख का नागरिक सत्कार सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री के हाथों दिव्या का सम्मान और उन्हें तीन करोड़ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। महाराष्ट्र शतरंज संघ की ओर से भी 11 लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। खेल और युवा कल्याण मंत्री एडवोकेट माणिकराव कोकाटे, वित्त और योजना राज्य मंत्री एडवोकेट आशीष जयस्वाल, विधायक संदीप जोशी, अभिजीत वंजारी, प्रवीण दटके, कृष्णा खोपड़े, महाराष्ट्र शतरंज संघ के अध्यक्ष तथा विधायक डॉ. परिणय फुके,महाराष्ट्र शतरंज संघ से संबद्ध जिला संघों के पदाधिकारी, शतरंज खिलाड़ी, विद्यार्थी और नागपुरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शतरंज में उत्स्फूर्त,एकाग्रता और सजगता आवश्यक

फडणवीस ने कहा कि दिव्या ने कम उम्र में ध्यान भटकने नहीं दिया और लक्ष्य पर केंद्रित रहीं। शतरंज में उत्स्फूर्त,एकाग्रता और सजगता आवश्यक होती है। शतरंज यह खेल सौ से अधिक देशों में खेला जाता है, इसलिए दिव्या ने जो सफलता प्राप्त की है वह बड़ी है। शतरंज में चीन का वर्चस्व रहता था। चीन का यह वर्चस्व विश्व शतरंज प्रतियोगिता में कोनेरु हम्पी और दिव्या देशमुख ने चुनौती देकर तोड़ा। इसमें दिव्या ने फाइनल में मात्र 19 वर्ष की उम्र में विजय प्राप्त की। उन्होंने कम उम्र में बड़ी ऊंचाई हासिल की है और देश के हजारों बच्चों को प्रेरणा मिले, इसके लिए यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दिव्या की यह सफलता हजारों बच्चों के लिए प्रेरणादायक होगी, इस अवसर पर विश्व शतरंज प्रतियोगिता विजेता ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विश्व शतरंज प्रतियोगिता विजेता बनने के लिए राज्य सरकार का अमूल्य सहयोग मिला। नागपुर यह शहर मेरे लिए विशेष है।

# मनपा ने दादर कबूतरखाना को किया बंद

## शुक्रवार को स्थानियों के विरोध के चलते नहीं कर पाए थे

महानगर संवाददाता
मुंबई

दादर स्थित कबूतरखाना को आखिरकार शनिवार की शाम को बंद कर दिया गया गया। मनपा जी नॉर्थ वार्ड ने शनिवार की रात कबूतर खाना के चारों ओर बांस के खंभे लगाकर उसके ऊपर ताड़पत्री लगाकर बंद करने का काम किया गया। मनपा द्वारा कबूतर खाने को बंद करने की करवाई शनिवार की देर रात तक चल रही थी। इसके पहले कबूतरखाना को ढकने की मनपा जी/नॉर्थ वार्ड के अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को कार्रवाई की गई थी। उस समय कार्रवाई इस लिए रोक दी गई थी कि स्थानीय निवासियों ने वहां मौजूद बीमार कबूतरों को हटाने के लिए कुछ समय मांगा था। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई बॉम्बे हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत की जा रही थी,ताकि सार्वजनिक स्थानों पर कबूतरों को दाना डालने पर लगे प्रतिबंध को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। अधिकारी ने कहा, “हम कोर्ट के आदेश के अनुसार कबूतरखाना को ढकने के लिए पहुंचे थे, ताकि दाना डालने की गतिविधि पर रोक लगाई जा सके।” हालांकि, स्थानीय नागरिकों ने मनपा से कुछ समय की मोहलत मांगी, यह कहते हुए कि वहां कई बीमार कबूतर हैं जो उड़ने में असमर्थ हैं और उन्हें पहले स्थानांतरित करना आवश्यक है।



### जैन धर्म की आज कबूतरों के लिए कलश यात्रा

दादर में नगर निगम जहां कबूतरों के बाड़े को ध्वस्त कर रहा है और कबूतरों पर अनाज फेंकने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर रहा है, वहीं मुंबई के पशु प्रेमी मूक कबूतरों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। वे पिछले दो रविवारों से शांति मार्च, रैली और अहिंसक विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं, लेकिन पुलिस पशु प्रेमियों को यह कहकर रोक रही है कि रैली की अनुमति नहीं है। इसलिए, अगले रविवार को कोलाबा के जैन ही नहीं, बल्कि सनातन धर्म के सभी पशु प्रेमी सुबह 9 बजे कोलाबा में अनाज और जल से भरे कलश के साथ एक यात्रा निकालेंगे और गेटवे ऑफ इंडिया पर अनाज को समुद्र में छोड़ेंगे। इस कार्यक्रम में जैन देरासर, हनुमान मंदिर और गणपति मंदिर में भी पूजा-अर्चना की जाएगी।

# जांच प्रणाली पर दबाव बनाने वालों की जांच की जानी चाहिए : शिंदे

**ठाणे।** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि “भगवा आतंकवाद” या “आतंकवाद” का आरोप लगाने वालों ने हिंदुत्व का अपमान किया है और इन गंभीर आरोपों के पीछे तत्कालीन कांग्रेस सरकार का हाथ है। उन्होंने मांग की कि मालेगांव बम विस्फोट मामले में जांच प्रणाली पर दबाव बनाने वालों की जांच की जानी चाहिए और उनका नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और तत्कालीन कांग्रेस सरकार का असली चेहरा जनता के सामने आ जाएगा। शनिवार दोपहर ठाणे में पत्रकारों



से बात करते हुए, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मालेगांव बम विस्फोट मामले के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी ने पहले जवाब दिया है कि उन्होंने मालेगांव मामलों में अपना नाम लाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को प्रताड़ित किया था,जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# मनपा जल विभाग में खाली हैं 3 608 पद

## कर्मचारियों ने बढ़ते काम के बोझ से हड़ताल करने की चेतावनी दी

महानगर संवाददाता
मुंबई

पानी की प्यास बुझाने के लिए मनपा को 100 किमी दूर से पानी लाना पड़ता है। पानी की पाइप लाइन फूटने और पानी की चोरी से लगभग 30 प्रतिशत अधिक पानी का स्वाहा हो रहा है। मनपा प्रशासन मरम्मत आदि के लिए अपने कर्मचारियों पर दबाव डाल रही है। इस बीच जल विभाग में 3,608 पद रिक्त पड़े हैं। पदों को नहीं भरे जाने से कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ रहा है,जिसके चलते जल विभाग के कर्मचारियों ने हड़ताल करने की चेतावनी दी है। मनपा के जल विभाग में कुल 8448 स्वीकृत पद



है,जिनमे में से 3,608 पद रिक्त हैं। रिक्त पड़े पदों से काम का बोझा विभाग के कार्यों पर भारी दबाव पड़ रहा है। जल आपूर्ति रखरखाव और मरम्मत जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में कर्मचारियों की भारी कमी महसूस की जा रही है,जिससे कार्यरत कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार आ गया है।

### आने-जाने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए

विभाग में मिस्त्री, फिटर, पाइप लाइन बदलने वाले मजदूरों के साथ-साथ जल वितरण से जुड़े कर्मचारियों की भी कमी है। मनपा में कुल 1,43,000 पद हैं, जिनमें से केवल 85,000 पदों पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं। शेष 58,000 पद खाली हैं। रिक्त पदों के कारण न केवल कार्य का दबाव बढ़ा है, बल्कि कई कर्मचारी पदोन्नति और अन्य लाभों से भी वंचित रह गए हैं। पाइपलाइन में रिसाव की जांच करना,नई पाइपलाइन जोड़ना और नियमित जल वितरण के कामों पर इसका सीधा असर हुआ है। जल अभियंता विभाग के कर्मचारियों की यूनियन ने मांग की है कि रिक्त पदों को भरा जाए, समयबद्ध पदोन्नति दी जाए, ओवरटाइम भत्ता उचित रूप से दिया जाए, कर्मचारियों के चौकियों का पुनर्निर्माण हो और कार्यस्थल तक आने-जाने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इन मांगों को लेकर कर्मचारियों ने हाल ही में वरली हब में आंदोलन भी किया था। इस संबंध में जल विभाग ने 31 अक्टूबर तक मांगों पर निर्णय लेने की सहमति दी है। इस तारीख तक मांगे पूरी नहीं हुईं, तो 1 नवंबर 2025 से जल विभाग के सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे,ऐसा कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है।

# राष्ट्र निर्माण में राजस्थान के लोगों का अहम योगदान:राज्यपाल बागड़े



महानगर संवाददाता
मुंबई

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि समाज और समाजसेवा में अपनी छाप छोड़ने वाले पुरुषोत्तम पुरोहित मूलतःराजस्थान के थे, लेकिन उन्होंने अपना पूरा व्यवसाय महाराष्ट्र की धरती पर किया। शनिवार को मुंबई में राज्यपाल बागड़े के हाथों पुरुषोत्तमदास पुरोहित के नाम से डाक टिकट जारी किया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, राज्यसभा सदस्य डॉ. भागवत कराड और पोस्ट मास्टर जनरल (नवी मुंबई) सुचिता जोशी,मारवाड़ के प्रमुख भामाशाह नरेश पुरोहित खींदारा गांव, दिलीप राजपुरोहित, हिम्मत सिंह चाचौड़ी, डॉक्टर शोभा पुरोहित, राधा पुरोहित, अजय राज पोसींत्रा, बाबूसिंह राजगुरु, लाभशंकर लादूनगर, जगदीशसिंह घेनड़ी, सुरेश शिवतलाव, प्रकाशसिंह बारवा, नितेश सिंह ढोला, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। राज्यपाल बागड़े ने कहा कि भारत के निर्माण में राजस्थान के लोगों का बड़ा योगदान रहा है। उसमे से एक पुरुषोत्तमदास पुरोहित एक ऐसे कर्मयोगी थे, जिसने मुंबई में व्यवसाय में सफलता के पैमाने को हर स्वरूप में समाज के सर्वांगीण विकास के साथ जोड़ा और स्वतंत्रता संग्राम का एक अदद सिपाही होने बावजूद अपनी भूमिका का प्रचार और प्रसार करने से बचते रहे।

### पुरुषोत्तमदास एच. पुरोहित पर डाक टिकट जारी

वे सफल व्यवसायी होने के साथ समाज के सच्चे जननायक भी थे और भारत सरकार ने आज डाक टिकट निकालकर उनके योगदान को अमर कर दिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि दक्षिण मुंबई के वे युगपुरुष थे, समाज ऐसे ही लोगों की वजह से बनता है। पूर्व मंत्री राज के. पुरोहित और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने सभा को संबोधित कर पुरुषोत्तम दास के गुणों के बारे में लोगों का ध्यान आकर्षित किया। उनके पुत्रों विनोद और जगदीश पुरोहित ने अपने पिता के समाज के प्रति सेवा की लगन और जुनून को याद करते हुए विश्वास दिलाया कि वे उनके काम की मशाल को बहुत आगे ले जाएंगे। पुत्र घनश्याम ने इस सम्मान के लिए भारतीय डाकतार विभाग को विशेष धन्यवाद दिया। उनकी पोती हीना पुरोहित और आर जे राजेश पुरोहित ने मंच का संचालन किया। इस कार्यक्रम में पुरुषोत्तम पुरोहित पर लिखी गई पुस्तक “आदर्श माहुत नव : पुरुषोत्तम दास पुरोहित का विमोचन हुआ।

# मेडिकल स्टोर्स में अब CCTV अनिवार्य

## पुलिस ने एक महीने में कैमरे लगाने का दिया आदेश

महानगर संवाददाता
मुंबई

मुंबई में नशे की लत और प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने बड़ा फैसला लिया है। अब शहर के सभी मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह आदेश मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152 के तहत जारी किया है। आदेश के मुताबिक,मेडिकल स्टोर्स को एक महीने के भीतर अपने यहां कैमरे लगाने होंगे। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल



रही थीं कि कई मेडिकल दुकानों से बिना डॉक्टर की पर्ची के नशे के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं बेची जा रही हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अब कैमरे की निगरानी में बिक्री की व्यवस्था की जा रही है। खासतौर पर शेड्यूल H,H1 और X में दर्ज दवाएं बिना नियमन के आसानी से उपलब्ध कराई जा रही थीं। इस आदेश के बाद अब इन दवाओं की बिक्री पर कड़ी नजर रखी जा सकेगी। पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, कैमरे दुकान के प्रवेश द्वार, दवा काउंटर और दवा स्टोर करने वाली जगहों को कवर करेंगे। कैमरों की गुणवत्ता कम से कम दो मेगापिक्सेल होनी चाहिए और रिकॉर्डिंग को तीस दिन तक सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। हालांकि मेडिकल स्टोर संचालकों ने इस आदेश को लेकर नाराजगी जताई है।

# प्रेमी ने ही युवती को 31 वीं मंजिल से दिया था धक्का

**मुंबई।** शहर की एक पॉश बिल्डिंग से 31वीं मंजिल से गिरकर जान गंवाने वाली 16 वर्षीय युवती की मौत को शुरुआत में आत्महत्या बताया गया था,लेकिन पुलिस की गहराई से की गई जांच ने इस केस ने चौंकाने वाला मोड़ ला दिया है। युवती को उसके ही नाबालिग दोस्त ने जानबूझकर धक्का देकर मार डाला और बाद में पूरे घटनाक्रम को आत्महत्या दिखाने की कोशिश की गई। बता दें कि यह घटना दो जुलाई को अंधेरी इलाके में स्थित एक ऊंची इमारत में घटी थी। शुरूआत में मृतक के परिवार और स्थानीय लोगों को यही बताया गया कि युवती ने खुदकुशी की है। लेकिन जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल रिकॉर्ड्स और




घटनास्थल की फॉरेंसिक रिपोर्ट की पड़ताल की,तो सच्चाई सामने आई। तफ्तीश में सामने आया कि युवती और आरोपी नाबालिग लड़का एक-दूसरे को कुछ समय से जानते थे और उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान बिल्डिंग की छत पर दोनों के बीच बहस हुई और इसी दौरान आरोपी ने उसे छत से नीचे धक्का दे दिया। इसके बाद आरोपी ने यह दिखाने की कोशिश की कि युवती ने खुद ही आत्महत्या की है।

# छोटा शकील गैंग के गुर्गों ने दो युवकों का अपहरण किया

## तीन राज्यों में घुमाते हुए बेरहमी से किया प्रताड़ित

महानगर संवाददाता
मुंबई

ड्रग तस्करी की अंधेरी दुनिया से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है,जिसमें अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील से जुड़े गैंग के सात सदस्यों ने 50 लाख की एमडी (मेफेड्रोन) डील फेल होने पर दो युवकों का अपहरण कर उन्हें तीन राज्यों में घुमाते हुए बेरहमी से प्रताड़ित किया। इस मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच तेज कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक,यह डील मुंबई में तय की गई थी,लेकिन सौदा होते-होते रद्द हो गया। इसके




चलते गिरोह ने डील में शामिल दो युवकों को शक के आधार पर जबरन अगवा किया। उन्हें पहले मुंबई से महाराष्ट्र के विभिन्न इलाकों में ले जाया गया,फिर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान आरोपियों ने दोनों को पीट-पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया।

### सातों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

लगभग एक महीने तक बंधक रहने के बाद एक पीड़ित युवक किसी तरह भागने में कामयाब रहा और उसने सीधे पुलिस से संपर्क किया। उसके बयान और लोकेशन की मदद से पुलिस ने तत्काल एक विशेष टीम गठित की और अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर सातों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए सभी आरोपी छोटा शकील के नेटवर्क से जुड़े हुए हैं और पहले भी ड्रग तस्करी तथा जबरन वसूली जैसे मामलों में लिप्त रहे हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से कुछ नकद रकम, मोबाइल फोन, और संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस एमडी डील में और कौन-कौन शामिल था। यह घटना न सिर्फ ड्रग माफिया के बढ़ते नेटवर्क की ओर इशारा करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि मुंबई और देशभर में अंडरवर्ल्ड की पकड़ अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस केस के जरिए उन्हें कई अहम सुराग मिले हैं, जिससे ड्रग तस्करी के बड़े नेटवर्क को तोड़ने में मदद मिल सकती है।

# प्रदूषित स्थानों की पहचान करने के लिए मनपा ने निजी संस्था से मिलाया हाथ

## इंस्टीट्यूट ऑफ रेपुटेशन के साथ किया समझौता




**मुंबई।** प्रदूषण मुंबई मनपा के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। मनपा प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए निजी संस्था का सहारा लेने का निणर्य लिया है। जिसके द्वारा प्रदूषण वाले स्थानों की पहचान हो पाएगी। मनपा का मानना है की इससे प्रदूषण बढ़ने वाले स्थानों पर कार्रवाई करना आसान होगा। मनपा ने निजी संस्था इंस्टीट्यूट ऑफ रेपुटेशन के साथ किया समझौता किया है। मानसून के बाद मुंबई में प्रदूषण बढ़ने की संभावना जताई जा रही है,जिसके चलते मनपा अभी से तैयारी शुरू कर दी है। मनपा अब प्रदूषण वास्तव में कहां से फैल रहा है और इसके हॉटस्पॉट्स कौन-कौन से हैं, इसका सटीक पता लगाने के लिए अब निजी संस्था का सहारा लेने का निणर्य लिया है। मनपा ने ‘इंस्टीट्यूट ऑफ रेप्युट’ संस्था के साथ अनुबंध किया है। मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जल्द ही इसके लिए औपचारिक कार्यादेश जारी किया जाएगा। मुंबई में वर्ष 2022 से हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। मनपा के अनुसार प्रदूषण को लेकर अब केवल प्राथमिक जानकारी के आधार पर उपाय करने की बजाय अब वैज्ञानिक पद्धति से प्रदूषण के स्रोतों का विश्लेषण किया जाएगा। लोहे और स्टील की फैक्ट्रियां,छोटे-बड़े उद्योग, सीवेज और कचरे से भी प्रदूषण होता है। इन स्रोतों की पहचान,प्रदूषण की मात्रा और हॉटस्पॉट की जानकारी ‘इंस्टीट्यूट ऑफ रेप्युट’ के माध्यम से एकत्र की जाएगी।


**पश्चिम रेलवे**

**मुंबई सेंट्रल मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर वॉटर वेंडिंग मशीनों का प्रावधान**

मुंबई सेंट्रल मंडल में **अगस्त 2025** के माह हेतु विभिन्न स्टेशनों पर **वॉटर वेंडिंग मशीनों** के लिए ई-नीलामी आयोजित की गई है.

नीलामी पुस्तिका क्र. : बीसीटी-सीटीजी-25-डब्ल्यूवीएम6 | ई-नीलामी की तिथि : 05.08.2025

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्टेशन | स्टेशन की श्रेणी | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| एए/1 | एमएसएस-बीसीटी-वीआर-डब्ल्यूवीएम-64-25-1 | दहिसर, मीरा रोड, भायंदर, नायगांव, वसई रोड, नालासोपारा, विरार | सी | 01- दहिसर, 02 – मीरा रोड, 01-भायंदर, 01-नायगांव, 03-वसई रोड, 02-नालासोपारा, 03-विरार |
| एए/2 | एमएसएस-बीसीटी-एनडीबी-डब्ल्यूवीएम-61-25-1 | व्यारा, नंदूरबार, दोंडाईचा, अमलनेर | बी, डी, ई | 02-व्यारा, 03-नंदूरबार, 01-दोंडाईचा, 01-अमलनेर |
| एए/3 | एमएसएस-बीसीटी-एनवीएस-डब्ल्यूवीएम-65-25-1 | उदवाडा, बिलिमोरा, नवसारी | ए, बी | 02-उदवाडा, 02-बिलिमोरा, 02-नवसारी |
| एए/4 | एमएसएस-बीसीटी-पीएलजी-डब्ल्यूवीएम-63-25-1 | पालघर, बोईसर, दहाणू रोड | सी | 02- पालघर, 02-बोईसर, 02-दहाणू रोड |
| एए/5 | एमएसएस-बीसीटी-पीएलजी-डब्ल्यूवीएम-63-25-1 | पालघर, बोईसर, दहाणू रोड | सी | 02-पालघर, 02-बोईसर, 02-दहाणू रोड |
| एए/6 | एमएसएस-बीसीटी-एसएएच-डब्ल्यूवीएम-62-25-1 | वैतरणा, सफाले, केलवे रोड, वनगांव | सी | 01-वैतरणा, 01-सफाले, 01-केलवे रोड, 01-वनगांव |

**यूनिट का प्रकार** : वॉटर वेंडिंग मशीन **ई-नीलामी का समय** : 12.00

**टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.
0458

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly



**भारतीय थल सेना**

सत्यमेव जयते

**JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER**

**www.joinindianarmy.nic.in**

**अधिकारी प्रविष्टियाँ**

**1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-**

(क) 123वाँ अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2026 कानून में स्नातक पुरुष अभ्यर्थियों के लिए।
(ख) 123वाँ अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2026 कानून में स्नातक महिला अभ्यर्थियों के लिए।
(ग) 123वाँ अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (पुरुष) (युद्ध में हताहत सेना कार्मिकों के आश्रितों सहित) अप्रैल 2026 के लिए।
(घ) 123वाँ अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (महिला) (युद्ध में हताहत सेना कार्मिकों के आश्रितों सहित) अप्रैल 2026 के लिए।

**2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे:-**

(क) जे.ए.जी. कोर्स - पुरूष - 04 अगस्त से 03 सितम्बर 2025
(ख) जे.ए.जी. कोर्स - महिला - 05 अगस्त से 04 सितम्बर 2025
(ग) एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स - पुरुष - 11 अगस्त से 10 सितम्बर 2025
(घ) एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स - महिला - 12 अगस्त से 11 सितम्बर 2025

**OFFICER ENTRIES**

**1. Applications are invited for the following courses:-**

(a) 123rd Short Service Commission JAG Entry Scheme Course (Men) Apr 2026 course for Law Graduates.
(b) 123rd Short Service Commision JAG Entry Scheme Course (Women) Apr 2026 course for Law Graduates
(c) 123rd Short Service Commision NCC Special Entry Scheme Course Apr 2026 for Men (including Wards of Battle Casualties of Army personnel)
(d) 123rd Short Service Commision NCC Special Entry Scheme Course Apr 2026 for Women (including Wards of Battle Casualties of Army personnel)

**2. Online applications will open as under-**

(a) JAG Course - Men - 04 Aug to 03 Sep 2025
(a) JAG Course - Women - 05 Aug to 04 Sep 2025
(c) NCC (Special) Course - Men - 11 Aug to 10 Sep 2025
(d) NCC (Special) Course - Women - 12 Aug to 11 Sep 2025

नोट :-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

**Note:-**
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0045/2526

# संघ का संकल्प

शताब्दियों से बहती भारतीय सभ्यता की यह अनुपम यात्रा केवल इतिहास नहीं, चेतना है, केवल स्मृति नहीं, संस्कार है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी संकल्प उसी चेतना का उजास है जो भारत को मात्र भूखंड नहीं, भावभूमि मानता है। यह संकल्प कोई घोषणापत्र नहीं अपितु आत्मा की पुकार है, उस आत्मा की जो युगों से 'विश्व कल्याण' के स्वप्न में जागती रही है और 'वसुधैव कुटुंबकम्' के मंत्र में संपूर्ण जीवन-दर्शन संजोती रही है। डॉ. हेडगेवार द्वारा 1925 में बोया गया बीज, जो समय की तपन और समर्पण के जल से सिंचित हुआ, आज विशाल वटवृक्ष बनकर भारत की सांस्कृतिक छाया बन गया है। यह संकल्प उस तपस्वी साधना का फल है जिसमें शाखाओं की नियमितता, सेवाकार्यों की निस्वार्थता और स्वयंसेवकों के समर्पण ने राष्ट्र का नवजीवन गढ़ा। संघ का सौवां वर्ष न कोई पड़ाव है, न विश्राम। यह तो नवनिर्माण की पगध्वनि है जिसमें अतीत का अनुभव और भविष्य की आस्था एक साथ नाद करते हैं। इस संकल्प में हिन्दू समाज को केवल धार्मिक परिभाषा में नहीं बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में एक समरस इकाई के रूप में देखा गया है, ऐसा समाज जो विविधताओं में एकता के मूल मंत्र को जीता हो, जो आचरण से धर्म और व्यवहार से करुणा हो। यह वह भाव है जहां 'हिन्दू' कोई परिभाषा नहीं बल्कि जीवनशैली बन जाता है, ऐसी शैली जो सेवा में स्वयं को विसर्जित कर देती है, जो संगठन में आत्मा की अभिव्यक्ति खोजती है। शताब्दी संकल्प कहता है कि संघ की शाखाएं मात्र अनुशासन की पाठशालाएं नहीं, संस्कार की प्रयोगशालाएं हैं। वे वह भूमि हैं जहां बालक राष्ट्रभक्त बनते हैं, युवा समाजसेवक बनते हैं और वृद्ध मार्गदर्शक बनते हैं। यह शाखा जीवन की वह धुरी है, जहाँ चरित्र निर्माण, कर्तव्यबोध और समाज के प्रति सजग संवेदनशीलता एकात्म हो जाती है। यही वह कार्यशाला है जहाँ राष्ट्र का भविष्य, वर्तमान की तपस्या से आकार पाता है। इस शताब्दी संकल्प में संघ का दृष्टिकोण व्यापक हुआ है। अब यह केवल हिन्दू समाज के संगठन तक सीमित नहीं बल्कि समूचे मानव समुदाय की सेवा, संरक्षण और समरसता के संकल्प में विस्तारित हो चुका है। पर्यावरण से लेकर परिवार तक, नागरिक दायित्वों से लेकर वैश्विक चिंतन तक संघ की भूमिका बहुआयामी हो गई है। यह उस भारत की पुकार है जो तकनीक में आधुनिक हो, पर आत्मा से सनातन रहे; जो विज्ञान में प्रगति करे, पर विचारों में प्राचीन ऋषियों का विवेक साधे। संघ की इस शताब्दी यात्रा का सार यह है कि संगठन केवल शक्ति नहीं, साधना है। यह वह साधना है जो न किसी सत्ता की आकांक्षा रखती है, न किसी प्रचार की लिप्सा। यह साधना वह मौन तप है जिसमें स्वयं को मिटाकर समाज को गढ़ा जाता है, जिसमें अपने सुख की आहुति देकर राष्ट्र की समृद्धि का यज्ञ किया जाता है। यही तो वह भावना है जो गीता के निष्काम कर्मयोग को वर्तमान समाज में साकार करती है। संकल्प-पत्र में 'स्व' की प्रतिष्ठा की बात है यह 'स्व' केवल निजी पहचान नहीं, वह सांस्कृतिक आत्मा है जो भारत को भारत बनाती है। यह 'स्व' हमारे ग्राम्य जीवन में है, हमारे पर्व-त्योहारों में, हमारे तीज-त्योहारों की रंगत में, हमारी वाणी की मिठास में, हमारी परंपराओं की परिपक्वता में है। यही 'स्व' जब सजग होता है तो समाज सजग होता है, जब जाग्रत होता है तो राष्ट्र जाग्रत होता है। यह संकल्प संघ के कर्मठ स्वयंसेवकों के तप, त्याग और तपस्या की गाथा भी है जिन्होंने बिना यश की कामना के, गांव -गांव, गली-गली समाज का हाथ थामा। बाढ़ हो या भूकंप, महामारी हो या पलायन संघ का स्वयंसेवक सदा सेवा में उपस्थित रहा, नायक नहीं, संकोची सेवक बनकर। यह शताब्दी का संकल्प उन अनाम सेवकों को भी प्रणाम है जिनकी कर्तव्यनिष्ठा ने समाज को आश्वस्ति दी और राष्ट्र को आत्मबल। इस संकल्प की भाषा में संयम है, उसकी आत्मा में विश्वास है और उसका उद्देश्य व्यापक है। यह किसी के विरुद्ध नहीं बल्कि सबको साथ लेकर चलने का भाव है। यह राजनीति की परिधियों से परे जाकर राष्ट्रधर्म की बात करता है। संघ के लिए राष्ट्र कोई सत्ता नहीं, कोई भूगोल नहीं, वह एक जीवित तत्व है एक माता, एक पूज्या चेतना, जो हमारे संस्कारों में बसती है, हमारी धड़कनों में बोलती है। अंततः यह संकल्प हमें वह दृष्टि देता है जो भारत को केवल विकसित नहीं, 'विकसित होते हुए भी आध्यात्मिक' बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त करती है। यह विकास के साथ संस्कार, विज्ञान के साथ श्रद्धा, शक्ति के साथ सेवा और राष्ट्रवाद के साथ वैश्विक बंधुत्व का समन्वय प्रस्तुत करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी संकल्प, उस दीपशिखा की भांति है जो न केवल स्वयं जलती है बल्कि औरों को भी प्रकाश देती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाहक मोहन भागवत ने कहा कि ऐसी कोई जाति नहीं जिसने देश के उत्थान के दौरान संघर्ष में योगदान न दिया हो। समाज की सभी जातियों ने महापुरुष दिए हैं। भागवत ने कहा कि श्मशान, मंदिर और जलाशय (कुआं, नल, तालाब ) पर हिंदू समाज की सभी जातियों का समान अधिकार है। चिंतन-मंथन बैठक में संघ प्रमुख ने कहा कि समरसता संघ की गतिविधि ही नहीं, स्वयंसेवक का स्वभाव भी है। 25-30 सालों से एक साथ काम करने वाले संघ कार्यकर्ता एक-दूसरे की जाति तक नहीं जानते हैं। यह संघ की विशेषता है। स्वयंसेवक अपने कार्य और स्वभाव के जरिए इस तरह की मानसिकता का संपूर्ण समाज के लिए निर्माण करते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि समरसता स्वयंसेवक का स्वभाव होने के कारण संघ से जुड़ने वाले हर व्यक्ति में इसका भाव होना स्वभाविक हो जाता है। यह संकल्प आने वाले युग के लिए मार्गदर्शन है, प्रेरणा है और चेतावनी भी कि भारत को भारत बनाए रखना है, तो उसकी आत्मा को जाग्रत और संरक्षित रखना होगा। यही संघ की आत्मा है, यही उसका शताब्दी संकल्प है।

**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

*ट्रंप कहे तो सही है, नमो कहे तो झूठ*
*कुछ भी कहता फिर रहा, ये पंजे का ठूंठ*
*ये पंजे का ठूंठ, चीन की भाषा बोले*
*हर बतिया पर रूठ, रहा ठग हौले-हौले*
*कह सुरेश कविराय अब मचा हुआ हड़कंप*
*हरिश्चंद लगने लगा, अब पप्पू को ट्रंप*

आज का कार्टून




साभार

# भारत की अर्थव्यवस्था पर अमेरिका की खीझ


'अमेरिकी आतंकवाद' और 'चीनी नक्सलवाद' से या इस्लामिक चरमपंथ से भारत को जितनी क्षति पहुंचाई जा सकती थी, वह पहुंचाई जा चुकी है लेकिन अब पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा जो चुन-चुन कर हिसाब लिए जा रहे हैं, उससे अमेरिका-चीन की बौखलाहट भी समझने लायक है। इसी खीझ की बानगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वो बयान है जिसमें उन्होंने भारतीय इकोनॉमी को डेड इकॉनमी करार दिया है।



जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और तेजी से मजबूत होती जा रही 'समाजवादी अर्थव्यवस्था' यानी भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी करार दिया है तो एक भारतीय होने के नाते उनसे मेरा सीधा सवाल है कि आखिर उनकी अमेरिकी अर्थव्यवस्था क्या है- 'कैपिटलिस्ट इकॉनमी' या 'टेररिस्ट इकॉनमी!' मुझे पता है कि वो मेरे इस सवाल का जवाब नहीं देंगे, इसलिए आज उनकी डॉलर डिप्लोमेसी, मिलिट्री डिप्लोमेसी और घृणित कूटनीति को आईना दिखलाना अपना राष्ट्रधर्म / बुद्धिजीवी धर्म समझता हूं। वहीं, अमेरिका को यह भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि रूस के साथ भारत गर्त में नहीं, बल्कि उंस शिखर पर जाएगा जहां आज अमेरिका काबिज है! सच कहूं तो सात समुंदर पार बसा अमेरिका यदि अपनी फूट डालो और राज करो वाली क्षुद्र नीतियों और अभद्र स्वभाव/व्यवहार के बल पर एशिया-यूरोप के देशों पर शासन करना चाहता है तो अब उसके दिन लद गए हैं। उसे ब्रिटिश भूलों से सबक सीखने की दरकार है क्योंकि 'कूचरा की पारी अंतिम बारी' वाली भारतीय कहावत अब उस पर चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। आज वह रूस, चीन, भारत, ईरान आदि सबकी आंखों पर चढ़ चुका है और उसका बचा-खुचा भ्रम बहुत जल्दी टूटने वाला है जिसकी बौखलाहट उसके कदम दर कदम में दिखाई दे रही है। भारत के प्रति उसका जो विद्वेष भरा रवैया है, शायद वही उसकी ताबूत की अंतिम कील बन जाए। वह पाकिस्तान को भड़काकर भारत को कमजोर नहीं कर सकता बल्कि भारत यदि अपने पर आ गया तो एशिया-यूरोप से उसके पांव उखड़ते देर नहीं लगेंगे क्योंकि रूस-चीन-उत्तर कोरिया-ईरान-इराक़-सीरिया आदि उससे पहले से ही खार खाए बैठे हैं। जहां तक भारत-अमेरिका सम्बन्धों की बात है तो यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत-अमेरिका सम्बन्ध एक अस्वाभाविक दोस्ती है जिसमें छल-प्रपंच की बू आती है जबकि भारत-रूस सम्बन्ध एक स्वाभाविक मित्रता है जो वक्त की कसौटी पर शत-प्रतिशत खरा उतरा है। कभी अमेरिका और सोवियत संघ, और अब अमेरिका व चीन, अमेरिका एवं रूस के पारस्परिक वैश्विक महत्वाकांक्षा भरे रिश्तों में गुटनिरपेक्ष देश भारत की अहमियत प्रारंभ से यही रही है कि उसका झुकाव जिधर होगा, उसका पलड़ा सदैव भारी होगा लेकिन जहां रूस ने भारतीय गुटनिरपेक्षता को बेझिझक स्वीकार किया, वहीं अमेरिका द्वारा भारत को अपने पाले में खींचने और फिर स्वभाववश दगाबाजी करने की जो हड़बड़ाहट दिखाई जा रही है, इस आशय की डील अविलंब करने का जो वैश्विक दबाव बनाया जा रहा है और इसी प्रक्रिया में अमेरिकी वयोवृद्ध राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा जो घिनौनी बयानबाजी की जा रही है, उससे भारत का बाल भी बांका होने वाला नहीं है। यदि अमेरिका-चीन को भ्रम है कि वे पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, मालदीव, नेपाल, म्यांमार आदि को उकसा कर भारत की तरक्की की राह में रोड़े अटकायेंगे, भारतीय उपमहाद्वीप में अशांति फैलाकर हथियारों की बिक्री बढ़ाएंगे तो यह उनका दिवास्वप्न है। 'अमेरिकी आतंकवाद' और 'चीनी नक्सलवाद' से या इस्लामिक चरमपंथ से जितनी क्षति पहुंचाई जा सकती थी, वह पहुंचाई जा चुकी है लेकिन अब पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा जो चुन चुन कर हिसाब लिए जा रहे हैं, उससे अमेरिका-चीन की बौखलाहट भी समझने लायक है जबकि पाकिस्तान प्रेमी अरब-एशियाई देशों द्वारा भारत के इस्लामीकरण की कोशिशें भी दम तोड़ चुकी हैं। ऐसे में जब भारत ऑपरेशन सिंदूर की तरह अगला पलटवार करेगा तो अमेरिका-चीन को भारतीय उपमहाद्वीप में मुंह छिपाने की जगह भी नहीं मिलेगी। अमेरिका को यह समझना होगा कि भारत, ग्रेट ब्रिटेन नहीं है जिससे मित्रता कर अंतरराष्ट्रीय पैमाने पर पीछे धकेल दिया जाए। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका ने ग्रेट ब्रिटेन के साथ यही तो किया। जहां इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय दुनियादारी में तूती बोलती थी, वहीं द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका की तूती बोलने लगी। द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिका- सोवियत संघ (रूस व उसके 14 पड़ोसी देश) साथ थे। लेकिन विश्वयुद्ध खत्म होते ही अमेरिका ने यूरोप को दो फाड़ कर दिया और इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे बड़े देशों को उसके खिलाफ कर दिया। फिर लंबे चले अमेरिका-सोवियत संघ शीत युद्ध के दौरान 1989 आते आते सोवियत संघ को भी छिन्न-भिन्न करवा दिया हालांकि, तीन दशक बाद जब रूस ने अपने खोए हुए गौरव को प्राप्त कर लिया, तब उसे अमेरिका-यूरोप के नाटो देशों ने यूक्रेन में उलझा दिया जिससे साढ़े तीन वर्षों से भीषण युद्ध जारी है। वहीं, अपनी वैश्विक बादशाहत बनाए रखने के लिए अमेरिका ने एशिया महादेश में भी कई बड़े गेम खेले। उसने एशियाई अरब देशों के खिलाफ इजरायल को भड़काया और उसे अपना पूर्ण सहयोग दिया। भारत के खिलाफ पाकिस्तान को भरपूर समर्थन दिया। चीन-भारत के बीच तिब्बत मुद्दे को हवा दी। अफगानिस्तान में रूस का अवरोधक बनने के लिए तालिबान पैदा किया। कश्मीर हासिल करने के लिए आतंकवाद पैदा किया। इससे अमेरिकी हथियार व ड्रग्स कारोबार में भारी मुनाफा हुआ लेकिन रूस के खिलाफ जिस चीन को अमेरिका ने प्रश्रय दिया, अब वही उसके लिए भस्मासुर बन चुका है। अमेरिकी शह पर मुस्लिम देश भी दो फाड़ हो चुके हैं। यही वजह है कि अमेरिका ने विगत 25 वर्षों तक भारत को अपने पाले में खींचने के लिए ढेर सारे वैश्विक प्रयास किए। स्वभाव से विनम्र प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी और पीएम डॉ मनमोहन सिंह तो अमेरिकी चक्रव्यूह में फंस गए लेकिन स्वभाव से तेज तर्रार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी वैश्विक चालें चलीं कि अमेरिकी चतुराई की सारी हवा निकल गई। उन्होंने उसकी कैपिटलिस्ट अर्थव्यवस्था जिसे टेररिस्ट अर्थव्यवस्था भी समझा जाता है, की ऐसी बखिया उधेड़ी कि आज वह बाप-बाप चिल्ला रहा है। जी-7 के ऊपर ब्रिक्स को इतना कद्दावर बनवा दिया कि अमेरिका के पसीने छूट रहे हैं। उसे टेररिस्ट अर्थव्यवस्था इसलिए कहा जाता है कि पाकिस्तान के सहारे दुनिया भर में आतंकवादी पैदा करने, उन्हें वित्तीय मदद देने और फिर उपजी अशांति का लाभ उठाकर अपनी कम्पनियों के हथियार खपाने व ड्रग्स के कारोबार को बढ़ाने का जो खुला खेल फर्रुखाबादी चलता रहा है, उसका मास्टरमाइंड देश अमेरिका ही है।

**- कमलेश पांडेय**

# भगवा आतंकवाद का नैरेटिव ध्वस्त



आखिरकार 29 सितंबर 2008 को हुए मालेगांव बम ब्लास्ट केस का फैसला सामने आ गया है और बावजूद सारे प्रयासों, जांच एवं सबूत पेश करने के महाराष्ट्र पुलिस, एटीएस और एनआईए के सारे प्रयास असफल साबित हुए तथा इस केस के सातों आरोपियों को एनआईए की अदालत में बाइज्जत बरी कर दिया है। इसके साथ ही भगवा आतंकवाद का जो शगूफा तत्कालीन कालखंड में खड़ा किया गया था, उसको भी अदालत ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि दहशतगर्दी का कोई धर्म नहीं होता है। सरसरी दृष्टि से देखने पर यें छोटी-छोटी सी बातें हैं मगर राजनीति के गहरे अर्थों को रेखांकित करती हैं। राजनीतिक विचारधाराओं का अलग होना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन जब सत्ता पक्ष में रहने वाला दल एक खास नजरिए के साथ घटनाओं को देखने या प्रस्तुत करने लग जाता है तो फिर यह मतभेद मनभेद में बदल जाता है और भारी अंतर डाल देता है। सन 2006 से 2011 तक का एक ऐसा दौर देश में आया था जब जगह-जगह दहशतगर्दी नंगा नाच दिखा रही थी। बम विस्फोटों की एक ऐसी श्रृंखला शुरू हो गई थी जिसका कोई ओर छोर दिखाई नहीं दे रहा था। ऐसे ही बम विस्फोटों में। मालेगांव में एक बम ब्लास्ट 1 8 सितंबर 2006 को कब्रिस्तान के पास मालेगांव में हुआ इसमें 37 लोग मारे गए और 100 से ज्यादा घायल हुए। बम विस्फोट का शक मुस्लिम युवकों पर गया। 11 अक्टूबर 2007 को भी अजमेर दरगाह में ब्लास्ट हुआ जिसमें कई लोगों की मृत्यु हुई। इस केस की जांच पड़ताल के बाद देवेंद्र गुप्ता और भावेश पटेल को उम्रकैद सजा हुई। 18 फरवरी 2007 को समझौता एक्सप्रेस में भी विस्फोट हुआ और 250 से ज्यादा लोग मारे गए .घायलों की संख्या भी काफी अधिक रही। 18 मई 2007 को हैदराबाद मक्का मस्जिद में भी ब्लास्ट हुआ। 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में भीकू चौक पर मस्जिद के पास जो भीषण बम विस्फोट हुआ, उसके कारण मस्जिद की घड़ियां 9:35 पर घड़ियां रुक गई थीं। छह लोग मारे गए और 100 से ज्यादा घायल हुए. अदालत में 95 घायलों की सूची पेश की गई। जांच एजेंसियों के अनुसार आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की बाइक पर रखा बम फटा था। इस घटना का संदेह अभिनव भारत नाम के एक हिन्दू संगठन पर किया गया और इसी को केंद्र में रखते हुए जांच को आगे बढ़ाया गया। एटीएस और और एनआईए ने अदालत में अभियुक्तों के रूप में साध्वी प्रज्ञा सिंह, कर्नल श्रीकांत पुरोहित, रमेश उपाध्याय, समीर कुलकर्णी, सुधाकर द्विवेदी उर्फ शंकराचार्य और सुधाकर चतुर्वेदी उर्फ पंडित अमृतानंद तथा अजय राहेलकर को पेश किया। इस केस के मुख्य अधिकारी के रूप में एटीएस के हेमंत करकरे ने काफी जांच पड़ताल की . करकरे बाद में मुंबई में 26 11 2011 के मुंबई के बम विस्फोट में शहीद हुए। पहले जांच एटीएस यानी एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाड को दी गई थी जो बाद में एन आई ए को सौंप दी गई। एटीएस के तत्कालीन जांच अधिकारी महबूब मुजावर का रहस्य उद्घाटन चौंकाने वाला है कि उन्हें आर एस एस के तत्कालीन सर कार्यवाह मोहन भागवत को भी गिरफ्तार करने के लिए कहा गया था। उस समय के सुदर्शन आर एस एस मुखिया थे। तब महाराष्ट्र में कांग्रेस की सरकार थी और मुख्यमंत्री थे बिलास राव देशमुख .बाद में 2008 में अशोक राव चहाण बने यानी इस केस की जांच के दौरान दो मुख्यमंत्री रहे। उस समय पहले तो मुस्लिम आतंकवादी संगठनों पर शक जाहिर किया गया था लेकिन बाद में जांच एजेंसियों ने इसे भगवा आतंकवाद से जोड़कर पेश किया. तब संसद में पी चिदंबरम ने भगवा आतंकवाद को इसका दोषी ठहराया था यानी उस समय कांग्रेस की सरकार द्वारा हिंदू आतंकवाद का एक नया नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की गई। 17 साल मुकदमा चला और 31 जुलाई 2025 को सुनाए गए निर्णय में सभी सातों आरोपी बरी कर दिए गए हैं। अदालत ने इसका कारण भी बताया है कि इस कांड में जांच एजेंसियां कोई भी पुख्ता सबूत पेश करने में पूरी तरह नाकाम रहीं। यहां तक कि घटना स्थल को भी सुरक्षित नहीं रख पाई तथा न ही यह सिद्ध कर पाई कि कर्नल श्रीकांत पुरोहित ने बम दिया या बम बनाने में कोई तकनीकी जानकारी अथवा सहयोग किया। इसी तरह साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर पर भी षड्यंत्र रचने का आरोप सिद्ध नहीं हो पाया है। हालांकि 31 जुलाई 2025 को एनआईए कोर्ट के निर्णय के खिलाफ दूसरा पक्ष उच्चतर न्यायालय में जाएगा। इसलिए इस निर्णय को अभी अंतिम निर्णय नहीं मानना चाहिए। गौरतलब है कि केस में जांच एजेंसियों ने आतंकवाद निरोधी कानून और विस्फोटक अधिनियम लागू किया और धारा 120 बी एवं 302 में केस दर्ज किए गए। यद्यपि फैसला तो आ चुका है लेकिन अपने पीछे यह अनेक सवाल खड़े कर रहा है और इस बात पर गहमा गहमी जारी है कि आखिर न्याय प्रक्रिया इतनी लंबी प्रक्रिया क्यों बन गई कि इसका निर्णय देने में 17 साल लग गए? न्याय में देरी का मतलब न्याय न देना होता है इस नज़रिए से देखें तो अदालत का यह निर्णय न्याय देता नहीं लगता। यहां यह पूछना भी समीचीन होगा कि जब कोई भी दोषी नहीं तो बम कैसे आया? कौन लाया? किसने सपोर्ट किया, किसने योजना बनाई? क्या कभी देश जान पाएगा? गौरतलब और चिंतन व चिंता की बात यह भी है कि एक खास दल की सरकार के समय एक खास संप्रदाय के लोग ही क्यों षड्यंत्रकारी निकलते हैं? क्या यह राजनीतिक दुर्भाव का प्रतीक नहीं माना जाना चाहिए कि एक विचारधारा विशेष को पोषित या शोषित करने की मंशा के साथ अदालतों में केस दायर किए जाते हैं और जब ऐसी मंशाएं होती हैं तो फिर ऐसे ही फैसले आते हैं क्योंकि सच को झूठ या झूठ को सच बनाने का पाखंड बहुत ज्यादा समय तक नहीं टिक पाता है। ऐसा केवल इसी केस के साथ नहीं हुआ है देश में ऐसे कितने ही केस हैं जिनके बारे में यह कथन पूरी तरह लागू होता है। आज यह समय की मांग है कि न्याय प्रक्रिया को तीव्र गामी बनाया जाए और जांच एजेंसियां ज्यादा वैज्ञानिक तरीके अपनाएं, साथ ही साथ अपराधों के मामले में किसी भी विचारधारा को लांछित या आरोपित करने से बचा जाए।

**- डॉ. घनश्याम बादल**

## मस्तिष्क पर वायु प्रदूषण का प्रभाव

पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिये न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है। हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। ये निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहाँ वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी पच्चीस वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है। वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएँ और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। ये सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुँच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं।

**- कस्तूरी दिनेश**

# इंस्टाग्राम से आतंक के जाल तक की शमा

हिंदुस्तान की धरती पर आतंकवाद का चेहरा तेजी से बदल रहा है। अब यह केवल सीमाओं से पार कर हथियार और बारूद के ज़रिए नहीं बल्कि स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की स्क्रीन से युवाओं के दिल-दिमाग तक पहुँच रहा है। झारखंड की 30 वर्षीय शमा परवीन की गिरफ्तारी इसी बदलते आतंकवादी तंत्र का जीवंत उदाहरण है। गुजरात एटीएस द्वारा बेंगलुरु से गिरफ्तार की गई यह महिला अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (AQIS) के भारत में ऑनलाइन मॉड्यूल की 'लास्ट बॉस' बताई जा रही है। यह घटना केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं बल्कि एक गहरी सच्चाई का खुलासा है—हिंदुस्तान का युवा वर्ग अब सोशल मीडिया के जरिये कट्टरपंथी संगठनों के सबसे आसान निशाने पर है। आतंकवाद की यह नई परत समाज और सुरक्षा तंत्र दोनों के लिए अभूतपूर्व चुनौती लेकर आई है। एक दौर था जब आतंकवादी संगठन अपने एजेंडे को फैलाने के लिए गुप्त ठिकानों, हथियारों की तस्करी और सीमा पार से भेजे गए प्रशिक्षित लड़ाकों पर निर्भर रहते थे लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। अब आतंकवादियों के हाथ में बंदूक से ज्यादा ताकतवर हथियार है— सोशल मीडिया। इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम और व्हाट्सऐप जैसे मंचों के जरिये आतंकी संगठन युवाओं तक सीधी पहुँच बना रहे हैं। धार्मिक कहानियाँ, भड़काऊ पोस्ट्स, वीडियो और कथित जिहाद की कहानियाँ उनके हथियार हैं। शमा परवीन इसी डिजिटल जिहाद की प्रमुख कड़ी साबित हुई। उसने इंस्टाग्राम अकाउंट्स से युवाओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाया, उन्हें कथित धार्मिक आख्यान सुनाए और धीरे-धीरे कट्टरपंथ के गहरे दलदल में खींच लिया। सोचिए, जब एक क्लिक से हजारों युवाओं तक पहुँच संभव हो, तो आतंकियों के लिए यह रास्ता कितना आसान हो जाता है। अब उन्हें न तो सीमा पार करनी पड़ती है और न ही हथियारों का जखीरा भेजने की जरूरत होती है। शमा परवीन की कहानी चौंकाने वाली है। झारखंड के एक सामान्य परिवार की यह महिला पढ़ाई और रोजगार की तलाश में बेंगलुरु पहुँची। शुरुआत में उसका जीवन साधारण था लेकिन धीरे-धीरे वह AQIS के संपर्क में आई। जांच एजेंसियों का कहना है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बैठे आकाओं ने उसे योजनाबद्ध तरीके से रेडिक्लाइज किया। उसे ऑनलाइन धार्मिक तालीम के नाम पर भड़काऊ सामग्री दी गई और धीरे-धीरे संगठन के एजेंडे को फैलाने का जिम्मा सौंपा गया। महिला होने के कारण उस पर संदेह कम हुआ और उसने इस कमजोरी को ताकत में बदलते हुए युवाओं से गहरे संवाद स्थापित किए। बेंगलुरु जैसे महानगर में जहाँ तकनीकी विकास और शिक्षा के अवसर बहुत हैं, वहाँ शमा जैसी महिला का AQIS की "डिजिटल कमांडर" बन जाना सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ा सबक है। विशेषज्ञों का मानना है कि महिलाएं आतंकी संगठनों के लिए खास महत्व रखती हैं क्योंकि समाज में उन पर सामान्यतः संदेह कम किया जाता है। वे भावनात्मक संवाद और सहानुभूति का सहारा लेकर युवाओं को अधिक प्रभावी ढंग से प्रभावित कर सकती हैं। शमा परवीन इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। वह केवल सहायक नहीं बल्कि पूरे ऑनलाइन मॉड्यूल की संचालिका थी। उसने युवाओं को धार्मिक कर्तव्यों, जन्नत और शहादत के झूठे वादों से प्रभावित किया और उन्हें संगठन के लिए तैयार किया। यह स्पष्ट है कि आतंक का चेहरा अब केवल पुरुषों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महिलाएं भी उतनी ही खतरनाक भूमिका निभा सकती हैं। अलकायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (AQIS) की स्थापना 2014 में हुई थी। इसका घोषित उद्देश्य भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान और म्यांमार में इस्लामी शासन स्थापित करना है। यह संगठन केवल हिंसक हमलों से ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया और शिक्षा संस्थानों में घुसपैठ करके धीरे-धीरे लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करना चाहता है। हिंदुस्तान आज जब वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है, ऐसे में AQIS जैसे संगठनों की साजिशें न केवल हमारी सुरक्षा बल्कि हमारी सामाजिक संरचना को भी खतरे में डाल रही हैं। शमा परवीन का मामला इस साजिश की गंभीरता को उजागर करता है। डिजिटल जिहादः आधुनिक आतंक का सबसे बड़ा खतरा, आज आतंकवाद की सबसे बड़ी ताकत उसका डिजिटल चेहरा है। एक स्मार्टफोन से हजारों युवाओं तक पहुँच धार्मिक आख्यानों और भ्रामक वीडियो का प्रयोग, जन्नत और शहादत की झूठी कहानियों से मानसिक ब्रेनवॉश, एन्क्रिप्टेड चैट्स और गुप्त ग्रुप्स के जरिए नेटवर्किंग, वर्चुअल ट्रेनिंग और ऑनलाइन हथियार-तकनीक का प्रशिक्षण, यह सब पारंपरिक सुरक्षा उपायों से कहीं अधिक खतरनाक है।

**- अशोक कुमार झा**

# राजनीति का फरेबी पकड़ा गया 9वीं फेल किसी और से खोजवाते

## तेजस्वी पर BJP-JDU का डबल अटैक



**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

वोटर लिस्ट के नए ड्राफ्ट को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा वार कर तेजस्वी यादव बुरे फंस गए हैं। ड्राफ्ट में नाम नहीं होने के आरोप को चुनाव आयोग ने ना सिर्फ खारिज कर दिया बल्कि नेता प्रतिपक्ष के बयान को भ्रामक बताया है। इधर एनडीए को तेजस्वी यादव के खिलाफ बैठे-बैठे बड़ा मौका मिल गया है। बीजेपी और जदयू दोनों दलों के प्रवक्ताओं ने तेजस्वी यादव पर डबल अटैक कर दिया है।

जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव को राजनीति का फरेबी और जालसाल करार दिया है। बयान जारी करके उन्होंने कहा है कि मजिस्ट्रेट चेकिंग में राजनीति का जालसाज पकड़ा गया। 420 के आरोपी तेजस्वी यादव ने कहा कि ड्राफ्ट में उनका नाम नहीं है। चुनाव आयोग ने इसका जवाब दे दिया है। वे झूठ बोलते हैं और फरेब करते हैं। उन्हें इस कृत्य के लिए माफी मांगना चाहिए। जो हर मतदान केंद्र पर बीएलए बहाल नहीं कर पाया वह अनर्गल अलाप कर रहा है। वोट मिलना नहीं है तो ठीकरा किसी और पर फोड़ रहा है।

बीजेपी प्रवक्ता नीरज कुमार ने भी तेजस्वी यादव पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा है कि तेजस्वी यादव देश के दूसरे पप्पू बन गए हैं। हार की हताशा में मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इस वजह से ड्राफ्ट में नाम नहीं मिला और इलेक्शन कमीशन पर बयानवीर बन गए। दरअसल वे कैसे खोज सकते हैं। नौवीं फेल को कितनी समझ हो सकती है कि नेट पर नाम खोज सकें। उन्हें अपने किसी पढ़े-लिखे आसपास के आदमी से खोजवाना चाहिए था।

# 20 फीट धंसा बिहार का बरमसिया पुल

## कई गांवों का संपर्क टूटने से अलर्ट पर प्रशासन

**महानगर नेटवर्क**

**जमुई**

तेज बारिश के बीच जमुई जिले के झाझा प्रखंड में उलाई नदी पर बने बरमसिया कॉजवे पुल का करीब 20 फुट हिस्सा धंस गया। यह पुल झाझा शहर समेत आसपास के दर्जनों गांवों को जोड़ता था, लेकिन तेज बहाव ने इसे कमजोर कर दिया और आखिरकार इसे धंसा दिया,बारिश के बाद इस पुल में डेढ़-डेढ़ फुट गहरी दरारें बन चुकी थीं. जिस कारण प्रशासन ने लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी थी।

**मुख्य बाजार से भी कनेक्शन टूटा**

इस पुल धंसने से आसपास के कई गांवों का मुख्य बाजार और स्वास्थ्य संस्थानों से संपर्क टूट चुका है. स्थानीय पंचायतों के अनुसार, पुल गिरने के बाद प्रतिदिन गांवों से शहर आने-जाने का सिलसिला पूरी तरह ठप हो गया है. बता दें कि यह पुल झाझा प्रखंड के महापुर पंचायत के चांय, बरमसिया, चितोचक, महापुर, तुम्हापहाड़,परासी,लौंगाय सहित कई गांवों को जोड़ता था।



### अलर्ट पर प्रशासन

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी और संबंधित विभाग को इसकी जानकारी मिल गई है, जिसके बाद पुल पर लकड़ी की अस्थायी पटरी लगाने और दोपहिया वाहनों के लिए गेटवे बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। साथ ही, बढ़ते पानी के खतरे को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सतर्क रहने की घोषणा की गई है।

### दरभंगा में सड़क पर तीन फिट तक पानी

दरभंगा में बारिश के बाद लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लहेरियासराय, दरभंगा टॉवर, टाउन हॉल, दारू भट्ठी चौक समेत नगर निगम क्षेत्र के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सबसे अधिक परेशानी वार्ड 28 के रहमगंज स्थित बैंकर्स कॉलोनी में हैं। जहां सड़क पर तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। नाले और सड़क का अंतर मिट गया है। जिससे पैदल चलना और गाड़ियों की आवाजाही दोनों ही मुश्किल हो गई है। इससे नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल खुल गई है। स्थानीय निवासी रिंकू कुमार कापड़ी ने बताया कि इलाके में तीन फीट से ज्यादा पानी जमा है। टू-व्हीलर और चोर व्हीलर के साइलेंसर में पानी घुसने से गाड़ियां बंद हो रही है। मजबूरी में ड्राइवरों को गाड़ी धकेलकर आगे ले जाना पड़ रहा है। न तो विधायक और न ही सांसद इस समस्या की सुध ले रहे हैं। नगर आयुक्त कहते हैं कि सभी वार्डों में काम पूरा हो चुका है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

### नगर निगम सिर्फ टैक्स लेने के लिए है

बैंकर्स कॉलोनी निवासी अंकुर गुप्ता ने बताया कि यह इलाका बेहद महत्वपूर्ण है। फिर भी यहां जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। नगर निगम की सभी योजनाएं सिर्फ कागजों पर चल रही है। सड़क और नाला निर्माण के लिए भले ही मंत्री संजय सरावगी की ओर से प्रस्ताव पास कर दिया गया है। लेकिन नाला और सड़क बनने के बाद ही लाभ मिलेगा। हर्षित का कहना है कि इस जलजमाव से संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। गंदा पानी पूरे मोहल्ले में भरा है। उसमें चलकर जाना पड़ रहा है। नगर निगम सिर्फ होल्डिंग टैक्स वसूलने के लिए एक्टिव है। नागरिक सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं दे रहा।

# सेप्टिक टैंक में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

## शटरिंग खोलने के दौरान हादसा



**मधेपुरा।** मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान के शौचालय की टंकी की सेटरिंग खोलने के दौरान दम घुटने से दो मजदूर की मौत हो गई। जबकि दो मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों मजदूरों को मधेपुरा मेडिकल कॉलेज में दोनों को भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के लालपट्टी वार्ड एक निवासी सहदेव यादव के बेटे प्रमोद यादव (55) और बुढ़ाबे निवासी दिलीप चौहान (40) के रूप में की गई है। घटना विजय भगत के निर्माणाधीन मकान में घटी। जानकारी के मुताबिक दो मजदूर निर्माणाधीन घर के शौचालय टैंक में शटरिंग खोलने के लिए उतरे थे। काफी देर तक जब वो बाहर नहीं आए तो दो अन्य लोग टैंक में उतर गए। जिसके बाद आनन-फानन में दो लोगों को बाहर निकाला गया।

# भागलपुर में प्रस्तावित एयरपोर्ट की जमीन को खरीदने-बेचने पर रोक

## 855 एकड़ के लिए DM ने जारी किया आदेश

**महानगर नेटवर्क**

**भागलपुर**

भागलपुर में सुल्तानगंज अंचल में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के लिए जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने आदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने मसदी, नोनसर, राजगंज, कसवा, सूजापुर और मंझली मौजा में चिह्नित कुल 855 एकड़ भूमि की खरीद-बिक्री और निबंधन पर तत्काल रोक लगा दी है।

आदेश में कहा गया है कि यह जमीन रैयती खाते की है,ऐसे में किसी भी तरह के लेनदेन से बचने के लिए रोक जरूरी है। आसपास की जमीन की खरीद-बिक्री पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर और भी जमीन ली जा सके।



**तकनीकी टीम करेगी जांच**

जिलाधिकारी के पत्र के मुताबिक, भागलपुर ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट निर्माण को लेकर निदेशक, वायुयान संगठन निदेशालय, पटना को आवश्यक रिपोर्ट भेजा गया है। अब भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली की टीम तकनीकी जांच के लिए सुल्तानगंज आएगी। इसके लिए मुख्यालय के स्तर पर कवायद तेज हो चुकी है।

प्रस्तावित स्थल का प्री फिजिबिलिटी स्टडी किया जाएगा,जिसमें टर्मिनल, रनवे, वेटिंग लाउंज, चहारदीवारी जैसे बिंदुओं की जांच की जाएगी। आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

# निमंत्रण देने निकले बाप की हत्या

- नवजात बेटे का छठी समारोह था
- बिहार के खगड़िया में खूनी कांड

**महानगर नेटवर्क**

**खगड़िया**

बिहार के खगड़िया से खबर है जहां एक एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गोगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरचकला पंचायत के वार्ड नम्बर-10 की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कांड की जांच में जुट गई है। मृतक अपने नवजात बेटे के छठी समारोह के लिए लोगों को न्योता देने निकला था। परिजनों को गोली मार देने की खबर मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान फुदकीचक निवासी अरुण महतो के 25 वर्षीय पुत्र कन्हैया महतो के रूप में की गई है। बदमाशो ने उसकी गोली मार हत्या कर दी। घटना शुक्रवार की देर रात्रि की है। मिली जानकारी के अनुसार परिजनों ने घायल युवक को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के



कारण का स्पष्ट खुलासा नही हो पाया है। पुलिस इसकी छानबीन कर रही है। सूचना मिलते हो गोगरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनोंसे पूछताछ कर आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी कर स्थानीय एक व्यक्ति को दबोच लिया। वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर गोगरी थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि हत्याकांड की जांच पुलिस कर रही है। घटना में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही शूटर और इसके पीछे कोई साजिशकर्ता होगा तो गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दिव्यांग बेटियों ने इशारे से खोल दी कातिल पिता की पोल

**महानगर नेटवर्क**

**जहानाबाद**

जहानाबाद जहानाबाद से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहां घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर डाली. और फिर सांप के काटने का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो गया. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है. शख्स की करतूत का तब पता चला जब उसकी दो दिव्यांग बेटियों ने इशारे से यह बात मामा को बताई. घटना परसविगहा थाना क्षेत्र के सुल्तानी गांव की है. यहां शादी के 12 साल बाद पति ने अपनी



ही पत्नी, जो कि पांच बच्चों की मां थी, उसका गला घोंट दिया. जिससे महिला की मौत हो गई. यह घटना गुरुवार की रात की है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी पति रंजन दास को गिरफ्तार किया है. परस विगहा पुलिस ने बताया- हत्या के इस मामले में महिला के भाई ने केस दर्ज करवाया था. मृतका रिंकी देवी (34 वर्ष) के शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा गया है. घटना के संबंध में मृतका के भाई और कल्पा थाना क्षेत्र के शंकरगंज गांव निवासी बबलू कुमार ने बताया- मेरी बहन रिंकी देवी की शादी वर्ष 2013 में परस विगहा थाना क्षेत्र के सुल्तानी गांव के निवासी रंजन दास के साथ हुई थी. दोनों के पांच बच्चे हैं, जिनमें से दो बेटियां दिव्यांग हैं,वो बोल नहीं सकतीं।

# अश्लील वीडियो से आहत युवती ने की आत्महत्या

## विदेश से वायरल कर रहा था फेसबुक फ्रेंड



**नरकटियागंज** । नरकटियागंज में अश्लील वीडियो वायरल करने से आहत विवाहित युवती ने आत्महत्या कर ली है। घटना शिकारपुर थाना के महुअवा गांव की है। मृत विवाहिता की पहचान अफसाना खातून(28) के रूप में हुई है। वह रामनगर थाना के सबेया मंगूराहा गांव निवासी रहमत उर्फ बब्लू शेख की पत्नी थी और मायके में महुअवा गांव आई थी। सूचना पर पहुँची शिकारपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया है। इस मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के गले पर काले धब्बे के निशान मिले है।

# बीएलओ से सुपरवाइजर तक का मानदेय बढ़ा

*वोटर लिस्ट रिवीजन के कर्मियों को चुनाव आयोग का तोहफा*

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन के बीच चुनाव आयोग ने बीएलओ समेत अन्य कर्मियों के मानदेय में दोगुना तक की बढ़ोतरी की है। बूथ लेवल पदाधिकारी (बीएलओ) को अब 6000 के बजाय 12000 रुपये मानदेय मिलेगा। वहीं, वोटर लिस्ट रिवीजन के काम के लिए उन्हें अलग से 6000 रुपये का विशेष भत्ता भी मिलता रहेगा। बीएलओ सुपरवाइजर के मानदेय को भी 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा वरीय अधिकारियों जैसे एईआरओ और ईआरओ को भी चुनाव आयोग भत्ता देगा। रिवीजन के काम के लिए जो बीएलओ को 1 हजार रुपये का अतिरिक्त मानदेय मिलता था, चुनाव आयोग ने उसे भी बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया है। इसके अलावा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) को 30 हजार रुपये और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) को 25 हजार रुपए का मानदेय देने का निर्णय लिया गया है। इन्हें अब तक कोई भत्ता या मानदेय नहीं मिल रहा था। शनिवार को आयोग ने इस संबंध में दिए गए आदेश की जानकारी दी। बता दें कि बीते 10 सालों से बीएलओ और सुपरवाइजर के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई थी। नया मानदेय देश भर में लागू होगा।




## व्यापार

### बीएन ग्रुप के न्यूट्रिका ने शहद श्रेणी में रखा कदम

**मुंबई।** बीएन ग्रुप की प्रमुख कंपनी बीएन होल्डिंग्स लिमिटेड के अंतर्गत आने वाला लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांड न्यूट्रिका अब शहद की श्रेणी में भी प्रवेश कर चुका है। ब्रांड ने न्यूट्रिका बी हनी के रूप में एक नई रेंज लॉन्च की है, जिसमें ऊर्जा, फिटनेस और रोग प्रतिरोधक क्षमता जैसे उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए तीन खास वेरिएंट्स पेश किए गए हैं। यह शहद अब दिल्ली-एनसीआर और मुंबई के जनरल ट्रेड स्टोर्स पर उपलब्ध है। गौरतलब है कि 9,000 करोड़ रुपये के बीएन ग्रुप की स्थापना उद्योगपति अनुभव अग्रवाल ने की थी। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक जीवनशैली आज लाखों लोगों की प्राथमिकता बन चुकी है। ऐसे समय में न्यूट्रिका का शहद श्रेणी में प्रवेश करना एक अहम कदम माना जा रहा है।

# UPI लेनदेन जुलाई में 19.47 अरब के रिकॉर्ड स्तर पर

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

लोकप्रिय एकीकृत भुगतान मंच (यूपीआई) के माध्यम से जुलाई में लेनदेन की संख्या 19.47 अरब के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। मूल्य के संदर्भ में, यह 25.08 लाख करोड़ रुपए रहा, जो मई में दर्ज 25.14 लाख करोड़ रुपए के बाद दूसरा सबसे अधिक है। मात्रा के लिहाज से, पिछली सबसे बड़ी संख्या मई में 18.67 अरब थी, जो जून में घटकर 18.39 अरब रह गई। मई में लेनदेन राशि 24.03 लाख करोड़ रुपए रही।



एनपीसीआई ने कहा कि जून में लेनदेन का मूल्य 25.08 लाख करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 20.64 लाख करोड़ रुपए था, जो सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि है। मासिक आधार पर, मूल्य के लिहाज से वृद्धि 4.3 प्रतिशत रही। आज, भारत में सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई का योगदान 85 प्रतिशत है। इसका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से परे भी है, और यह वैश्विक रीयल-टाइम डिजिटल भुगतानों के लगभग 50 प्रतिशत को संचालित करता है। यूपीआई पहले से ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस सहित सात देशों में उपलब्ध है। फ्रांस में इसका प्रवेश मील का पत्थर है क्योंकि यह यूरोप में यूपीआई का पहला कदम है। इससे वहां यात्रा करने या रहने वाले भारतीयों को विदेशी लेनदेन की सामान्य परेशानियों के बिना सहजता से भुगतान करने की सुविधा मिलती है।

एनपीसीआई, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की एक पहल है, जो भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिए एक प्रमुख संगठन है।

# ज्वेलबॉक्स ने मुंबई में विस्तार किया

## बोरिवली पश्चिम में अपना 11वां स्टोर खोला

**मुंबई।** भारत के प्रमुख लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी ब्रांड ज्वेलबॉक्स ने अपने 11वें स्टोर की शुरुआत मुंबई में की है। यह नया स्टोर बोरिवली (पश्चिम) के गुलमोहर रोड स्थित हवेली सोसायटी में खोला गया है। फैशन कैपिटल माने जाने वाले मुंबई में ज्वेलबॉक्स की यह एंट्री शहर के आधुनिक और डिजाइन-प्रेमी ग्राहकों के लिए शानदार ज्वेलरी शॉपिंग का नया अनुभव लेकर आई है। भारत के दक्षिण, पूर्व और उत्तर भारत में सफलता के बाद मुंबई का यह स्टोर पश्चिम भारत में ज्वेलबॉक्स की रिटेल विस्तार योजना में एक अहम पड़ाव है। रणनीतिक लोकेशन और तैयार ग्राहक आधार के कारण यह स्टोर बोरिवली के निवासियों के लिए डेली वियर, गिफ्टिंग और सेलिब्रेशन ज्वेलरी की पसंदीदा जगह बनने जा रहा है। ज्वेलबॉक्स की को-फाउंडर विदिता कोचर जैन ने कहा, "मुंबई हमेशा से हमारी ग्रोथ स्ट्रेटेजी में शामिल रहा है। यह शहर बोल्ड, स्टाइलिश और सेल्फ-एक्सप्रेसिव है—यही हमारे ब्रांड की पहचान है। बोरिवली वेस्ट में नए स्टोर के साथ, हम डिजाइन-फर्स्ट ज्वेलरी अनुभव को नई पीढ़ी के ग्राहकों तक पहुंचाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।"

# टोयोटो किर्लोस्कर मोटर ने जुलाई में बिक्री में 3% वृद्धि दर्ज की

## जुलाई 2025 में कुल 32,575 गाडियां बेचीं

**मुंबई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपने बिक्री प्रदर्शन की घोषणा की है। कंपनी ने जुलाई में बिक्री में सालाना आधार पर 3 % की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने जुलाई 2024 के 31,656 यूनिट्स के बिक्री की तुलना में इस साल जुलाई में 32, 575 यूनिट्स बेचे हैं। इसमें घरेलू बाजार में बेची गईं 29,159 यूनिट्स और निर्यात की गई 3416 यूनिट्स शामिल हैं।

टीकेएम ने 2024 वित्त वर्ष के पहले 4 महीने अप्रैल से जुलाई 2024 में कुल 104,861 यूनिट्स की बिक्री की थी। इस वित्त वर्ष में इसी अवधि के दौरान कंपनी ने 14% की वृद्धि दर्ज करते हुए 1,19,632 यूनिट्स की बिक्री की है। अगर कैलेंडर वर्ष के पहले 7




महीनों के आकड़ो पर नजर डाले तो पिछले वर्ष टीकेएम ने 181,906 यूनिट्स की बिक्री की थी और इस साल इस में 14% वृद्धि करते हुए कंपनी ने 2,07,460 यूनिट्स की बिक्री की है। टीकेएम के सेल्स, सर्विस और यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने कहा, "हमें खुशी है कि जुलाई में हमने 32,575 गाड़ियां बेचकर 3% की वृद्धि दर्ज की। लगातार मिल रही ग्राहक प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि हम उनकी ज़रूरतों को कितनी गंभीरता से लेते हैं।



**झवेरी बाजार वेलफेयर एसोसिएशन ने भारत के सबसे भव्य आभूषण महोत्सव का महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति राम शिंदे, हितेश जैन (अध्यक्ष, ZBWA), गोविंद वर्मा (सीएमडी, ज्वेल ट्रेंड्ज), संजय शाह (ज्वेल मेकर्स वेलफेयर एसोसिएशन) (जीजेसी) के अध्यक्ष राजेश रोकड़े के हाथों संयुक्त रूप से झवेरी बाजार जेम्स एंड ज्वेलरी फेस्टिवल का भव्य मोबाइल ऐप लॉन्च किया।**

# होंडा मोटरसाइकिल ने जुलाई में की 5,15,378 यूनिट्स की बिक्री

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने जुलाई में कुल 5,15,378 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जिसमें घरेलू बाजार में 4,66,331 यूनिट्स और एक्सपोर्ट में 49,047 यूनिट्स शामिल हैं। जून 2025 की तुलना में यह आंकड़ा 20% की मंथ-ऑन-मंथ ग्रोथ दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल से जुलाई 2025) के चार महीनों में HMSI की कुल बिक्री 18,88,242 यूनिट्स रही, जिसमें घरेलू बिक्री 16,93,036 यूनिट्स और एक्सपोर्ट 1,95,206 यूनिट्स रहा। रोड सेफ्टीः HMSI ने देशभर के 13 शहरों जैसे सोनीपत, सांगली, कटक, हाथरस, रोहरू, उदयपुर, भावनगर, झांसी, त्रिशूर, बीड, हैदराबाद, मैसूर और कांथी में रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता अभियानों का आयोजन किया। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ट्रैफिक नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना था।




# शेयर बाजार से भाग रहे विदेशी निवेशक?

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार से एक बार विदेशी निवेशकों ने भारी मात्रा में पैसे निकालने शुरू कर दिए ग हैं। जुलाई महीने के दौरान विदेशी निवेशकों ने 47,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के शेयर बेच डाले। इसने पिछले 4 महीनों का रिकॉर्ड तोड़ डाला है। लेकिन आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से क्यों जा रहे हैं? क्या इसके पीछे ट्रंप कै टैरिफ ऐलान जैसे फैसलों का असर है? या फिर भारत में कुछ ऐसा हो रहा है जो इन बड़े निवेशकों को डरा रहा है?।

# केपीआईटी ने राजस्व वृद्धि दर्ज की




**पुणे।** स्वच्छ, स्मार्ट और सुरक्षित दुनिया के लिए मोबिलिटी सॉल्यूशन बनाने में वैश्विक अग्रणी केपीआईटी टेक्नोलॉजीज ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। केपीआईटी के सह-संस्थापक, सीईओ और एमडी, किशोर पाटिल ने कहा, "वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही का प्रदर्शन हमारी उम्मीदों के अनुरूप रहा है और व्यापक चुनौतियों के बावजूद हमने अपने एबिट्डा मार्जिन को बनाए रखा है। मोबिलिटी उद्योग भू-राजनीतिक और टैरिफ संबंधी अनिश्चितताओं के कारण कई उतार-चढ़ावों से गुजर रहा है। हमारा मानना है कि ये उतार-चढ़ाव एक तिमाही में कम हो जाएंगे।" हम एक वैश्विक अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए निरंतर स्वयं की पुनर्कल्पना कर रहे हैं, जो हमारे प्लेटफ़ॉर्म, टूल्स और एक्सेलरेटर्स (पीटीए) द्वारा समर्थित समाधानों के निर्माण में निवेश द्वारा प्रेरित है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# दुश्मनों को घर में घुसकर मारने की क्षमता रखता है भारत : योगी

महानगर संवाददाता
वाराणसी

सीएम योगी ने कहा नया भारत दुश्मनों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता रखता है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की शक्ति का एहसास दुनिया को कराया। पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। पीएम के नेतृत्व में काशी को अब तक हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार मिला। किसान और दिव्यांगजन आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। अन्नदाता किसानों की 11 वर्ष पहले क्या स्थिति थी, खेती से पलायन होता था, आत्महत्या करने के लिए विवश होते थे। आज हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, बीज को बाजार तक पहुंचाने के लिए एक इको सिस्टम जो 11 वर्षों में बनाया है। उससे उत्तर प्रदेश के अंदर इस बात को महसूस करते हैं, कि करोड़ों



किसान सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ जुड़कर 'आत्मनिर्भर और विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान दे रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पूरी दुनिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत के सामर्थ्य और शक्ति का अहसास किया है। पहलगाम के आतंकियों को मिट्टी में मिला करके, दुश्मन के घर में घुसकर उनका खात्मा करने का साहस ये नया भारत रखता है।

## प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया शब्द है 'दिव्यांगजन'

सीएम योगी ने कहा कि इस बार फिर से 2200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार अपनी काशी को देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आगमन काशी में हुआ। यह परियोजनाएं शिक्षा के लिए भी हैं। दिव्यांगजन प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया शब्द है, एक संबोधन है। जीवन में उन्हें आगे बढ़ाने के लिए उपकरण वितरण का कार्यक्रम हो रहा है। आज हमारा दिव्यांगजन भी इस बात को महसूस करता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं। पिछले 11 वर्ष में दुनिया के चार दर्जन से अधिक देशों ने पीएम को सर्वोच्च नागरिक का सम्मान प्रेषित किया है। पीएम मोदी के लोक और विश्व कल्याण के लिए दूरदर्शिता का लोहा पूरी दुनिया मानती है। 140 करोड़ भारतवासियों को नया गौरव मिला है।

# एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर सरकार ने मांगी प्री फ़िज़िबिलिटी रिपोर्ट



महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने बलिया में एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर स्थानीय प्रशासन से प्री फ़िज़िबिलिटी रिपोर्ट मांगी है। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के विधायक उमाशंकर सिंह के प्रस्ताव पर सरकार ने यह निर्देश जारी किया है। बसपा विधायक ने बलिया की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार से एयरपोर्ट बनाने का आग्रह किया है। दरअसल बलिया में घाघरा, तमसा और गंगा नदी बहती हैं। बारिश की वजह से अक्सर जिले की नदियां उफान पर आ जाती हैं जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। वाराणसी, आजमगढ़, ग़ाज़ीपुर और गोरखपुर में हवाई अड्डे की सुविधा होने के बावजूद इस जिले के लोगों के लिए डायरेक्ट फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। विधायक उमाशंकर सिंह ने अपने प्रस्ताव में बलिया-लखनऊ मार्ग पर हवाई अड्डा निर्माण करने की मांग की है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि इस मार्ग पर जमीन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। बसपा विधायक की तरफ़ यह प्रस्ताव सरकार के पास ऐसे समय में आया है जब ओएनजीसी गंगा के किनारे बसे सागरपाली गांव के पास हाइड्रोकार्बन प्रोजेक्ट लगाने की तैयारी में जुटी है। इसे लेकर बसपा विधायक उमाशंकर सिंह का कहना है, "बलिया की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। यहां पिछले कुछ सालों में तेजी से विकास हुआ है। एयरपोर्ट बनने से यहां की इकोनॉमी में सुधार होगा और रोजगार भी पैदा होंगे। लोगों के बाहर जाने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी भी मिलेगी।" सिंह के इस आग्रह के बाद प्रदेश सरकार ने सिविल एविएशन विभाग को निर्देश दिया है कि वह नेशनल एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ मिलकर इस प्रस्ताव पर प्री फ़िज़िबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को प्रस्तुत करें।

# प्रयागराज में गंगा और यमुना खतरे के निशान के पहुंची पार



महानगर संवाददाता
प्रयागराज

गंगा और यमुना ने खतरे के निशान को पार कर दिया है। जलस्तर खतरे के बिंदु 84.734 मीटर के ऊपर पहुंच गया है। नदियों का उफान अभी जारी है। स्थिति काफी भयावह हो गई है। गंगा-यमुना के किनारों पर स्थित दो दर्जन से अधिक मुहल्लों के हजारों घर जलमग्न हो गए हैं। लोग सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। बाढ़ राहत शिविरों में प्रभावित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। दो हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं जो प्रशासन के राहत शिविर में शरण लिए हैं। खतरे का निशान पार करते ही दो दर्जन से अधिक मोहल्लों के सैकड़ों घर बाढ़ में घिर गए हैं। सड़कों और गलियों में भी पानी भर गया है। बड़ी संख्या में लोगों को नावों से बाहर निकालना पड़ा है। गंगा के जलस्तर में शनिवार तक तेज गति से वृद्धि के आसार हैं। कानपुर से 80 हजार क्यूसेक से अधिक पानी लगातार आ रहा है।

## काशी में भी गंगा चेतावनी बिंदु के पार

वाराणसी में भी गंगा नदी चेतावनी बिंदु को पार कर गई है। गंगा अब 70.36 मीटर के ऊपर बह रही है। जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अब धीरे-धीरे जलस्तर खतरे के निशान 71.26 मीटर की तरफ बढ़ता जा रहा है। गंगा का जलस्तर बढ़ने की वजह से मणिकर्णिका घाट की गलियों में नाव चलने लगी है। शवदाह करने के लिए लोगों को कतार लगानी पड़ रही है। बाढ़ की वजह से 15 गांव और शहर के 10 मोहल्ले प्रभावित हो चुके हैं। अब तक 436 परिवारों ने अपना घर छोड़ दिया है।

नरौरा से भी पानी लगातार आ रहा है। ऐसे में गंगा के जलस्तर में तेज वृद्धि जारी है। वहीं चंबल ने कुछ राहत दी है। शुक्रवार सुबह तक केन, बेतवा और चंबल नदी उफान थीं। केन और बेतवा अब भी उफान पर हैं।

# भारत विरोधी भाषा बोल रहा विपक्ष : मंत्री अनुप्रिया पटेल




महानगर संवाददाता
आजमगढ़

हरिऔध कला केंद्र में शनिवार को किसान उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि विपक्ष के साथी भारत विरोधी ताकतों की भाषा बोलते हैं, तो यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट लक्ष्य बताया, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। शनिवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के तहत आजमगढ़ जनपद के करीब छह लाख 86 हजार किसानों को धनराशि भेजी गई है, जिससे वे खाद, बीज सहित अन्य कृषि सामग्री खरीद सकें। उन्होंने बताया कि खेती को मजबूती देने के लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। साथ ही उन्होंने पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि पार्टी पूरी तैयारी में है और जिला कमेटी का गठन कर दिया गया है। पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव में पूरा मौका दिया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने फर्जी वोटर के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी।

## वोट हर नागरिक का अधिकार

उन्होंने कहा कि वोट हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन यदि कोई फर्जी मतदाता है तो उसे मतदाता सूची से बाहर किया जाना चाहिए। फिलहाल मामला न्यायालय में है, इसलिए सभी को कोर्ट के निर्णय का इंतजार करना चाहिए। एनडीए और अपना दल के रिश्तों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों के बीच किसी प्रकार की कोई दरार नहीं है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वे भारत विरोधी ताकतों की भाषा बोलते हैं तो इसका जवाब जनता देगी।

# मिशन 2050 पर काम कर रहा था धर्मांतरण गिरोह

महानगर संवाददाता
लखनऊ

धर्मांतरण केस में बड़ा खुलासा हुआ है। धर्मांतरण गिरोह का वर्ष 2050 तक देशभर में इस्लाम को फैलाने का टारगेट था। अपने इस मिशन को लेकर लगातार गिरोह कार्य कर रहा था। गिरोह के सदस्य डार्क वेब पर सक्रिय रहते थे। साथ ही अपनी बातचीत को गोपनीय रखने के लिए विभिन्न ऑनलाइन गेम्स का भी सहारा लेते थे। शनिवार को पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने प्रेस वार्ता में इसका खुलासा किया। साथ ही गिरोह से जुड़े अब 14 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि यह एक संगठित ग्रुप है, जो अब्दुल रहमान निवासी दिल्ली

## पुलिस आयुक्त ने किया खुलासा



एवं आयशा निवासी गोवा के नेतृत्व में कार्य कर रहा था। अब्दुल रहमान फिरोजाबाद का रहने वाला था, जिसने 1990 में अपना धर्म परिवर्तन किया था। यह एटीएस द्वारा जेल भेजे गए कलीम सिद्दीकी का सबसे करीबी सहयोगी था। पुलिस के अनुसार धर्मांतरण की शिकार युवती ने पूछताछ में बताया कि जब वो कश्मीर में रहती थी तो उसके दोस्तों ने उसे दावाह के लिए बुलाया था। बताया कि 2050 तक पूरे भारतवर्ष में इस्लाम को हम लोग फैलाएंगे। पुलिस के अनुसार दावाह इस्लाम की एक प्रथा है, जिसमें इस्लाम को मानने वाले अन्य धर्म के लोगों को बौद्धिक विमर्श के लिए आमंत्रित किया जाता है। इनके बौद्धिक विमर्श के बाद अपने धर्म में इनको शामिल करते हैं। पुलिस के अनुसार जितनी भी लड़कियों और लड़कों का धर्मांतरण कराया गया, उन सभी ने बताया कि पहले उनके दोस्त दावाह के लिए बुलाते हैं। इसके बाद अपने धर्म की अच्छाइयां व दूसरे धर्म के प्रति नकारात्मक बातों को दिमाग में भरा जाता है। यदि किसी को अपने परिवार से कोई समस्या है तो परिवार के बारे में भी नकारात्मक बातें दिमाग में भरते हैं। जो लोग इस कार्य में शामिल हैं वो लोग थाना, न्यायालय, अस्पताल एवं बगीचे आदि जैसी जगहों पर सक्रिय रहते हैं।

# महिला से छेड़छाड़ का आरोपी मंत्री का सचिव निलंबित



लखनऊ। यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण के निजी सचिव रहे जय किशन सिंह को आउटसोर्स महिला कर्मचारी के शीलभंग के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि महिला की शिकायत पर खुद मंत्री असीम अरुण ने पुलिस को बुलाया था और आरोपी सचिव को गिरफ्तार करवा दिया था। बता दें कि बीते बृहस्पतिवार को एक महिला कर्मचारी ने मंत्री असीम अरुण के निजी सचिव जय किशन सिंह पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। महिला ने रोते हुए आपबीती बताई। महिला की पीड़ा सुनने के बाद गोमतीनगर पुलिस को बुलाकर आरोपी जय किशन सिंह को थाने भिजवा दिया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। अब उसे निलंबित कर दिया गया है। महिला ने रोते हुए बताया था कि निजी सचिव अक्सर उसे अपने कमरे में बुलाते हैं। इसके बाद आए दिन छेड़छाड़ करते हैं। विरोध पर नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं। मंत्री के पूछने पर महिला ने विस्तार से पूरी बात बताई थी।

# वसूली में लापरवाही पर राज्य कर के सभी 20 अपर आयुक्तों को थमाया नोटिस




महानगर संवाददाता
लखनऊ

वैट की बकाया वसूली में लापरवाही बरतने के आरोप में राज्य कर विभाग के सभी 20 अपर आयुक्तों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ये कार्रवाई प्रतिदिन व्यापारियों की कुर्की और वसूली का लक्ष्य पूरा न होने की वजह से की गई है। राज्य कर में पहली बार ये सख्त फैसला लिया गया है, जब एक साथ एक ही मामले में इतनी नोटिसें जारी की गई हैं। 2017 में जीएसटी लागू हुआ था। इससे पहले वैट व्यवस्था लागू थी। वैट के समय की बड़ी बकाया राशि जीएसटी पोर्टल पर दिख रही है। ये बकाया सेल्स टैक्स, प्रवेश कर और मनोरंजन कर आदि के रूप में है। इसकी वसूली के लिए प्रदेश के सभी अपर आयुक्तों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत प्रत्येक अपर आयुक्त को रोजाना कम से कम 10 रिकवरी सर्टिफिकेट जारी करने, 10 चल संपत्ति की कुर्की और एक अचल संपत्ति की कुर्की का लक्ष्य दिया गया है। इसके बावजूद रोजाना इस लक्ष्य को प्रदेश का एक भी अपर आयुक्त पूरा नहीं कर सका।

# आपको पापा कहना अच्छा नहीं लगता, आपको अपनी पत्नी मुबारक, नोट लिख भाई-बहन ने दी जान

महानगर संवाददाता
गाजियाबाद

जिले के गोविंदपुरम में आईबी में कार्यरत भाई अविनाश और उसकी बहन अंजलि की आत्महत्या के मामले में सुसाइड नोट मिलने से नया मोड़ आ गया है। बहन अंजलि ने आत्महत्या करने से पहले डायरी के 22 पेजों पर यह सुसाइड नोट लिखा है। अंजलि ने लिखा है कि हमारी मौत के जिम्मेदार मिस रितु (सौतेली मां) और मिस्टर सुखबीर सिंह (पिता) के अलावा और कोई नहीं है। मेरे खाते में पड़े पैसे और पीएफ का हकदार महिम (दोस्त) होगा और मेरी चिता को मिस रितु और मिस्टर सुखबीर सिंह हाथ न लगाएं। मेरी चिता को आग केवल महिम ही देगा। अंजली ने सुसाइड नोट के पन्नों की फोटो



अपने पिता सुखबीर सिंह, सौतेली मां, मौसा अनिल सिंह और मौसी रेखा रानी को व्हाट्सएप पर भेजी है। इन भाई-बहन ने एक दिन पहले बृहस्पतिवार को आत्महत्या कर ली थी। घर वालों ने कार्रवाई से इंकार कर दिया था और पुलिस ने सुसाइड नोट न मिलने की बात कही थी। हालांकि शुक्रवार को कमरे की तलाश में पुलिस को डायरी में सुसाइड नोट लिखा मिल गया। नोट में अंजलि लिखा है कि समाज के रीति रिवाज और खोखली शान के लिए पिता सुखवीर सिंह और उनकी मां रितु उनका मानसिक उत्पीड़न करते हैं। रितु देवी की चतुराई के सामने सुखबीर सिंह का अपनी सफाई देना बिल्कुल बेईमानी है। क्योंकि पिता तो सौतेली मां पर विश्वास करते हैं। आगे लिखा है कि ...पापा बच्चे को सिर्फ जन्म देना और केवल स्कूल की फीस भरना ही नहीं होता, उसके साथ समय बिताना, उसकी इच्छा पूरी करना भी होता है। मेरे भाई ने मेहनत करके सरकारी नौकरी पाई है। उसका भी इतना शोषण किया कि वह अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने भी नहीं जा सकता।

# बिजली मंत्री के निरीक्षण के बाद तीन बर्खास्त

लखनऊ। यूपी के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि लापरवाही, टालमटोल या जन समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि हर उपभोक्ता को 24x7 बेहतर बिजली मिले और किसी भी तरह की शिकायत का समाधान तय समय में हो। शुक्रवार की शाम औचक निरीक्षण पर निकले मंत्री एके शर्मा को बड़े पैमाने पर स्ट्रीट लाइटें बंद मिलीं। 29 जुलाई की देर शाम निरीक्षण में वृंदावन कॉलोनी की भी 90 फीसदी स्ट्रीट लाइटें खराब पाई गई थीं। जबकि महापौर सुषमा खर्कवाल स्वयं इसी कॉलोनी में रहती हैं। उधर, मंत्री की नाराजगी का ठीकरा अधिकारियों ने कर्मचारियों के सिर फोड़ा है। तीन को बर्खास्त कर दिया है, जबकि पांच के वेतन रोके गए हैं।



# सपा विधायक जाहिद बेग जेल से रिहा

महानगर संवाददाता
प्रयागराज

नाबालिग नौकरानी की मौत के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए भदोही के सपा विधायक जाहिद बेग शनिवार को जेल से रिहा हो गए। जिला जेल नैनी से बाहर निकलने पर उन्हें समर्थकों ने फूलमालाओं से लाद दिया। इसके बाद कई वाहनों के काफिले के साथ वह भदोही के लिए रवाना हो गए। सपा विधायक का स्वागत करने के लिए भदोही के साथ ही प्रयागराज के भी बड़ी संख्या में सपा के नेता जेल के बाहर पहुंचे थे। 23 जुलाई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा विधायक को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। उनकी पत्नी और बेटे को पहले ही जमानत मिल चुकी है। भदोही के सपा विधायक जाहिद जमाल बेग को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 23 जुलाई को सुनवाई करते हुए जमानत मंजूर कर ली थी।



कोर्टका परवाना जेल में देर से पहुंचने के चलते उनको जेल से बाहर निकलने में 10 दिन से ज्यादा का समय लग गया। उनकी पत्नी सीमा बेग को भी कुछ दिन पहले कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली है। नौकरानी की मौत के मामले में विधायक, उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, बंधुआ मजदूरी कराने और मानव तस्करी समेत कई मामले दर्ज किए गए थे। यह मुकदमा श्रम विभाग की ओर से दर्ज कराया गया था।

# तेंदुए ने हमला करके तीन ग्रामीणों को किया घायल, दहशत में ग्रामीण

महानगर संवाददाता
अमेठी

जिले में शनिवार को तेंदुए ने हमला करके तीन युवकों को घायल कर दिया। साथ ही एक भैंस पर भी झपट्टा मारा।



वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर सर्च अभियान चलाया। लेकिन, उसे पकड़ने में सफलता हासिल नहीं हो सकी। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समूह में घर से निकलने की अपील की है। जंगली जानवर के हमले से गांव के लोग दहशत में हैं। घटना भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के बिरईपुर गांव की है। गांव निवासी विजय सुबह करीब 10:30 बजे खेत के पास बैठे थे। उनके साथ भैदपुर निवासी बलदेव भी थे। इसी समय जंगल की तरफ से तेंदुआ आ गया। उसने दोनों पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर भागे। लोगों की आवाज और भीड़ देखते हुए तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया।

# कैरी बैग के लिए 7 रुपये शुल्क लेने पर मॉल पर 5,000 का जुर्माना

महानगर संवाददाता
प्रयागराज

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कहा कि ग्राहक से कैरी बैग के लिए अतिरिक्त सात रुपये लेना अनुचित व्यापार प्रथा व सेवा कमी है। यह टिप्पणी करते हुए आयोग ने मैक्स रिटेल को एक ग्राहक से कैरी बैग के लिए सात रुपये अतिरिक्त शुल्क लेने पर 5,000 रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। साथ ही एक हजार रुपये वाद व्यय देने का आदेश दिया है। यह फैसला आयोग के अध्यक्ष मोहम्मद इब्राहिम व सदस्य प्रकाश चंद्र त्रिपाठी ने सुनाया है। कमलेश कुमार ओझा ने 11 फरवरी, 2019 को मैक्स रिटेल स्टोर से 6,141 रुपये की खरीदारी की थी। कैश काउंटर पर उनसे कैरी बैग के लिए सात रुपये का अतिरिक्त शुल्क लिया गया।



कमलेश ने कहा कि सामान खरीदने पर पैकेजिंग की जिम्मेदारी दुकानदार की होती है, ग्राहक की नहीं। इसके बाद उन्होंने 9 जून 2020 को संबंधित मॉल को कानूनी नोटिस भेजा और मुआवजे की मांग की। मॉल ने अपने को सही ठहराते हुए जिम्मेदारी से इंकार किया। इसके बाद कमलेश ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर किया।

## जान से मारने की धमकी के बाद

# पीड़ित पति ने पत्नी की प्रेमी से मंदिर में कराई शादी

गोरखपुर। जिले के एक पति ने पत्नी की उसके प्रेमी की शादी मंदिर में करा दी। मामला चौरीचौरा थाना क्षेत्र का है। पत्नी हाल ही में पति और अपने चार बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई थी। पुलिस ने पत्नी को खोजकर पति के हवाले कर दिया था। इसके बाद पत्नी ने जान से मारकर ड्रम में भर देने की धमकी दी। तब सहमे पति ने प्रेमी से पत्नी की शादी कराने का निर्णय ले लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले शख्स की शादी 15 साल पहले कुशीनगर निवासी महिला से हुई थी। दोनों से चार बच्चे हैं। शख्स बंगलूरू में रहकर पेंटिंग का काम करता है। उसकी पत्नी गांव में बच्चों के साथ रहती थी। पति ने बताया कि दो साल पहले पड़ोस के गांव का रहने वाला युवक उसके घर पर मिट्टी गिराने आया था। उस दौरान पत्नी का उससे संबंध हो गया। पति ने बताया कि जानकारी होने पर जब उसने विरोध किया तो पत्नी ने प्रेमी से कांफ्रेंस पर बात करा दी। प्रेमी ने उससे गालीगलौज की। साथ ही दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। हाल ही में जब वह बंगलूरू से घर पहुंचा तो पत्नी अपने प्रेमी के साथ चली गई थी।

# युवती को चोर समझकर पीटा, चार आरोपी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता
बरेली

जिले के किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाराद्री में शुक्रवार रात भीड़ ने एक युवती की पिटाई कर दी। युवती ने लोगों से हाथ जोड़कर रहम की भीख मांगी। उसने कहा कि वह नेपाल की निवासी है और नोएडा से नौकरी के सिलसिले में बरेली आई है। यहां एक परिचित युवक रात में उसे अपने घर ले आया। युवक के साथ उसका फुफेरा भाई भी घर में मौजूद था। इसी दौरान किसी की कॉल आने पर युवती मोबाइल फोन लेकर छत पर चली गई, तभी ड्रोन व चोर की अफवाह में गश्त लगाते घूम रहे मोहल्ले के लोगों ने चोर-चोर का शोर मचा दिया। डर के चलते युवती छत से कूद गई, जिससे उसके पैर में चोट



लग गई। भीड़ ने युवती को पकड़ लिया। चोटी पकड़कर युवती को पीटना शुरू कर दिया। वहां मौजूद किसी शख्स ने उसका वीडियो भी बना लिया। युवती हाथ जोड़कर रहम की भीख मांगती है। कहता है कि प्लीज पहले पुलिस को बुलाओ, लेकिन भीड़ ने उसकी एक न सुनी। वीडियो में एक युवक उसकी चोटी पकड़े दिखाई दे रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल रहा है। किला थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि पीड़ित युवती रेशम सिंह व विनय गंगवार के बुलाने पर यहां आई थी। वह रात करीब डेढ़ बजे छत पर फोन पर बात कर रही थी। तभी मोहल्ले के लोगों ने चोर आने का शोर मचा दिया। युवती छत से नीचे कूद गई। उसके पैर में चोट आई है। इस प्रकरण में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिले में ड्रोन और चोरों को लेकर उड़ी अफवाह कम होने का नाम नहीं ले रही है। कस्बों-गांवों में भीड़ अक्सर रात में लोगों को पकड़कर पीट रही है। बृहस्पतिवार को भोजीपुरा में भीड़ के हमले में जिस व्यक्ति की मौत हुई, उसकी पहचान नहीं हो पा रही है।

## युवक को चोर समझकर खंभे से बांधकर पीटा

हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव उदरनपुर में बृहस्पतिवार रात ससुराल जा रहे युवक को ग्रामीणों ने चोर-चोर चिल्लाकर पकड़ लिया था। उसे खंभे से बांधकर जमकर पिटाई लगाई और पुलिस को सौंप दिया। कुछ खुराफातियों ने पिटाई के वीडियो संग इसकी रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी। इस मामले में सात नामजद समेत 15-20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है, पांच आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। रिठौरा कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती में ड्रोन उड़ाने की अफवाह फैलाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।

# डिजिटल अरेस्ट कर रिटायर्ड शिक्षक से 14 लाख की ठगी, केस दर्ज




गोरखपुर। गोरखनाथ क्षेत्र के एक रिटायर्ड शिक्षक को डिजिटल अरेस्ट कर जालसाजी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने 73 वर्षीय बुजुर्ग को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का अधिकारी बताकर कॉल किया। फिर पाकिस्तानी आतंकी से उनका कनेक्शन बताकर धमकाया। बदले में 14 लाख रुपये मांगे। बुजुर्ग ने उनके बताए खाते में रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने साइबर अपराध थाने में केस दर्ज कराया है। जिस नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी, पुलिस उसकी जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रहने वाले इंद्रजीत शुक्ल रिटायर्ड शिक्षक हैं। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि 27 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल किया। उसने कहा-मैं एनआईए का अधिकारी बोल रहा हूं। तुम पाकिस्तानी आतंकवादियों से बातें करते हो। आतंकवादियों से पैसे की लेन-देन भी करते हो। तुम्हें 24 घंटे डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। जांच होगी। यह सुनकर वह हैरान रह गए।

# राहुल बोले-भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है

## सीटों पर धांधली का लगाया आरोप | राजनाथ बोले- अगर सबूतों का एटम बम है तो फोड़ दें

### राहुल की स्पीच, चार आरोप लगाए

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

राहुल गांधी ने पिछले 10 दिनों में तीसरी बार इलेक्शन कमीशन पर निशाना साधा है। राहुल ने शनिवार को कहा कि भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है। हम आने वाले कुछ दिनों में आपको साबित कर देंगे कि लोकसभा चुनाव में कैसे धांधली हो सकती है और हुई भी। भारत के पीएम के पास बहुत कम बहुमत है। अगर 10-15 सीटों पर भी धांधली न होती तो वे भारत के प्रधानमंत्री भी नहीं होते। राहुल ने ये बातें दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एनुअल लीगल कॉन्क्लेव- 2025 में कहीं। इससे पहले राहुल ने 1 अगस्त को कहा था कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है।



2014 से ही मुझे इलेक्शन सिस्टम पर संदेह रहा है। भाजपा का इतनी बड़ी जीत हासिल करना आश्चर्यजनक था। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह सकता था, लेकिन अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूं कि हमारे पास सबूत हैं।
लोकसभा में हम चुनाव जीते। और फिर चार महीने बाद, हम न केवल हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। हमने पाया कि महाराष्ट्र में, लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को जाते हैं। संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को मिटाकर उस पर कब्जा कर लिया गया है। हमारे पास ऐसे सबूत हैं जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का कोई अस्तित्व ही नहीं है। यह गायब हो गई है। चुनाव आयोग जैसी संस्था ठीक से काम नहीं करती। आपको जानकर हैरानी होगी कि चुनाव आयोग जो दस्तावेज उपलब्ध कराता है, उन्हें स्कैन या कॉपी नहीं किया जा सकता। चुनाव आयोग मतदाता सूची पर स्कैन और कॉपी प्रोटेक्शन क्यों लागू करता है?



# उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ में बड़ा हादसा

## चट्टान टूटने से 8 मजदूर घायल

**ज्योतिर्मठ।** उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ में बड़ा हादसा हो गया है। टीएचडीसी के निर्माणाधीन डैम साइट, हेलंग में चट्टान टूटने की घटना में 12 मजदूर घायल हो गए हैं। घटना शनिवार सुबह 11 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही कोतवाली ज्योतिर्मठ से पुलिस बल तुरंत मौके पर रवाना हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डैम साइट पर लगभग 40-50 मजदूर कार्यरत थे। इसी दौरान लगभग सुबह 11:00 बजे अचानक पहाड़ी का एक भाग टूटकर गिर गया, जिससे कुल 12 मजदूर घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक इनमें से 8 मजदूरों को प्राथमिक उपचार देने के बाद कैंप भेजा गया है, जबकि 4 मजदूरों को ज्यादा चोटें आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद पीपलकोटी के सरकारी अस्पताल भेजा गया। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत डैम साइट से सभी मजदूरों को हटाया गया है तथा कार्य अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। टीएचडीसी द्वारा निर्माणाधीन विष्णुगाड़ पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के डेम साइट हेलंग में शनिवार को हुए भूस्खलन में निर्माण कार्य कर रहे 8 लोग घायल हो गए हैं। घटना में घायल 8 लोगों में से 4 लोगों का टीएचडीसी चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है। जबकि गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को स्वामी विवेकानंद अस्पताल पीपलकोटी में उपचार किया जा रहा है।

# अब रूसी सांसद की ट्रंप को चुनौती

## आने दीजिए, हमारी परमाणु पनडुब्बियों की संख्या बहुत ज्यादा

**महानगर नेटवर्क**
**मॉस्को**


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने के आदेश पर रूस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। रूस की संसद डूमा के एक वरिष्ठ सदस्य विक्टर वोडोलात्स्की ने कहा है कि विश्व महासागरों में रूसी परमाणु पनडुब्बियों की संख्या अमेरिका की तुलना में कहीं अधिक है और अमेरिकी पनडुब्बियां पहले से ही रूसी कंट्रोल रूम के रडार में हैं।
वोडोलात्स्की ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी TASS से कहा, "अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिन पनडुब्बियों को 'उपयुक्त क्षेत्रों' की ओर भेजने की बात कही है, वे पहले से ही हमारे नियंत्रण के अंतर्गत हैं। इसलिए रूसी संघ की ओर से कोई विशेष प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता नहीं है।"ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट करते हुए



कहा था कि उन्होंने दो अमेरिकी परमाणु पनडुब्बियों को उन क्षेत्रों की ओर भेजने का आदेश दिया है, जहां "उत्तेजक गतिविधियां" बढ़ रही हैं। ट्रंप की यह प्रतिक्रिया रूस के पूर्व राष्ट्रपति और वर्तमान में सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव के कथित भड़काऊ बयानों के बाद आई। वोडोलात्स्की ने चुनौती भरे अंदाज में कहा, "अमेरिका की दो पनडुब्बियों को आने दीजिए, वे पहले से ही हमारे निशाने पर हैं। अब जरूरत है कि रूस और अमेरिका के बीच एक मौलिक समझौता हो, जिससे दुनिया भर में तीसरे विश्व युद्ध को लेकर जारी अटकलें समाप्त हों।"इस बीच, 'रशिया इन ग्लोबल अफेयर्स' पत्रिका के प्रधान संपादक फ्योदोर लुक्यानोव ने ट्रंप के बयान को फिलहाल गंभीरता से न लेने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, "ट्रंप अपने चैनल पर अपनी भावनाओं के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं। अमेरिकी सशस्त्र बल और नौसेना ने शायद यह बयान आश्चर्य से पढ़ा होगा। यदि यह वाकयुद्ध यूं ही चलता रहा, तो ट्रंप को वास्तव में कुछ कदम उठाने पड़ सकते हैं, लेकिन अभी यह केवल शब्दों तक सीमित है।"

# खरगे का जगदीप धनखड़ पर तंज

## हमें कभी बोलने नहीं दिया, जब खुद बोले तो हटा दिए गए



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के सभापति पद पर रहते हुए विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया। जब धनखड़ ने खुलकर बोलना शुरू कर दिया और केंद्र सरकार के साथ अन्य मुद्दों पर तालमेल बैठाने से इनकार कर दिया, तो उन्हें अपने पद से ही हटा दिया गया।
खरगे ने दावा किया कि पूर्व सभापति को जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में विपक्षी सांसदों द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव पर, सरकार की मंशा अनुरूप कार्य न करने की वजह से हटाया गया। खरगे ने कहा, "उनसे कहा गया कि या तो वह प्रस्ताव को वापस ले लें या इस्तीफा दे दें। उन्होंने इस्तीफा दे दिया।" पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान खरगे ने कभी भी विपक्षी सांसदों को बोलने की अनुमति नहीं दी। कांग्रेस सांसद रजनी अशोक राव पाटिल के मामले का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा, "पिछले उपराष्ट्रपति हमें बोलने नहीं देते थे। वे हमें निलंबित कर देते थे, हमारी एक महिला सांसद को सात महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था।" गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद पाटिल पर 2023 में बजट सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही का वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर साझा करने का आरोप लगा था, जिसके बाद तत्कालीन सभापति धनखड़ ने सदन के नियमों के उल्लंघन के मामले में उन्हें निलंबित कर दिया था। बाद में अगस्त 2023 में उनके निलंबन को रद्द भी कर दिया गया। खरगे ने कहा, "एक समय पर सरकार का बचाव करने को लेकर आलोचना का सामना कर रहे धनखड़ ने खुलकर बोलना शुरू कर दिया। जस्टिस वर्मा केस में उन्होंने नियमों की बात की। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के ऊपर आए प्रस्ताव के बारे में बात की, तो उन्हें धमकाया गया और उन पर प्रस्ताव को वापस लेने का दवाब डाला गया।"

### मेरी बस एक ही गलती है...

# बलात्कार मामले में दोषी पूर्व सांसद रेवन्ना ने तोड़ी चुप्पी

**महानगर नेटवर्क**
**बेंगलुरु**

घरेलू सहायिका के साथ बलात्कार के मामलों में दोषी करार दिए गए और सजा सुनाए जाने का इंतजार कर रहे प्रज्वल रेवन्ना ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कोर्ट के सामने कम सजा देने की अपील करने वाले रेवन्ना ने दावा किया कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दोषी ठहराए जाने के दौरान रेवन्ना ने कहा कि उनकी एकमात्र गलती राजनीति में तेजी के साथ आगे बढ़ने की है। गौरतलब है कि जनता दल सेक्यूलर के निलंबित नेता और पूर्व सांसद रेवन्ना के ऊपर उनके फार्म हाउस पर काम करने वाली एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया था।



इसके साथ ही उनके ऊपर तीन और मामले चल रहे हैं।
शुक्रवार को जब जज ने महिला सहायिका से रेप के मामले में प्रज्वल को दोषी करार दिया, तो वह अदालत में ही रो पड़ा। इसके बाद उसने जज के सामने कम सजा देने की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार से आने वाले रेवन्ना ने अदालत में कहा कि उसने मैकेनिकल से इंजीनियरिंग की है। वह हमेशा से ही पढ़ाई में अच्छा रहा है। उसने कहा, "वे कहते हैं कि मैंने कई महिलाओं के साथ बलात्कार किया है, लेकिन कोई भी महिला स्वेच्छा से शिकायत करने नहीं आई है, वे चुनाव (पिछले साल लोकसभा चुनाव) से छह दिन पहले आई थीं... अभियोजन पक्ष उन्हें जानबूझकर लेकर आया और शिकायत दर्ज करवाई।"
प्रज्वल ने कहा कि महिला (पीड़िता) ने कथित बलात्कार के बारे में अपने पति या रिश्तेदारों समेत किसी से भी शिकायत नहीं की थी। प्रज्वल ने कहा कि जब कुछ वीडियो प्रसारित हुए, तो उसने आकर शिकायत दर्ज कराई। पूर्व सांसद ने कहा, "मेरा एक परिवार है, मैंने छह महीने से अपने माता-पिता को नहीं देखा... कृपया मुझे कम सजा दें, मैं अदालत से यही अनुरोध करता हूं।" पिछले साल मई में जर्मनी से आने पर गिरफ्तार किए गए प्रज्वल ने कहा, "मैंने अपने जीवन में बस यही गलती की है कि मैं राजनीति में तेजी से आगे बढ़ा।"

# डोप टेस्ट करवाने को तैयार...

## जेल में नशा करने के आरोप पर खालिस्तानी अमृतपाल सिंह की दो टूक

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तान समर्थक और पंजाब की खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह ने अपने ऊपर लगे नशे के आरोपों पर बड़ा बयान दिया है। उसके वकील इमान सिंह खरा ने कहा कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ साजिश के तहत झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। वह खुद डोप टेस्ट के लिए तैयार है और अगर पंजाब पुलिस चाहे तो यह टेस्ट डिब्रूगढ़ जेल में भी कराया जा सकता है। साथ ही, उनकी मांग है कि जो नेता उन पर नशे के आरोप लगा रहे हैं, वे भी अपने डोप टेस्ट करवाएं। अमृतपाल सिंह ने नशे के आरोपों को अपने खिलाफ चल रहे अभियान को राजनीतिक साजिश बताया है। उनका कहना है कि यह पूरा मामला पंजाब में उभरते सिख नेतृत्व को दबाने की कोशिश है। वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह अजनाला थाने पर अपने समर्थकों के साथ हमला करने के आरोप में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अप्रैल 2023 से असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। दो साल तक अमृतपाल 9 साथियों के साथ डिब्रूगढ़ में बंद था, लेकिन तीन महीने पहले उसके 9 साथियों से एनएसए हटाकर पंजाब लाया गया। अमृतपाल सिंह का एनएसए तीसरी बार बढ़ा दिया गया।

# आंध्र प्रदेश में किसानों के खाते में आए 7-7 हजार रुपये

## राज्य सरकार ने भी 47 लाख लोगों को दिया तोहफा

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश सरकार ने शनिवार को 'अन्नदाता सुखीभव' योजना के तहत 47 लाख किसानों को 7-7 हजार रुपये की राशि वितरित की। इस योजना के तहत प्रत्येक किसान को प्रति वर्ष 20,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। सरकार द्वारा साझा किए गए एक वीडियो लिंक के अनुसार, 3,174 करोड़ रुपये की राज्यव्यापी पहल का शुभारंभ करते हुए, मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से दो किसानों को चेक प्रदान किए और दारसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए 29 करोड़ रुपये का चेक भी प्रदान किया। नायडू ने प्रकाशम जिले के दारसी मंडल के पूर्वी वीरयापलेम गांव में धनराशि की पहली किश्त वितरित की। शनिवार को लाखों किसानों को दिए गए 7,000 रुपये में से 5,000 रुपये प्रदेश से, जबकि शेष 2,000 रुपये केंद्र सरकार द्वारा पीएम-किसान योजना के तहत दिए गए। पीएम-किसान के तहत केंद्र के 6,000 रुपये और राज्य के 14,000 रुपये के योगदान को मिलाकर, दक्षिणी राज्य का लक्ष्य 'अन्नदाता सुखीभव' - 'पीएम किसान' योजना के तहत पात्र किसानों को तीन किस्तों में प्रति वर्ष 20,000 रुपये वितरित करना है।

### नंगे होकर पैसा कमाने वाले बयान पर

# साध्वी ऋतंभरा ने महिलाओं से मांगी माफी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

साध्वी ऋतंभरा ने हाल ही में महिलाओं को लेकर ऐसा बयान दिया था जिससे उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने महिलाओं के अश्लील वीडियो बनाने पर टिप्पणी की थी और कहा था कि ऐसे वीडियो देखकर उन्हें शर्म आती है। हालांकि अब उन्होंने इस टिप्पणी को लेकर माफी मांगी है। उन्होंने कहा है कि अगर किसी को उनकी बातों से ठेस पहुंची है, तो वह माफी मांगती हैं, लेकिन फिर भी उन्हें लगता है कि उन्हें यह कहने का अधिकार है क्योंकि वह अपने प्रियजनों से घिरी हुई थीं। उन्होंने ये भी कहा कि मैं इंसान हूं और मुझसे गलती हो गई।
साध्वी ऋतंभरा ने ये टिप्पणी तीन महीने पहले एक सभा में की थी। उनका अब ये वीडियो सोशल



मीडिया पर वायरल हो गया है। उन्होंने कहा था,हिंदू महिलाएं, हे भगवान! मुझे उन्हें देखकर शर्म आती है। क्या तुम पैसा कमाओगी? क्या तुम न्यूड होकर पैसा कमाओगी? गंदे डांस करके, गंदे गाने गाकर? मुझे समझ नहीं आता कि उनके पति, उनके पिता इसे कैसे स्वीकार करते हैं? उन्होंने आगे कहा था, लोगों को शालीनता से जीवन जीना चाहिए। भारत की महिलाओं, मेरे ऐसा कहने पर बुरा मत मानना। साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि उनका मानना है कि परिवार और राष्ट्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और वह महिलाओं को निशाना नहीं बना रही थीं, बल्कि उनकी शक्ति में आशा जगा रही थीं, लेकिन अनियंत्रित होना स्वतंत्रता नहीं कहा जा सकता। अनुशासनहीन होना अनुशासित होना नहीं है। यह मेरा स्वभाव है। जब मेरा दर्द एक हद तक पहुंच जाता है, तो मैं इसे अपने प्रियजनों के साथ शेयर करती हूं। यह एक पुराना वीडियो है, जो वायरल हो गया है। मैं यह कहना चाह रही थी कि एक राष्ट्र अपने नागरिकों के व्यवहार से महान बनता है।
वहीं जब उनसे ये पूछा गया कि पुरुषों के लिए ऐसा क्यों नहीं कहा गया, साध्वी ऋतंभरा ने कहा, अगर मेरी भावनात्मक टिप्पणियों से महिलाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं जरूर माफ़ी मांगूंगी।

### एक दिन पहले ही बीजेपी में हुए शामिल

# रणजीत सिंह गिल के घर पर सतर्कता ब्यूरो का छापा

**नई दिल्ली।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने अकाली दल के पूर्व नेता और प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारी रंजीत सिंह गिल के परिसरों पर शनिवार को छापेमारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गिल के खिलाफ यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब वह एक दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार शाम अपने सरकारी आवास पर गिल का भाजपा में स्वागत किया। सतर्कता ब्यूरो के अधिकारियों ने चंडीगढ़ स्थित गिल के आवास पर छापेमारी की। हालांकि, इस कार्रवाई के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गिल ने हाल ही में शिरोमणि अकाली दल (SAD) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें कभी शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल का करीबी माना जाता था।

# इंडिगो फ्लाइट में जिस युवक को थप्पड़ पड़ा, वो लापता

## परिवार बोला- उसका फोन भी बंद

**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

इंडिगो की मुंबई-कोलकाता फ्लाइट 6E-2387 में पैनिक अटैक आने पर जिस शख्स को उसके साथी यात्री ने चांटा मारा था, अब वो शख्स लापता है। मुंबई के होटल में काम करने वाला हुसैन अहमद मजूमदार (32) कोलकाता आ रहा था। उसका परिवार असम के सिलचर में रहता है। परिवार के मुताबिक हुसैन को 31 जुलाई को सिलचर पहुंचना था, लेकिन वो नहीं आया। हमने कॉल किया तो उसका नंबर भी बंद आया। अगले दिन हम सिलचर एयरपोर्ट पहुंचे, लेकिन हुसैन की जानकारी नहीं मिली। हुसैन का नंबर लगातार बंद आ रहा है। परिवार



का आरोप है कि न तो इंडिगो और न ही सिलचर एयरपोर्ट हुसैन की जानकारी दे रहे हैं। बाद में हमें हुसैन के साथ प्लेन में हुई मारपीट का वीडियो मिला। हमने एयरपोर्ट CISF को रिपोर्ट दी है। लोकल थाने में भी गुमशुदगी का केस दर्ज कराया है।
परिवार के मुताबिक हुसैन को चांटा मारने वाले हफीजुल रहमान को कोलकाता में रोका गया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। आरोपी हफीजुल रहमान के पीड़ित हुसैन अहमद मजूमदार को मुंबई से कोलकाता आ रही इंडिगो की फ्लाइट में मारपीट का वीडियो वायरल है। वीडियो में नजर आ रहा है कि हुसैन को पैनिक अटैक हुआ है। वो गैलरी में खड़ा है। उसके आस-पास कुछ एयरहोस्टेस भी मौजूद हैं। अचानक से सीट पर बैठा हफीजुल, हुसैन को जोरदार थप्पड़ मार देता है। हुसैन और घबरा जाता है और रोने लगता है। एयर होस्टेस भी घबरा जाता है और हफीजुल से कहती है कि आपने ऐसा क्यों किया? अन्य यात्री भी हफीजुल को गलत व्यवहार के लिए डांटते हैं।

# अमेरिका : मोंटाना के बार में अंधाधुंध फायरिंग, 4 की मौत

## संदिग्ध की तलाश में जुटी पुलिस

**मोंटाना।** अमेरिका के मोंटाना के एक बार में शुक्रवार को हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। मोंटाना आपराधिक जांच विभाग के अनुसार, गोलीबारी सुबह लगभग 10:30 बजे एनाकोंडा के द आउल बार में हुई। घटनास्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई। संदिग्ध की पहचान 45 वर्षीय माइकल पॉल ब्राउन के रूप में हुई है, जो कि बार के बगल में रहता था। पुलिस को शक है कि ब्राउन पास के जंगलों में छुपा हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि उसके घर की तलाशी एक स्वाट टीम ने ली थी और उसे आखिरी बार स्टंप टाउन इलाके में देखा गया था, जो एनाकोंडा के ठीक पश्चिम में है। स्थानीय और राज्य पुलिस के एक दर्जन से ज़्यादा अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और पूरी तरह से घेराबंदी कर दिया गया है। किसी को भी अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं हैं। मोंटाना हाईवे पेट्रोल ने एक बयान में कहा कि ब्राउन के पास हथियार होने की आशंका है।

### ये तो आतंक के समर्थक

# SCO समिट में तुर्की और अजरबैजान का नाम देख भड़का भारत

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

चीन के तियानजिन में होने जा रहे शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान के साथी तुर्की और अजरबैजान के शामिल होने को लेकर भारत ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। सितंबर की शुरुआत में ही होने वाले इस शिखर सम्मेलन में दुनियाभर के 20 देशों के मुखिया हिस्सा ले सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी तियानजिन जा सकते हैं।सम्मेलन से पहले भारत ने साफ कर दिया है कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले इन देशों की उपस्थिति SCO के उद्देश्यों पर पानी फेर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और चीन इस मामले को लेकर आपस



में बात कर रहे हैं। दरअसल 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के बाद से ही तुर्की और अजरबैजान पाकिस्तान के साथ भाईचारा दिखाने लगे थे। जहां एक तरफ बाकी मुस्लिम देशों ने भी आतंकवादी हमले की निंदा की और ऑपरेशन सिंदूर पर संतुलित रुख अपनाया, वहीं तुर्की और अजरबैजान ने पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया।

# दिल्ली भगदड़-रेल मंत्री बोले सामान गिरने से हुआ था हादसा

## बयान में 'भगदड़' शब्द नहीं | RPF ने गलत अनाउंसमेंट को बताई थी वजह

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

एक पैसेंजर के सिर पर रखा सामान गिरने से 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ हुई थी। सामान गिरने से यात्री सीढ़ियों पर गिर पड़े थे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के प्रश्न पर यह लिखित उत्तर दिया। हालांकि, उन्होंने शुक्रवार को राज्यसभा में दिए अपने जवाब में 'भगदड़' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। 15 फरवरी को महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज जाने के लिए



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ थी। इस दौरान हुई भगदड़ में 18 लोगों की जान गई थी जबकि 15 लोग घायल हुए थे। हादसे के कुछ दिन बाद रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने के अनाउंसमेंट से हादसा हुआ। रेल मंत्री ने बताया कि उस दिन स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ कंट्रोल करने के उपाय किए गए थे।

# BJP विधायक हार्दिक पटेल के बागी सुर!

## गुजरात सीएम को लिखा- नहीं सुनी तो करूंगा आंदोलन

**अहमदाबाद।** गुजरात की विरमगाम विधानसभा से बीजेपी विधायक हार्दिक पटेल ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को पत्र लिखकर कहा है कि सात महीने पहले विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ था, लेकिन अब तक एक प्रतिशत काम भी शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लोग परेशान हैं और जनप्रतिनिधि के नाते उन्हें लोगों के साथ उपवास आंदोलन में शामिल होना पड़ेगा।
हार्दिक पटेल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विरमगाम शहर में ओवरफ्लो हो रही सीवर लाइन और लोगों के घरों में आ रहे गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने की अपील की। उन्होंने बीजेपी शासित विरमगाम नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें अब उपवास आंदोलन में शामिल होना पड़ सकता है। पाटीदार अनामत आंदोलन के समय से सुर्खियों में आए हार्दिक पटेल अब विरमगाम विधानसभा से बीजेपी विधायक हैं। हालांकि कई बार जनता के मुद्दों पर वह अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा कर चुके हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि नगरपालिका द्वारा जो कार्य होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। विकास कार्यों के टेंडर तो हो चुके हैं लेकिन ठेकेदार द्वारा कोई काम नहीं किया जा रहा है। हार्दिक पटेल ने लिखा कि अगर समय पर लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें जनप्रतिनिधि के रूप में उपवास आंदोलन में शामिल होकर जनता का विश्वास बनाए रखना पड़ेगा।

# कोर्ट के दखल के बाद भारत वापस आएंगी 63 साल की रक्षंदा राशिद

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

इस साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को पाकिस्तान भेज दिया था जो लॉन्ग टर्म वीजा पर भारत में रह रहे थे। सरकार के इस फैसले के बाद कई ऐसे परिवारों की कहानी सामने आई थी जो वर्षों से भारत में रह रहे थे लेकिन उन्हें अपने परिवार को छोड़कर जाना पड़ा था। ऐसे लोगों के पास भारत की नागरिकता नहीं थी। अब भारत ने 63 साल की एक महिला को विजिटर वीजा जारी करने का फैसला किया है जिससे वह भारत में रह रहे अपने परिवार के

## पहलगाम हमले के बाद भेज दिया था पाकिस्तान



पास ही रह सकें। महिला का नाम रक्षंदा राशिद है। वह जम्मू के तालाब खटिकान इलाके की रहने वाली हैं। राशिद को पहलगाम आतंकी हमले के बाद 29 अप्रैल को अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान भेज दिया गया था। उनके पति शेख ज़हूर अहमद और चार बच्चे जम्मू-कश्मीर में ही हैं क्योंकि उनके पास भारतीय नागरिकता है। ज़हूर अहमद सरकारी नौकरी से रिटायर हैं। अब अदालत के निर्देश के बाद केंद्र सरकार ने राशिद को विजिटर वीजा देने का फैसला किया है। इस मामले में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार ने काफी सोच-विचार के बाद राशिद को विजिटर वीजा जारी करने का फैसला लिया है।

# रोजाना क्यों करना चाहिए महा मृत्युंजय मंत्र का जाप?

**सावन का पवित्र महीना चल रहा है और ये पूरा माह भगवान शिव को समर्पित है। इस दौरान भक्त भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हैं और उनके मंत्रों का जाप करते हैं। भगवान शिव से जुड़ा है महा मृत्युंजय मंत्र, जिसे बहुत चमत्कारी माना जाता है। सिर्फ धार्मिक नजरिए से ही नहीं बल्कि आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी ये बहुत फायदेमंद है। महा मृत्युंजय मंत्र जाप के चमत्कारी हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में बताया है। तो आइए जानते हैं इस मंत्र का जाप करने से क्या-क्या फायदे होते हैं।**

### अकाल मृत्यु और भय से बचाता है

महा मृत्युंजय मंत्र का जाप करने से अकाल मृत्यु का खतरा टल जाता है वहीं किसी भी तरह के भय से भी मुक्ति मिलती है। ये मंत्र एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है, तो व्यक्ति को किसी भी तरह की दुर्घटना और डर से बचाता है।

### एकाग्रता बढ़ाता है ये मंत्र

बच्चे हों या बड़े, आजकल एक जगह ध्यान लगाना सभी के लिए चैलेंजिंग हो गया है। अगर आप रोजाना इस चमत्कारी मंत्र का जाप करते हैं, तो आपकी एकाग्रता यानी एक ध्यान लगाने की क्षमता बढ़ती है।

### मानसिक और शारीरिक रोगों से बचाव

रोजाना इस मंत्र का जाप करने से मानसिक रोग जैसे एंग्जाइटी, डिप्रेशन, ओवरथिंकिंग और स्ट्रेस दूर ही रहते हैं। वहीं शारीरिक रूप से होने वाले रोग और समस्याओं से भी बचाव होता है।

### आत्म सम्मान की भावना को बढ़ाता है

कई लोगों आत्म सम्मान की भावना बहुत कम होती है। इस वजह से अक्सर वो पीछे ही रह जाते हैं। ऐसे लोगों के लिए महा मृत्युंजय मंत्र का जाप करना बेहद फायदेमंद हो सकता है। ये मंत्र आपको अंदर से मजबूत बनाता है और आत्मसम्मान की भावना जगाता है।

### आत्महत्या जैसी विचार दूर रखे

कई बार मानसिक तनाव इतना बढ़ जाता है कि लोगों में आत्महत्या जैसे गंदे विचार आने लगते हैं। लोग तरह-तरह से खुद को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और कहीं ना कहीं उनमें जीने की इच्छा खत्म सी हो जाती है। ऐसी स्थिति में भी रोजाना शांत मन से महा मृत्युंजय मंत्र का जाप करना बहुत फायदेमंद होता है।



### शरीर और मन का पोषण करें

महा मृत्युंजय मंत्र आपको शारीरिक और मानसिक रूप से पोषित करता है। उदाहरण के लिए जिन भी लोगों को अपना वजन बढ़ाना है, उनके लिए ये बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। वहीं जो लोग अपना ज्ञान बढ़ाना चाहते हैं, उनके लिए भी महा मृत्युंजय मंत्र का जाप चमत्कारी साबित होता है।

### याददाश्त बढ़ाता है

रोजाना महा मृत्युंजय मंत्र का जाप करने से मेमोरी पावर अच्छी होती है। इतना ही नहीं आप अपने और आसपास की चीजों को ले कर भी और अधिक जागरूक होते हैं।

### नींद की गुणवत्ता में सुधार लाए

महा मृत्युंजय मंत्र का जाप करने से नींद की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। जिन भी लोगों को बिस्तर पर लेटने के घंटों बाद तक नींद नहीं आती या वो बेचैन रहते हैं, उन्हें महा मृत्युंजय मंत्र का जाप जरूर करना चाहिए।

### जीवन का लक्ष्य पता चलता है

डॉक्टर दीक्षा कहती हैं कि रोजाना यदि आप महा मृत्युंजय मंत्र का जाप करते हैं, जो खुद को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। आपको अपने अंदर की क्षमताओं का बेहतर पता चलता है, वहीं आप अपने जीवन के लक्ष्य को भी जान पाते हैं।

# शादी-विवाह के मौके पर सबसे सुंदर दिखेगी अनारकली सूट

**शादी-विवाह के फंक्शन में भीड़ में सबसे सुंदर और अलग दिखना चाहती हैं तो अनारकली कुर्ते के पहनकर रेडी हो सकती हैं। इन ब्यूटीफुल और अट्रैक्टिव डिजाइन के इन अनारकली कुर्ते की डिजाइन को देखकर स्टिचिंग आइडिया लिया जा सकता है।**

### अनारकली सूट डिजाइन

शादी के फंक्शन में गेस्ट बनकर जाना हो तो काफी सारी लड़कियां कन्फ्यूज हो जाती है। अक्सर उन्हें समझ नहीं आता कि कौन सी ड्रेस पहनकर अलग और स्टाइलिश दिखा जाए। साथ ही वेडिंग फंक्शन को एंज्वॉय कर सके। तो आप हैवी डिजाइन वाले लहंगे की बजाय अनारकली कुर्ते को पहनें। ये ना केवल ट्रेडिशनल दिखेंगे बल्कि आपके लुक को स्टाइलिश भी बनाएंगे।

### मल्टीकलर अनारकली सूट

वेडिंग फंक्शन में ब्यूटीफुल दिखना है तो मल्टीकलर के इस अनारकली सूट को पहनकर रेडी हो सकती हैं। सबसे खास बात कि इस तरह के सूट को ब्राइडल संगीत या मेहंदी जैसे फंक्शन में पहनें तो हट के लुक मिलेगा।



### घेर वाले लाइटवेट सूट

अनारकली कुर्ता लेकिन लाइटवेट चाहिए तो इस तरह हल्के सिल्क या सैटिन फैब्रिक के कुर्ते स्टिच करवाएं। ये ब्यूटीफुल दिखने के साथ ही कंफर्टेबल भी लगेंगे।

### लाइट पिंक अनारकली सूट

वेडिंग फंक्शन में सबसे सुंदर दिखना है तो इस तरह के डीप वी नेकलाइन अंगरखा डिजाइन के लांग अनारकली कुर्ते को स्टिच करवा सकती हैं।

### वनपीस डिजाइन सूट

अनारकली सूट में अलग-अलग डिजाइन आती है। वनपीस डिजाइन का ये सूट ब्यूटीफुल दिखेगा। इसे आप वेडिंग के साथ ही फेस्टिवल्स पर भी पहनकर रेडी हो सकती हैं।

### अंगरखा डिजाइन अनारकली सूट

फेस्टिवल्स में अनारकली सूट पहनना है तो इस तरह के अंगरखा डिजाइन के कुर्ते को स्टिच करवाएं। चोकर और हैवी ईयररिंग्स के साथ पेयर कर पहन लेंगी तो सब तारीफ करेंगे।

### शार्ट अनारकली कुर्ता

लांग अनारकली कुर्ता नहीं पहनना चाहती हैं तो नी लेंथ के डिजाइन के अनारकली कुर्ते ट्राई करें। ये सूट भी ब्यूटीफुल दिखते हैं।

### नी लेंथ अनारकली सूट

अनारकली जरूरी नहीं की पूरा फ्लोर लेंथ हो, नी लेंथ डिजाइन के हैवी गोटा वर्क वाले सूट भी वेडिंग में ब्यूटीफुल लुक देंगे। जैसे ये ब्लू कलर का गोटा वर्क वाला अनारकली सूट और साथ में मैचिंग पैट अट्रैक्टिव दिख रहा है।

# सेहतमंद शिशु के लिए दुरुस्त रखें पेट की सेहत

**गर्भावस्था के दौरान एक महिला का शरीर कई बदलावों का सामना करता है। मॉर्निंग सिकनेस से लेकर अटपटी चीजें खाने तक बहुत से नए अनुभव इस दौरान गर्भवती महिला को होते हैं। इन नौ महीनों के दौरान मां के गर्भ में पल रहा शिशु सारा पोषण अपनी मां से ही प्राप्त करता है, इसलिए गर्भवती महिला को पौष्टिक भोजन खाने की सलाह दी जाती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि इन नौ महीनों के दौरान गर्भवती महिला के आंतों की सेहत होनेवाले शिशु के विकास को भी प्रभावित कर सकती है, इसलिए गर्भवती महिला के पाचन तंत्र का दुरुस्त रहना बहुत आवश्यक है।**

### क्यों जरूरी है दुरुस्त पाचन तंत्र

गर्भावस्था के दौरान गैस, अपच और खट्टी डकार जैसी पाचन संबंधी समस्याएं होना आम बात है, लेकिन समय रहते सही निदान न होने पर इसका प्रभाव अजन्मे शिशु की सेहत पर भी पड़ सकता है। गर्भवती महिला के शरीर में होनेवाले हार्मोनल परिवर्तन पाचन संबंधी परेशानियों को बढ़ा देते हैं। ऐसा होने पर गर्भाशय को शिथिल कर देनेवाला प्रोजेस्टेरोन नामक हार्मोन पेट की मांसपेशियों को भी शिथिल कर देता है, जिससे पाचन तंत्र सुस्त पड़ जाता है। इसके अलावा शिशु का बढ़ता आकार भी गर्भाशय को पेट पर दबाव डालने के लिए मजबूर करने लगता है, जिसकी वजह से सीने में जलन, पेट फूलना, कब्ज और एसिडिटी जैसी परेशानियां होने लगती हैं। ऐसा होने पर शरीर आयरन और कैल्शियम जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों सहित अन्य पोषक तत्त्व भी पर्याप्त मात्रा में ग्रहण नहीं कर पाता है।

### पर्याप्त मात्रा में फाइबर का सेवन

एक गर्भवती महिला को रोजाना 25 से 30 ग्राम फाइबर की जरूरत होती है। इस जरूरत को पूरा करने के लिए अपने आहार में साबुत अनाज, दालें, बीन्स, हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, सेब, केला और संतरा शामिल करें। इससे भरपूर मात्रा में फाइबर तो मिलेगा ही, साथ ही पाचन के लिए महत्वपूर्ण गुड बैक्टीरिया में भी बढ़ोतरी होगी।

### पानी पिएं खूब

शरीर में पानी की कमी न होने दें क्योंकि पानी पेट को सक्रिय रखता है। एक दिन में कम से कम दो से तीन लीटर पानी जरूर पिएं। साथ ही नारियल पानी, छाछ, नीबू पानी और सत्तू जैसे पेय पदार्थों का सेवन भी अवश्य करें।

### न भूलें प्रीबायोटिक्स

यह एक खास प्रकार का फाइबर होता है,जो आंतों में मौजूद गुड बैक्टीरिया को पोषण देता है। लहसुन, प्याज, ओट्स, शतावरी और केले में यह भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इन खाद्य पदार्थों को अपने आहार में नियमित रूप से शामिल करें।





### डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों से दूरी

प्रोसेस्ड फूड या प्रसंस्कृत आहार में चीनी, नमक, संतृप्त वसा और प्रिजर्वेटिव्स की अत्यधित मात्रा होती है। ऐसी चीजों का अत्यधिक सेवन आंतों के माइक्रोबायोम के संतुलन बिगड़ देता है। बर्गर, पिज्जा, नूडल्स, कोल्ड ड्रिंक्स, चिप्स और कुकीज जैसी चीजों के सेवन से परहेज रखने में ही भलाई है।

### घर के बने ताजे भोजन का सेवन

गर्भावस्था में अक्सर बहुत खट्टा या तीखा खाना खाने का मन करता है। ऐसा भोजन स्वादिष्ट तो लगता है, लेकिन रोजाना खाने से पाचन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है, इसलिए नियमित रूप से घर पर बने ताजे और आसानी से पचनेवाले भोजन का ही सेवन करना चाहिए। लौकी, तुरई, टिंडे जैसी सब्जियां हल्की होने के साथ-साथ पेट को ठंडक भी पहुंचाती हैं। इस बात का भी खयाल रखें कि भोजन ताजा ही बना हो क्योंकि बासी खाना अपच और गैस की समस्या पैदा कर सकता है।

# काटने के तुरंत बाद ना बनाएं ये सब्जियां

**सब्जी स्वादिष्ट तभी बनती है, जब छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखा जाए। उदाहरण के लिए, सब्जी की कटिंग का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। दरअसल कुछ ऐसी सब्जियां हैं, जिन्हें काटने के तुरंत बाद नहीं बनना चाहिए। ऐसा करने से सब्जियों की कड़वाहट बढ़ सकती है या फिर उनका टेस्ट और टेक्सचर भी खराब हो सकता है। इन सब्जियों को काटने के बाद कुछ देर के लिए रखना जरूरी होता है। आइए जानते हैं, ऐसी ही कुछ सब्जियों के बारे में।**

**करेला :-** करेले की कड़वाहट को कम करने का सबसे आजमाया हुआ तरीका यही है कि इसे काटकर थोड़ी देर के लिए रख दिया जाए। कटे हुए करेले में हल्का नमक मिलाकर कुछ देर रखने से करेले की कड़वाहट कम हो जाती है। वहीं अगर आप तुरंत काटकर करेला बना लेती हैं, तो इससे सब्जी बहुत ज्यादा कड़वी लग सकती है।



**भिंडी :-** भिंडी को भी काटने के बाद कुछ देर के लिए रख देना चाहिए। दरअसल भिंडी में एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जो उसे काटने के बाद ज्यादा एक्टिव होता है। ऐसे में अगर आप तुरंत भिंडी बनाएंगी, तो वो चिपचिपी बनेगी और स्वाद भी नहीं आएगा। इसकी जगह अगर आप भिंडी को काटकर कुछ देर के लिए ड्राई होने दें, तो कुरकुरी और स्वादिष्ट सब्जी बनकर तैयार होती है।

**फूलगोभी:-**फूलगोभी को भी काटने के बाद कुछ देर छोड़ देना सही होता है। दरअसल काटने के बाद भी इसमें कीड़े छिपे होने का खतरा रहता है। ऐसे में अगर आप गर्म पानी और नमक में इसे भिगोकर रखती हैं, तो ये अच्छी तरह क्लीन हो जाती है। इससे फूलगोभी की कच्ची स्मेल भी चली जाती है।



**मूली :-** मूली को भी काटने के बाद कुछ देर रखने की सलाह दी जाती है। तुरंत कटी हुई मूली में तेज गंध और गैस वाली हेवीनेस बन सकती है। 10 से 15 मिनट कटी हुई मूली को छोड़ने से उसकी हेवीनेस कम हो जाती है और बैटर टेस्ट मिलता है।

**लौकी :-** गांवों में लौकी को काटने के बाद कुछ देर के लिए छोड़ दिया जाता है। दरअसल इससे लौकी की कड़वाहट का पता चलता है। 5 से 10 मिनट हवा में छोड़ने से, अगर लौकी का रंग डार्क हो जाता है या उसमें स्मेल आने लगती है, तो इसका मतलब है कि लौकी में कड़वाहट है।

***पत्ता गोभी :-* *कई लोग पत्तागोभी की सब्जी बनाने से पहले उसे नमक वाले पानी में भिगोकर रखते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि पत्ता गोभी में छोटे-छोटे कीड़े और धूल-मिट्टी भरी हो सकती है। इसे सही से साफ करने के लिए कुछ देर नमक वाले पानी में रखें। इससे पत्तागोभी का एक्स्ट्रा मॉइश्चर भी निकल जाता है, जिससे परफेक्ट टेस्ट और टेक्चर मिलता है।***


# 'रोजगार परक शिक्षा पर जोर दिया जायेगा'

**मुंबई विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त मुंबई की 10 सर्वश्रेष्ठ कामर्स कॉलेज में से एक प्रहलादराय डालमिया लायंस कॉलेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उसकी शैक्षणिक गुणवत्ता व क्षमता को देखते हुए स्वायत्त कॉलेज (ऑटोनोमस कॉलेज) का दर्जा प्रदान किया है।**

कॉमर्स, एकाउंटेंसी व इकनोमिक्स विषयों के लिए कॉलेज मुंबई विश्वविद्यालय का अधिकृत अनुसंधान केन्द्र है। इस वर्ष कॉलेज, शिक्षा के बेमिसाल 53 वर्ष मना रहा है। कॉलेज ISO 21001:2018 से प्रमाणित शिक्षा संस्थान है।

कॉलेज के ट्रस्टी व कर्णधार परिषद के महामंत्री लायन कन्हैयालाल घ. सराफ कहते हैं कि योग्यता व समृद्ध अनुभव वाले 90 कुशल शिक्षक और 45 योग्य शिक्षकेत्तर कर्मचारी 7200 छात्र-छात्राओं के इस समस्त कॉलेज का प्रबंधन सुचारू रूप से चलाते हैं।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. डी. एन गंजेवार कहते हैं कि हमारे ट्रस्टी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को महत्व देते हैं। इसी कारण हमें राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) में 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है। एनसीसी



के माध्यम से हमारे कई छात्र, जवान बनकर सीमा की रक्षा कर रहें हैं। कई छात्र- छात्राएं गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय परेड़ में भी हिस्सा ले चुके हैं। नये पाठ्यक्रमों की श्रेष्ठता के मानदंड,उद्योगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाये जायेंगे। रोजगार परक शिक्षा पर जोर दिया जायेगा। छात्रों को हुन्नर से आत्मनिर्भर बनाने के हर संभव प्रयत्न किये जायेंगे। छात्रों के कंधे पर ही देश का भविष्य है। नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का हर प्रयास, भारतीय मूल्यों की प्रतिष्ठा बरक़रार रखते हुए किया जायेगा।

चुनौतियां कई है, लेकिन लक्ष्य केवल एक है, शिक्षा के क्षेत्र में नई कार्यसंस्कृति को विकसित करना जिसके लिए पूरा प्रबंधन कटिबद्ध है।



# मैग्नस ने जीता पहला शतरंज ईस्पोर्ट्स विश्व कप

भारत के अर्जुन एरिगैसी ने हारकर जीता एक करोड़ का इनाम

**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर-1 मैग्नस कार्लसन पहला शतरंज ईस्पोर्ट्स विश्व कप 2025 जीतकर इतिहास रच दिया है। नॉर्वेजियन स्टार ने सऊदी अरब में हुए ग्रैंड फाइनल में अलिरेजा फिरोजा को 3-1 से हराकर ये बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। इस जीत के साथ, उन्हें 250,000 डॉलर जो लगभग 2 करोड़ 18 लाख इंडियन रुपए बनता है, की पुरस्कार राशि मिली। नॉकआउट में, कार्लसन ने क्वार्टर फाइनल में निहाल सरीन पर जीत हासिल की और सेमीफाइनल में हिकारू नाकामुरा के खिलाफ एक करीबी मुकाबले में जीत दर्ज करके फाइनल में कदम रखा। अपने अभियान के दौरान, नाकामुरा के खिलाफ मुकाबला 34 वर्षीय कार्लसन के लिए सबसे कठिन साबित हुआ। इससे पहले प्रतियोगिता के अंतिम दिन, भारत के अर्जुन एरिगैसी अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से हार गए, जिसकी वजह से वो तीसरा स्थान नहीं पा सके और वे चौथे स्थान पर रहे। नाकामुरा ने छह गेमों के मैच में एरिगैसी को हराकर 145,000 डॉलर का इनाम जीता। जो भारतीय रुपए में लगभग 1 करोड़ 20 लाख बनता है, जबकि दूसरी ओर, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने 115,000 डॉलर की इनामी राशि अपने नाम की। जो की 1 करोड़ भारतीय रुपए बनती है। दोनों के बीच यह एक रोमांचक मुकाबला था और मैच में कई बार बाजी पलटी. एरिगैसी ने सफेद मोहरों के साथ पहला गेम सिर्फ 34 चालों में जीतकर बढ़त बना ली। दूसरा गेम 28 चालों के बाद बराबरी पर खत्म हुआ। इसके बाद नाकामुरा ने तीसरे गेम में अपनी लय पकड़ी और काले मोहरों के साथ स्कोर बराबर कर दिया। मुकाबले का निर्णायक चरण चौथे गेम में आया, जहां इंजनों ने अंतिम गेम में दोनों खिलाड़ियों की स्थिति को बराबर माना।



# मन्नेपल्ली के बाद लक्ष्य भी मकाऊ ओपन से बाहर

## दोनों को सेमीफाइनल में मिली हार

**मकाऊ।** भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। लक्ष्य सेन और तरूण मन्नेपल्ली पुरूष एकल सेमीफाइनल मुकाबले हारकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य को इंडोनेशिया के अलवी फरहान ने 39 मिनट में 21-16, 21-9 से हराया। वहीं तरूण मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह ने तीन गेम के मुकाबले में मात दी । विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरूआत की लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार गए। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है, जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए। कंधे, कमर और टखने की चोटों से जूझ रहे लक्ष्य ने पेरिस में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने के लिये यह टूर्नामेंट खेला था।2003 विश्व जूनियर चैम्पियन फरहान ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें फाइनल में जगह नहीं बनाने दी। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज फरहान ने 0-3 से शुरूआत करके पहले गेम के पहले ब्रेक तक 11-7 की बढत बना ली। उन्होंने बेहतरीन ड्रॉप शॉट, रेलियां और स्मैश लगाते हुए लक्ष्य को दबाव में ला दिया। लक्ष्य ने भी कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही । बैकहैंड विनर लगाकर उन्होंने स्कोर 13-19 किया लेकिन फरहान ने उनका शॉट नेट में जाने के बाद पांच अंक लेकर पहला गेम अपने नाम किया।

कोच ने किया बड़ा दावा

# सहवाग और यशस्वी हैं भारत के बेस्ट ओपनर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने लीड्स टेस्ट मैच में शानदार शतक जड़कर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में शानदार शुरुआत की थी. इसके बाद वो इस सीरीज में अब तक कोई शतक नहीं लगा पाए, लेकिन कई शानदार पारियां खेलीं. इस दौरान उनके कोच ने भारतीय टीम के ओपनर को लेकर बड़ा दावा कर दिया है. उन्होंने पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग और यशस्वी जायसवाल को रोहित शर्मा से बेस्ट ओपनर बता दिया. सबसे कम पारियों में 2000 रन पूरा करने वाले यशस्वी जायसवाल इस मामले वीरेंद्र सहवाग और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के साथ टॉप पर मौजूद हैं. ओवल टेस्ट मैच के दौरान यशस्वी जायसवाल के कोच ज्वाला सिंह ने बड़ी बात कह दी है. एक पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने यशस्वी जायसवाल को टीम इंडिया के पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बाद का बेस्ट ओपनर बता दिया. उन्होंने कहा कि यशस्वी जायसवाल ने सबसे तेज 2000 रन पूरे करने के मामले में वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ के साथ टॉप पर हैं।



# उस्मान गनी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## 17 छक्के 45 रन तो सिर्फ 1 ओवर में मारे, बस इतनी गेंदों में बनाया शतक



**नई दिल्ली।** क्रिकेट के पनपने के बाद अफगानिस्तान ने वर्ल्ड क्रिकेट को एक से बढ़कर एक खिलाड़ी दिए हैं. और, वहां के उन्हीं खिलाड़ियों में से एक हैं उस्मान गनी. अफगानिस्तान के इस ओपनर ने विस्फोटक शतक लगाया है. उनके जमाए हाहाकारी शतक की हद का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उन्होंने 45 रन सिर्फ एक ओवर में मारे हैं, जो कि प्रोफेशनल क्रिकेट में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है. और, ये वर्ल्ड रिकॉर्ड आने वाले समय में शायद ही टूटता दिखे. अब क्रिकेट में एक ओवर यानी 6 गेंदों में ज्यादा से ज्यादा 36 रन बनते हैं तो फिर उस्मान गनी ने 45 रन कैसे ठोक दिए? सबसे पहले तो ये जान लीजिए कि अफगान बल्लेबाज ने शतक और उस पारी के दौरान एक ओवर में 45 रन ठोके कहां? ये कमाल उन्होंने अफगानिस्तान के लिए नहीं बल्कि ECS T10 लीग में किया है. इंग्लैंड में खेली जा रही उस T10 लीग में मुकाबला लंदन काउंटी और गिल्डफोर्ड के बीच था. इस मैच में उस्मान गनी, लंदन काउंटी का हिस्सा थे, जो कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी. अपने मिजाज के मुताबिक उस्मान गनी ने लंदन काउंटी की ओर से ओपनिंग की और क्रीज पर उतरते ही हल्ला बोल दिया. 28 साल के उस्मान गनी ने सिर्फ 28 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. उनकी कुल इनिंग 43 गेंदों की रही, जिसमें उन्होंने 17 छक्के और 11 चौके के साथ नाबाद 153 रन जड़े. 355.81 की स्ट्राइक रेट से उनके बनाए इस धुआंधार रन का नतीजा ये रहा कि लंदन काउंटी ने बिना कोई विकेट गंवाए 10 ओवर में 226 रन स्कोर बोर्ड पर टांग दिए।

### ऐसे ठोके 1 ओवर में 45 रन

दाएं हाथ के बल्लेबाज उस्मान गनी अपनी इसी ताबड़तोड़ इनिंग के दौरान विल जर्नी नाम के गेंदबाज के खिलाफ एक ओवर में 45 रन जड़े. ऐसा कमाल उन्होंने 8 बाउंड्री लगाते हुए किया, जिसमें 5 छक्के और 3 चौके शामिल रहे. विल जर्नी ने अपने ओवर में 2 नो बॉल फेंकी, जिस पर उस्मान ने एक छक्का और एक चौका लगाया. इसके अलावा विल जर्नी ने 2 वाइड भी फेंकी।
मैच में विल जर्नी ने 2 ओवर फेंके, जिसमें उन्होंने 64 रन खर्च किए. अब गिल्डफोर्ड टीम के सामने 10 ओवर में 227 रन का महाविशाल लक्ष्य था, जिसका पीछा करते हुए वो 4 विकेट पर 155 रन ही बना सकी और 71 रन से मुकाबला हार गई।

डूरंड कपः क्लेटन सिल्वा के चार गोल

# डायमंड हार्बर एफसी ने बीएसएफ एफसी को 8-1 से रौंदा



**कोलकाता।** 134वें डूरंड कप में डायमंड हार्बर एफसी ने अपने विजयी अभियान को जारी रखते हुए बीएसएफ एफसी को ग्रुप बी के मुकाबले में 8-1 से करारी शिकस्त दी। किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल (2', 35', 71', 90+3') दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल (7', 39') किए, जबकि पॉल (53') और जॉबी जस्टिन (67') ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया। आई-लीग 2 की चैंपियन डायमंड हार्बर एफसी ने महज़ दूसरे मिनट में ही क्लेटन सिल्वा के गोल से खाता खोल दिया। जॉबी जस्टिन के क्रॉस पर उन्होंने सटीक फिनिश करते हुए टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद सातवें मिनट में लुका माजसेन ने बॉक्स में क्लेटन की हलचल का फायदा उठाकर दूसरा गोल दागा। बीएसएफ एफसी की मिडफील्ड और डिफेंस शुरुआत से ही संघर्ष करती दिखी। 35वें मिनट में सिल्वा ने गिरीक के क्रॉस पर वॉली मारकर अपना दूसरा गोल किया। वहीं, चार मिनट बाद माजसेन ने ब्राज़ीली खिलाड़ी के एक ऊंचे पास पर गोल कर स्कोर को 4-0 कर दिया। बीएसएफ को पहला मौका 43वें मिनट में मिला, जब किशोरी का शॉट गोलकीपर सुसंता मलिक ने रोक लिया। हाफटाइम तक डायमंड हार्बर पूरी तरह हावी दिखा। दूसरे हाफ में भी डायमंड हार्बर ने वही तेवर बरकरार रखा। 53वें मिनट में पॉल ने लो ड्राइव शॉट से पांचवां गोल किया। 67वें मिनट में सैमुएल के कॉर्नर पर जॉबी जस्टिन ने हेडर से छठा गोल दागा। इसके बाद 71वें मिनट में सिल्वा ने अपना हैट्रिक पूरा किया, जब बीएसएफ की क्लियरेंस में चूक हुई। बीएसएफ को 90वें मिनट में किशोरी के ज़रिए सांत्वना मिली, जिन्हें हरमिंदर सिंह ने शानदार पास दिया।

# सिराज ने बुमराह का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

## वकार यूनुस के क्लब में हुए शामिल



**लंदन।** ओवल में खेले जा रहे सीरीज के अंतिम टेस्ट मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया. जिसकी वजह से इंग्लैंड भारत पर केवल 23 रनों की ही बढ़त बना सका. इसका श्रेय भारत के दो तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (4) और प्रसिद्ध कृष्णा (4) को जाता है. इन दोनों गेंदबाजों ने इंग्लैंड को 247 रनों पर ऑलआउट कर दिया. भारत अपनी पहली पारी में 224 रन ही बना सका था. दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर 75 रन बना लिए है, और उनकी बढ़त अब 52 रनों की हो गई है. जायसवाल 51 रन बनाकर खेल रहे हैं, जबकि आकाशदीप नाइटवाचमैन के रूप में 4 रन बनाकर खेल रहे हैं. ओवल की पहली पारी में 4 विकेट लेकर मोहम्मद सिराज ने इतिहास रच दिया है. उन्होंने केवल 16.2 ओवर में 88 रन



देकर चार विकेट लिए. 31 वर्षीय सिराज ने ओली पोप, जो रूट, जैकब बेथेल और हैरी ब्रूक के बड़े विकेट लेकर भारत को श्रृंखला 2-2 से बराबर करने की दौड़ में बनाए रखा है. इसके अलावा सिराज ने जसप्रीत बुमराह का सर्वकालिक रिकॉर्ड तोड़ दिया और साथ ही पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वकार यूनिस की बराबरी भी कर ली है. बता दें कि सिराज ने इंग्लैंड में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक चार विकेट लेने का जसप्रीत बुमराह का रिकॉर्ड तोड़ दिया. सिराज ने इंग्लैंड की धरती पर 11 मैच में छठीं बार चार विकेट लिया है, जबकि बुमराह ने 12 मैचों में 5 बार चार विकेट लिए हैं. इसके अलावा सिराज 1996 के बाद इंग्लैंड में छह बार चार विकेट लेने वाले पहले एशियाई तेज गेंदबाज बन गए हैं. इससे पहले वकार युनुस ने 1996 में इंग्लैंड में 6 बार चार विकेट लिए थे. स्पिनरों में, मुथैया मुरलीधरन इंग्लैंड में 6 बार चार विकेट लेने वाले एकमात्र एशियाई हैं. मोहम्मद सिराज का पांच मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन जारी है. उन्होंने ने अब तक कुल 17 विकेट लिए हैं जो सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. इसके अलावा वह और इंग्लैंड के क्रिस वोक्स पांचों मैच खेलने वाले एकमात्र तेज गेंदबाज हैं. लेकिन मैच के पहले दिन वोक्स के चोटिल मैच से बाहर हो गए हैं. अगर सिराज दूसरी पारी में भी गेंदबाजी करते हैं तो किसी भी टीम की ओर से सीरीज की सभी 10 पारियों में गेंदबाजी करने वाला एकमात्र तेज गेंदबाज बन जाएंगे।

# टीम इंडिया ने इंग्लैंड को दिया 374 रनों का लक्ष्य

## यशस्वी के बाद वाशिंगटन ने धोया

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच द ओवल में पांचवां टेस्ट 31 जुलाई यानी गुरुवार से खेला जा रहा है। भारतीय टीम दूसरी पारी में 396 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ऐसे में भारत ने इंग्लैंड को 374 रन का टारगेट दिया है। यशस्वी जायसवाल ने दमदार शतक ठोका और 118 रन बनाकर आउट हुए। वहीं रविंद्र जडेजा ने भी अर्धशतक ठोका और 53 रन की पारी खेली। बता दें कि ओवल के मैदान पर आज तक इतना बड़ा टारगेट चेज नहीं हुआ है। वाशिंगटन सुंदर ने भी अंत में कुछ बड़े शॉट्स लगाए और धमाकेदार अंदाज में अपनी फिफ्टी पूरी की। भारत की लीड में और इजाफा किया। ओवल में सबसे बड़ा रन चेज इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1902 में किया था। भारतीय टीम ने टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए 224 रन बनाए थे। इसके बाद हालांकि, भारतीय गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की और इंग्लैंड को 247 रन पर ही रोक दिया। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए।
इंग्लैंड को पहली पारी से 23 रन की लीड मिली थी। इसके बाद दूसरे दिन जब भारतीय टीम की दूसरी पारी में बल्लेबाजी आई तो भारतीय बल्लेबाजों ने कमाल कर दिया। दूसरी पारी में भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने शतक तो आकाश दीप, रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने फिफ्टी ठोकी। जायसवाल ने 14 चौके और 2 छक्के की मदद से 118 रन बनाए।



# इंग्लैंड ने मारी अपने पैरों पर कुल्हाड़ी

## ओवल टेस्ट में तीन खिलाड़ियों ने कराया इंग्लैंड टीम का नुकसान

**लंदन।** ओवल टेस्ट मैच में टीम इंडिया की हालत काफी खराब होती, अगर इंग्लैंड के तीन खिलाड़ी चार बड़ी गलती नहीं करते. इस टेस्ट मैच के दूसरे और तीसरे दिन मेजबान टीम के तीन खिलाड़ियों ने कुछ ऐसा किया, जिसकी वजह से भारतीय टीम पांचवें टेस्ट मैच में मजबूत स्थिति में पहुंच गई है. इंग्लैंड पर इस टेस्ट मैच में हार का खतरा मंडराने लगा है. अगर ओवल टेस्ट मैच में इंग्लैंड हार जाता है, तो पांच टेस्ट मैचों की ये सीरीज 2-2 से बराबर हो जाएगी. इंग्लैंड की खिलाड़ियों की गलती का सबसे ज्यादा फायदा टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को हुआ. ओवल टेस्ट मैच में भारतीय टीम की दूसरी पारी के दौरान इंग्लैंड के तीन खिलाड़ियों ने चार कैच छोड़े, जिसकी वजह से टीम इंडिया इस समय मजबूत



स्थिति में पहुंच गया है. इसमें से दो कैच यशस्वी जायसवाल के थे. इस दौरान वो शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं. इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने तीन कैच इस टेस्ट मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया की दूसरी पारी के दौरान छोड़े. पहला कैच हैरी ब्रूक ने छोड़ा. टीम इंडिया की पारी के 5वें ओवर में तेज गेंदबाज गस एटकिंसन की पांचवीं गेंद पर ओपनर यशस्वी जायसवाल ने तेज शॉट खेला, लेकिन तीसरी स्लिप पर खड़े हैरी ब्रूक ने उनका कैच छोड़ दिया. उस समय जायसवाल 20 रन बनाकर खेल रहे थे. इसके 40 मिनट बाद 14वें ओवर में जॉश टंग की गेंद पर जायसवाल ने पुल शॉट खेला, लेकिन डीप फाइन लेग पर सब्स्टीट्यूट फील्डर लियम डॉसन ने उनका आसान कैच छोड़ दिया. उस समय यशस्वी 40 रन पर खेल रहे थे. पांच मिनट के बाद इंग्लैंड ने तीसरी गलती कर दी. इस बार उन्होंने साई सुदर्शन को जीवनदान दे दिया. तेज गेंदबाज क्रेग ओवरटन की गेंद पर स्लिप में ही जैक क्रॉली ने साई सुदर्शन का कैच टपका दिया. उस समय सुदर्शन केवल 7 रन बनाकर खेल रहे थे. हालांकि सुदर्शन इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और केवल 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. तीन कैच छोड़ने के बावजूद इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने इससे कुछ नहीं सीखा और एक और बड़ी गलती कर दी।

# नेहरू हॉकी कप...69 साल बाद बालक और बालिका दोनों वर्ग में वाराणसी बना चैंपियन



**वाराणसी।** मेजबान झांसी और प्रयागराज मंडल की हॉकी टीम को हराकर वाराणसी ने पहली बार बालक और बालिका दोनों वर्ग की ट्रॉफी अपने नाम की है। इस जीत के साथ वाराणसी मंडल की दोनों टीमों ने नेहरू कप हॉकी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वाराणसी मंडल का प्रतिनिधित्व विकास इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने किया। नेहरू कप प्रादेशिक प्रतियोगिता के फाइनल में बालक वर्ग की टीम ने झांसी मंडल को 5-2 से हराया। यह 69 वर्ष में यह पहली बार हुआ है जब काशी ने नेहरू कप प्रादेशिक का खिताब अपने नाम किया है। प्रादेशिक हॉकी प्रतियोगिता झांसी के मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 29 जुलाई से 1 अगस्त तक खेली गई। बालिका वर्ग के अंडर-17 में विकास इंटर कॉलेज वाराणसी की टीम ने प्रयागराज मंडल की चौधरी भीख भवानी इंटर कॉलेज की टीम को 4-1 से हरा दिया। वाराणसी की ओर से सृष्टि पटेल और तनु यादव ने दो-दो गोल किए। अंडर-15 बालक वर्ग में विकास इंटर कॉलेज वाराणसी की टीम ने झांसी मंडल की एलबीएम कॉलेज को 5-2 से हराकर खिताब जीता।

# कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर टेलर फ्रिट्ज तीसरे दौर में, शेल्टन भी आगे बढ़े

**टोरंटो।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के छह फुट आठ इंच लंबे गैब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से होगा जिन्होंने फ्रांस के 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रेंडन नकाशिमा को 6-7, 6-2, 7-6 से मात दी। अब वह इटली के 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली से खेलेंगे। रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने इटली के लोरेंजो



सोनेगो को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। सातवी वरीयता प्राप्त अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। अब वह ऑस्ट्रेलिया के ही एलेक्स डि मिनौर से खेलेंगे। दो बार की गत चैम्पियन जेसिका पेगुला नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अनास्तासिया सेवास्तोवा से 6-3, 4-6, 1-6 से हार गई। लातविया की 35 वर्ष की सेवास्तोवा 2018 में 11वीं रैंक पर थीं, लेकिन अब 386वें स्थान पर खिसक गईं। अब उनका सामना जापान की नाओमी ओसाका से होगा जिन्होंने लातविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराया। अन्य मैचों में विम्बलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6-2, 6-2 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टाउसन से होगा जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-0 से मात दी।

# आकाश दीप ने खेली जिंदगी की सबसे बड़ी पारी



▸▸ ओवल में आकाश का जलवा

▸▸ ओवल टेस्ट में ठोका अर्धशतक, कोहली को पछाड़ा

**लंदन।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने ओवल टेस्ट में इतिहास रच दिया. टीम इंडिया की दूसरी पारी के दौरान नाइट वॉचमैन के तौर पर उतरे इस तेज गेंदबाज ने मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड को बुरी तरह परेशान किया और एक यादगार अर्धशतक जमा दिया. इस टेस्ट सीरीज में अपना तीसरा ही मैच खेल रहे आकाश के करियर का ये पहला ही अर्धशतक था और इसके साथ ही उन्होंने अपने प्रोफेशनल करियर की सबसे बड़ी पारी खेल डाली. आकाश की इस पारी ने टीम इंडिया को ओवल टेस्ट में मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया. शनिवार 2 जुलाई को ओवल टेस्ट के तीसरे दिन टीम इंडिया ने अपनी दूसरी पारी को आगे बढ़ाया. टीम इंडिया ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 2 विकेट खोकर 75 रन बना लिए थे और तीसरे दिन नजरें इस बात पर थीं कि यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप टीम इंडिया को कहां तक पहुंचाते हैं. आकाश को नाइट वॉचमैन के लिए इसलिए प्रमोट किया गया था क्योंकि वो बल्ले से भी कमाल करने की काबिलियत रखते हैं. पहली पारी में तो उन्हें मौका नहीं मिला और वो 0 के स्कोर नाबाद लौटे, मगर दूसरी पारी में इस खिलाड़ी ने अपना कमाल दिखा दिया. तीसरे दिन आकाश ने आते ही पहले ओवर में चौका जमा दिया और इसके बाद उन्हें रोकना मुश्किल हो गया. हालांकि, जब वो 21 रन पर थे, जब स्लिप में जैक क्रॉली ने उनका सीधा कैच टपका दिया. इसका फायदा भारतीय खिलाड़ी उठाया और अपने टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक जमा दिया. आकाश ने 70 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया. उनके प्रोफेशनल क्रिकेट करियर (फर्स्ट क्लास, लिस्ट-ए, टी20) का ये दूसरा ही अर्धशतक था. इससे पहले उन्होंने एक रणजी मैच में अर्धशतक जमाया था. मगर खास बात ये है कि ओवल में उन्होंने अपनी सबसे बड़ी पारी खेली. रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 53 रन बनाए थे लेकिन ओवल में उन्होंने 66 रन की जोरदार पारी खेली।

### कोहली को पीछे छोड़ा

इस पारी के दम पर आकाश ने यशस्वी जायसवाल के साथ तीसरे विकेट के लिए 107 रन की यादगार और बेहद अहम साझेदारी की, जिसने टीम इंडिया की बढ़त को पहले सेशन में ही 150 रन के पार पहुंचा दिया. मजेदार बात ये है कि आकाश ने ओवल के मैदान पर महान भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया. पूर्व भारतीय कप्तान ने इस मैदान पर 8 पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया था और उनका सबसे बड़ा स्कोर 50 रन का था. मगर आकाश ने अपनी पहली ही पारी में यहां कोहली को पीछे छोड़ते हुए उनसे भी बड़ा स्कोर बना दिया।




# आलिया भट्ट की इस फिल्म ने जीते थे 5 नेशनल अवॉर्ड्स

**7.8 है IMDb रेटिंग**

**आज हम आपको आलिया भट्ट की उस फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने नाम कुल 5 नेशनल अवॉर्ड्स किए हैं। आलिया की ये फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अजय देवगन भी नजर आए थे। पहचान कौन में हम आपको आलिया भट्ट की साल 2022 में रिलीज हुई हिट फिल्म के बारे में बता रहे हैं। इस फिल्म ने कुल 5 नेशनल अवॉर्ड्स जीते थे।**

फिल्म में आलिया भट्ट के साथ अजय देवगन नजर आए थे। ये पहली बार था जब अजय देवगन और आलिया किसी फिल्म में साथ नजर आए थे। क्या आप पहचान पाए फिल्म का नाम?अगर नहीं, तो चलिए हम आपको बताते हैं। इस फिल्म का नाम है गंगूबाई काठियावाड़ी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। आलिया भट्ट की इस फिल्म को संजय लीला भंसाली ने डायरेक्ट किया है। IMDb की मानें तो फिल्म ने कुल 50 अवॉड्र्स अपने नाम किए थे। इनमें पांच नेशनल अवॉड्र्स शामिल हैं। गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए आलिया भट्ट को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। बेस्ट स्क्रीनप्ले (डायलोग राइटर) का नेशनल अवॉर्ड भी इसी फिल्म को मिला था। बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट, बेस्ट स्क्रीनप्ले और बेस्ट एडिटिंग का नेशनल अवार्ड भी गंगूबाई काठियावाड़ी को मिला था। इस फिल्म का 70 पर्सेंट हिस्सा शूट हो जाने के बाद फिल्म को लॉकडाउन की वजह से होल्ड पर डालना पड़ा था। इस वजह से फिल्म की तय डेट से एक साल के बाद रिलीज हुई थी। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.8 है। फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



## ईशा मालवीय को किस करते हुए अभिषेक कुमार की रोमांटिक फोटो वायरल

ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार का रिलेशन और ब्रेकअप काफी चर्चा में रहा था। दोनों शो यारियां के दौरान एक-दूसरे से मिले और प्यार हो गया। हालांकि शो के एंड होने से पहले दोनों का रिलेशन एंड हो गया। बिग बॉस में दोनों जब कंटेस्टेंट बनकर आए तो दोनों के बीच काफी लड़ाई हुई। दोनों शो के बाद एक-दूसरे को इग्नोर ही करते दिखे थे, लेकिन अब दोनों की एक रोमांटिक फ्लोर सामने आई है जिसे देखकर सभी हैरान हो गए हैं। दरअसल, दोनों का एक म्यूजिक वीडियो आ रहा है जिसका नाम है नि तू बार-बार। इस गाने का ही पोस्टर रिलीज किया गया है जिसमें ईशा, अभिषेक के क्लोज हैं और अभिषेक उनके माथे पर किस कर रहे हैं। ईशा ने एक बार कहा था, 'मैं उससे नहीं बोलती इतना कि प्लीज इधर आ जा, मैं तेरे साथ रहना चाहती हूं। जब मुझसे और हैंडल नहीं हुआ तो मैंने ब्रेकअप कर लिया। मैंने हमेशा यही कहा है कि मैं अभिषेक से दूर नहीं होना चाहती थी, लेकिन उसके एग्रेशन की वजह से मैं दूर हुई। अभिषेक की एग्रेशन और उसके साथ रिलेशन की वजह से मेरे करियर पर असर पड़ने लगा था और यह मैं बर्दाश्त नहीं कर सकती थी। मैं ऐसे इंसान के साथ नहीं रह सकती जो मेरी रिस्पेक्ट नहीं करता।



## चेहरे के पिम्पल को थूक लगाकर ठीक करती हैं तमन्ना भाटिया

### कहा- ये असरदार है

**बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने पिछले कुछ सालों में अपने सुपरहिट आइटम सांग्स से अलग फैन बेस तैयार किया है। ऐसा भी कहा जाता है कि अब मेकर्स अपनी फिल्मों में तमन्ना का एक गाना रखना तो जरूरी समझते हैं। अब हाल में तमन्ना एक न्यूज चैनल पर पहुंची हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि छोटे बच्चे उनका गाना देखे बिना खाना नहीं खाते थे। इसके अलावा जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि वो अपने चेहरे के पिम्पल को ठीक करने के लिए क्या करती हैं। इसके जवाब में एक्ट्रेस ने बताया कि वो थूक लगाकर अपने पिम्पल को ठीक करती हैं।**

दरअसल, तमन्ना भाटिया हाल में लल्लनटॉप के शो में पहुंची थीं। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपने पिम्पल ठीक करने का राज बताया जो न्यूज रूम में बैठे लोगों को पसंद नहीं आया। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें जब पिम्पल होता है तो वो थूक लगा लेती है और ये उनके लिए काफी असरदार रहा है। तमन्ना के इस घरेलू पिम्पल ट्रीटमेंट के बारे में सुनकर उनके फैंस जरूर हैरान हुए होंगे। इसके अलावा तमन्ना ने बताया कि उनके सॉन्ग आज की रात के हिट होने के बाद कई मदर्स के मैसेज आए थे। उन्होंने बताया कि उनके छोटे बच्चे बिना उनका गाना देखे खाना नहीं खाते थे। बाद में एक्ट्रेस ने सफाई भी कि इतने छोटे बच्चे होते हैं जिन्हें लिरिक्स समझ में नहीं आते। ऐसे में वो बस गाने का म्यूजिक एन्जॉय करते हैं जो गलत नहीं है। तमन्ना भाटिया ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने स्ट्रगल और पहचान बनाने को लेकर भी खुलकर बात की। एक्ट्रेस का ये इंटरव्यू उनके फैंस पसंद कर रहे हैं।



**शाहरुख खान को हाल ही में फिल्म जवान के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला है। शाहरुख को 33 साल फिल्मों में काम करने के बाद यह पहला नेशनल अवॉर्ड मिला है। शाहरुख ने अपने करियर में कई कई हिट फिल्में दी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शाहरुख की एक फिल्म जिसे करने से पहले सलमान खान और अक्षय कुमार ने मना कर दिया था और जब किंग खान ने की तो वो ब्लॉकबस्टर थी। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं वो है बाजीगर। बाजीगर फिल्म में शाहरुख ने विलन का किरदार निभाया था। यह उनकी पहली फिल्म थी जिसमें उन्होंने नेगेटिव किरदार निभाया था। शाहरुख के साथ शिल्पा शेट्टी और काजोल लीड रोल में थे। हालांकि शाहरुख से पहले इस फिल्म को 2 एक्टर्स को अप्रोच किया था। राइटर रोबिन ने बताया था, एक दिन मुझे कॉल आया कि फिल्म अ किस बिफोर डाइंग का हिंदी रीमेक बनाया जाए।**

## सलमान और अक्षय ने किया इस फिल्म को रिजेक्ट, लगी शाहरुख के हाथ

मुझे इसके लिए स्क्रीनप्ले लिखने को कहा और बताया कि अब्बास मस्तान इसे डायरेक्ट करेंगे। ऐसे जाकर फिर बनी फिल्म बाजीगर। इसके बाद उन्होंने बताया था कि जब राइटिंग उन्होंने खत्म कर दी तब तक यह डिसाइड नहीं हुआ था कि किसको कास्ट करना है। हम अक्षय के पास गए, उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद हम सलीम खान के बाद गए, सलमान के बारे में पूछने के लिए तो उन्होंने कहा कि सलमान ऐसी फिल्म क्यों करेगा। इसके बाद शाहरुख खान को अप्रोच किया गया। वह इस वक्त राजू बन गया जेंटलमैन के काम से आ थे। दोनों की मुलाकात हुई और रोबिन को एहसास हुआ कि शाहरुख थोड़े अलग हैं और उनकी सोच भी अलग है। शाहरुख ने स्क्रिप्ट सुनी और वह इसके लिए तैयार हो गए। लेकिन शाहरुख की एक कंडिशन थी कि वह तभी फिल्म करेंगे अगर स्क्रिप्ट ऐसी की ऐसी रहेगी। आप किरदार को जस्टिफाई करने की कोशिश नहीं करोगे।इसके बाद 1993 में फिल्म रिलीज हुई जो कि सुपरहिट थी। इसमें काजोल, शाहरुख और शिल्पा के अलावा जॉनी लीवर और दलीप ताहिल भी थे। 2 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 13.53 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म के लिए शाहरुख को बेस्ट एक्टर, शिल्पा को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस, बेस्ट प्लेबैक सिंगर मेल के लिए कुमार सानू और बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर के लिए अनु कपूर को फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले थे।

## विक्की जैन की बर्थडे पार्टी में मनीषा रानी का जलवा

### तेजस्वी, ईशा, प्रियंका ने किया जमकर डांस

**अंकिता लोखंडे और विक्की जैन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सबसे पॉपुलर कपल में से एक हैं। ये जोड़ी इंडस्ट्री में सबसे ग्रैंड पार्टी होस्ट करने के लिए मशहूर हैं, अंकिता की होली पार्टी खूब पॉपुलर है। अब विक्की जैन ने इंडस्ट्री के अपने दोस्तों के लिए एक ग्रैंड बर्थडे पार्टी भी होस्ट की जिसमें टीवी इंडस्ट्री के अधिकतर पॉपुलर चेहरे नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर पार्टी के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें सेलेब्स को विक्की जैन के साथ डांस करते हुए देखा जा सकता है। इस पार्टी में मनीषा रानी, तेजस्वी प्रकाश, खानजादी, अभिषेक, समर्थ जुरेल जैसे एक्टर्स नजर आ रहे हैं।**



सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें पूल पास मनीषा रानी और तेजस्वी के साथ डांस करते दिख रहे हैं। अगले वीडियो में खानजादी और विक्की साथ हैं। लेकिन मनीषा रानी ने अपने डांस स्टेप से सभी को पीछे छोड़ा हुआ है। विक्की भी मनीषा के साथ डांस करते हुए नजर आए। सोशल मीडिया पर इस ग्रैंड बर्थडे पार्टी की तस्वीरें और वीडियोज वायरल हो रहे हैं। इस पार्टी की कई और तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें शालीन भनोट, निया शर्मा, ईशा मालवीय, अशिता धवन जैसे एक्टर्स नजर आ रहे हैं। विक्की और अंकिता ने ये पार्टी मुंबई से दूर लोनावला में रखी थी। आशिता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पार्टी के कई वीडियो शेयर किए हैं जिसमें सेलेब्रिटीज का काफिला लोकेशन पर पहुंचता देखा जा सकता है।



## 'गुड न्यूज जल्दी देंगे'

### परिणीति-राघव कर रहे फैमिली प्लानिंग?

**कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो पर इस हफ्ते राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा बतौर मेहमान नजर आए। बातचीत के दौरान ढेर सारी मस्ती हुई और बातों-बातों में परिणीति-राघव ने फैमिली प्लानिंग को लेकर भी हिंट दे दिया। बातचीत के दौरान कपिल शर्मा ने बताया कि कैसे उनकी मां कॉमेडियन की शादी के बाद सीधे 'ग्रांडकिड्स मोड' में आ गई थीं और शादी के बाद उन्होंने कपिल शर्मा और गिन्नी चैत्रथ को जल्दी बच्चा प्लान करने की सलाह दे डाली थी। कपिल शर्मा ने बताया कि उनकी मां ने कहा था कि या तो जल्दी फैमिली प्लानिंग करें वरना प्रेशर कुकर जैसे दबाव के लिए तैयार रहें। बातचीत के दौरान राघव चड्ढा ने अचानक धमाका करते हुए कहा, देंगे आपको देंगे... गुड न्यूज जल्दी देंगे।**

राघव चड्ढा के बयान के बाद परिणीति चोपड़ा का रिएक्शन काफी मिला जुला सा था। एक्ट्रेस एक तरफ जहां शॉक में थीं, वहीं दूसरी तरफ वह किसी तरह अपनी हंसी रोकने की कोशिश करती दिखाई पड़ीं। फिर कपिल शर्मा ने इस टॉपिक को थोड़ा और खींचने की कोशिश की। कपिल शर्मा ने हैरानी के साथ पूछा, ₹गुड न्यूज आ रही है क्या? हम लड्डू बांटने लग जाएं क्या?₹ इस पर परिणीति चोपड़ा के पति राघव चड्ढा ने मामला संभालते हुए कहा, ₹देंगे.. सही वक्त पर..।₹ बता दें कि परिणीति चोपड़ा ने एक वक्त पर बयान दिया था कि वह कभी किसी राजनेता से शादी नहीं करेंगी, लेकिन फिर उन्हें राघव चड्ढा पसंद आ गई और उन्होंने उनसे शादी कर ली। इस बात को लेकर कपिल शर्मा शो पर उनकी टांग खींची गई, लेकिन साथ ही राघव ने मजाकिया लहजे में कहा कि कैसे वह अब रोज सुबह परिणीति से कहते हैं कि वो बोला करें कि राघव कभी प्रधानमंत्री नहीं बनेगा।

## पिछले साल ही शादी करने वाली थीं हिना खान

### अब बताई अचानक सेरेमनी करने की वजह



**टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने हाल में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जैसवाल से शादी की है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर शादी की सेरेमनी की कई तस्वीरें शेयर की थीं। इसी दौरान ये खबरें भी सामने आई कि उन्होंने टीवी शो 'पति-पत्नी और पंगा' का हिस्सा बनने के लिए शादी की थी। लेकिन अब एक्ट्रेस ने अपनी शादी से जुड़े सवालों पर जवाब दे दिए हैं। एक्ट्रेस ने साफ का दिया है कि उन्हें लोग क्या बोल रहे हैं इससे फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने बताया कि वो पिछले साल ही शादी करने वाली थीं लेकिन कैंसर होने के बाद उनकी प्राथमिकता बदल गई।**

हिना ने बताया कि उन्होंने और रॉकी ने शो के लिए शादी नहीं की है। दोनों पिछले साल ही शादी करने वाले थे लेकिन कैंसर की वजह से हो नहीं पाई। एक्ट्रेस ने कहा जब मेकर्स ने उन्हें शो ऑफर किया तो उन्होंने सवाल किया था कि उनकी शादी नहीं हुई है और आपके शो का नाम 'पति पत्नी और पंगा है' तब मेकर्स ने कपल से कहा था कि अगर वो शो पर सगाई कर लेते हैं तो भी वो इस शो का हिस्सा बने रह सकते हैं। हिना ने कहा कि शादी का फैसला अचानक लिया गया था। इसका शो से कोई कनेक्शन नहीं। हालांकि, उनके इस फैसले से मेकर्स बहुत खुश हुए थे। बता दें, हिना और रॉकी ने 13 साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद इस साल जून में शादी कर सभी को हैरान कर दिया था। हिना के लिए पिछला वक्त मुश्किलों भरा रहा है। एक्ट्रेस को स्टेज 3 का ब्रैस्ट कैंसर हुआ था जिसकी लंबी चली सर्जरी और कीमोथेरेपी के बाद एक्ट्रेस पहले से बेहतर हैं और पति पत्नी और पंगा नाम के शो में नजर आने वाली हैं।



## इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद के बाद रणवीर ने ब्रेकअप पर तोड़ी चुप्पी

### बोले- मैं बस एक पत्नी चाहता था और...

रणवीर अल्लाहबादिया इस साल काफी विवाद में रहे जब इंडियाज गॉट लेटेंट में उनका एक स्टेटमेंट काफी वायरल हुआ। रणवीर को काफी ट्रोल किया गया और उनके यूट्यूब चैनल को बैन करने की भी मांग उठी थी। हालांकि सोशल मीडिया पर माफी मांगने के बाद उनके वीडियोज वापस शुरू हो गए हैं। अब उनके शो में तारा सुतारिया गेस्ट बनकर आईं और इस दौरान रणवीर ने अपनी पर्सनल लाइफ पर भी खुलकर बात की। रणवीर के स्टेटमेंट से यह भी लग रहा है कि उनका अब ब्रेकअप हो गया है। रणवीर ने कहा, 'मुझे लगता है मैं प्यार के पीछे काफी भागा हूं...मुझे लगता है कि अगर किसी के मन में लाइफ में गहरा रोमांस पाने की गहरी इच्छा है, उन्हें वो मिल जाता है। ये इच्छा अब भी मेरे में है, लेकिन इसने मुझे अंदर तक काफी जलाया है। मैं तो बस एक पत्नी चाहता था, लेकिन कुछ चीजें बदल जाती हैं जब आप 30 साल के होते हैं, लेकिन ये मेरे हाथ में नहीं।' रणवीर ने आगे कहा कि उन्होंने अपनी पत्नी की चाह की इच्छा को दफन कर दिया है और उन्होंने अपना दर्द भी छिपाया हुआ है जो काफी दिल टूटने से हुआ है। लेकिन वह यह भी नहीं चाहते कि उनकी फ्यूचर पार्टनर उनके इस दर्द को ठीक करे क्योंकि यह अनफेयर होगा।

## दो दोस्तों की कहानी वेब फिल्म 'वहम'




हाल में ही हंगामा ओटीटी पर रिलीज़ हुई वेब फिल्म वहम इन दिनों फिल्म दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है, जिसकी वजह फिल्म की कहानी है। जो आर्गान एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म की कहानी सस्पेंस और हॉरर पृष्ठभूमि की है। पूरी कहानी २ दोंस्तों के इर्द गिर्द ही घूमती है जिसमें एक को मौत का वहम घरे रहता है दूसरी को मजाक करने की आदत होती है कहानी का मकसद दिखता है कैसे मजाक और वहम दोनों दोस्तों को ऐसे राह पर लाकर खड़ा कर देता हैं जहाँ से अपने आप को बचा पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। वहम फिल्म की कहानी और विभा तिवारी , तेजस्वनी सिंह की अदाकारी फिल्म को थ्रिल से बाँध देती है फिल्म का निर्देशन स्वदेश के मिश्रा ने किया है जिहोंने पहले भी डरपोक, फाँस, मनमानी, हरकतें, हमराह, चतुर्नाथ, ढूढ़ थे मिस्टीरियस सर्च का निर्देशन कर चुके हैं। एक्सक्यूटिव प्रोडूसर कृष्णा गुप्ता , पोडक्शन हेड अजय सींग मॉल, अस्सिटेंट डायरेक्टर धीरज सींग राजपूत है।